राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रातः किरण

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran







11 जेम्स एंडरसन की 11 साल बाद धमाकेदार वापसी...

दुनिया पर कब्जे को ले चीन ने खेला बड़ा दांव.... 12



वर्ष : 13 | अंक : 53 | पटना, मंगलवार, 03 जून, 2025 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य : 03.00 | www.pratahkiran.com


## जेईई एडवांस्ड 2025 : रजित गुप्ता ने हासिल की ऑल इंडिया पहली रैंक

प्रातः किरण/एजेंसी

कोटा। जेईई एडवांस्ड 2025 के परिणामों में कोटा ने एक बार फिर अपनी बादशाहत कायम रखी है। कोटा के रजित गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 1 हासिल कर शहर का नाम रोशन किया। इसके साथ ही कोटा के चार छात्रों ने टॉप-10 में जगह बनाई। कोटा को इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं का गढ़ माना जाता रहा है। लगातार दूसरी बार कोटा ने इस परीक्षा में टॉप रैंक हासिल की है। जेईई एडवांस्ड के परिणामों में कोटा के सक्षम जिंदल ने दूसरी रैंक, अक्षत चौरसिया ने छठी रैंक और देवेश पंकज ने आठवीं रैंक हासिल की।

18 मई को आयोजित जेईई (एडवांस्ड) में पेपर एक और दो दोनों में कुल 1,80,422 अभ्यर्थी शामिल हुए थे। उन्होंने कहा, परीक्षा में 54,378 अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। कुल उत्तीर्ण अभ्यर्थियों में से 9404 छात्राएं हैं। कोटा निवासी रजित गुप्ता ने 360 में से 332 अंक प्राप्त कर कॉमन रैंक लिस्ट में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। आईआईटी खड़गपुर जोन की देवदत्ता माझी शीर्ष रैंक हासिल करने वाली महिला अभ्यर्थी हैं। उन्होंने 360 में से 312 अंक तथा सीआरएल में 16वां स्थान प्राप्त किया। जेईई-मेन देश भर के इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए ली जाने वाली परीक्षा है और यह जेईई-एडवांस्ड के लिए पात्रता परीक्षा है। कुल 116 विदेशी अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल हुए, जिनमें से 13 उत्तीर्ण हुए। शीर्ष 100 अभ्यर्थी में से 31-31 मुंबई और दिल्ली जोन से हैं जबकि 23 आईआईटी हैदराबाद जोन से हैं। कानपुर जोन से शीर्ष 100 में चार अभ्यर्थी, खड़गपुर से पांच और रुड़की से छह अभ्यर्थी हैं। रैंक लिस्ट में शामिल होने के नियम समझाते हुए अधिकारी ने कहा, रैंक सूची में शामिल होने के लिए अभ्यर्थियों को विषयवार और कुल योग्यता अंकों को पूरा करना होगा। जेईई एडवांस्ड देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं में से एक है, जिसमें लाखों छात्र हिस्सा लेते हैं। जेईई एडवांस्ड 2025 परीक्षा 18 मई 2025 को आयोजित हुई थी। क्वालीफाई करने वाले उम्मीदवार काउंसलिंग में 3 जून 2025 से हिस्सा ले सकते हैं।



### कठिन मेहनत व नियमित पढ़ाई से मिली सफलता : राजित

टॉपर राजित गुप्ता ने अपनी सफलता का श्रेय कठिन मेहनत, नियमित पढ़ाई और अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा, जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए मैंने दो साल तक दिन-रात मेहनत की। कोटा के कोचिंग सिस्टम और शिक्षकों की मदद से मैं यह मुकाम हासिल कर पाया। रजित का सपना आईआईटी बॉम्बे से कंप्यूटर साइंस में पढ़ाई करने का है। दूसरी रैंक हासिल करने वाले सक्षम जिंदल ने बताया कि नियमित अभ्यास और मॉक टेस्ट ने उनकी सफलता में अहम भूमिका निभाई।

प्रधानमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की बैठक को किया संबोधित

## विमानन क्षेत्र में वैल्यू चेन लीडर के रूप में उभरेगा भारत : मोदी

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के विमानन क्षेत्र में आये क्रांतिकारी बदलावों की सराहना करते हुए आज कहा कि देश में विमानन क्षेत्र नई ऊंचाइयों पर पहुंचने के लिए तैयार है और आने वाले दिनों में दुनिया, भारत को एक विमानन बाजार नहीं, बल्कि एक वैल्यू चेन लीडर के रूप में भी देखेगी इसलिए दुनिया की बड़ी विमानन कंपनियों के लिए भारत में निवेश के लिए आज एक बेहतरीन अवसर है। श्री मोदी ने यहां भारत मंडपम में अंतर्राष्ट्रीय वायु परिवहन संघ की 81वीं वार्षिक आम बैठक और विश्व वायु परिवहन शिखर सम्मेलन के पूर्ण सत्र को संबोधित किया। श्री मोदी ने विश्व स्तरीय हवाई बुनियादी ढांचे के विकास और कनेक्टिविटी को बढ़ाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि आज का भारत पहले से कहीं अधिक आश्वस्त है। उन्होंने वैश्विक विमानन पारिस्थितिकी तंत्र में भारत की भूमिका को न केवल एक विशाल बाजार के रूप में बल्कि नीतिगत नेतृत्व, नवाचार और समावेशी विकास के प्रतीक के रूप में भी रेखांकित किया। आज भारत अंतरिक्ष-विमानन क्षेत्र में एक वैश्विक लीडर के रूप में उभर रहा है। यह देखते हुए कि नागरिक उड्डयन क्षेत्र ने पिछले एक दशक में ऐतिहासिक प्रगति देखी है, जो अच्छी तरह से मान्यता प्राप्त हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह शिखर सम्मेलन और संवाद न केवल विमानन के लिए बल्कि वैश्विक



सहयोग, जलवायु प्रतिबद्धताओं और न्यायसंगत विकास को आगे बढ़ाने के लिए भी एक मंच के रूप में काम करते हैं। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शिखर सम्मेलन में चर्चा वैश्विक विमानन को नई दिशा प्रदान करेगी, इसकी अनंत संभावनाओं को उजागर करेगी और इसकी क्षमता को अनुकूलित करेगी। उन्होंने चंद घंटों में विशाल दूरी एवं अंतरमहाद्वीपीय यात्राओं को पार करने की मानवता की क्षमता पर रेखांकित की और इस बात पर जोर दिया कि 21वीं सदी की आकांक्षाएं पारंपरिक यात्रा से परे विकसित होती रहती हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ से प्रभावित लोगों की मदद करें : प्रियंका

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने असम, अरुणाचल प्रदेश और पूर्वोत्तर के अन्य राज्यों में भारी बारिश और बाढ़ के कारण हुई मौतों पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं से अपील की है कि वह प्रभावित लोगों की मदद के लिए आगे आएं। कांग्रेस सांसद ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, असम, अरुणाचल समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में भारी बारिश से हुई मौतों का समाचार अत्यंत दुखद है। लाखों लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। ईश्वर सभी की रक्षा करें। केंद्र और राज्य सरकारों से अपील है कि राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाई जाए ताकि लोगों को कम से कम तकलीफ उठानी पड़े। कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकताओं से भी आग्रह करती हूं कि प्रभावित लोगों की यथासंभव मदद करें। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, ह्लदेश के नॉर्थ-ईस्ट हिस्से में भारी बारिश और लैंडस्लाइड से हुई मौतें बेहद दुखद हैं। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति दें और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति दें। असम में मौजूद आम आदमी पार्टी के सभी कार्यकताओं से मेरी अपील है कि राहत और बचाव कार्यों में प्रशासन की पूरी मदद करें।

### आईएसआई ने भारतीय मोबाइल नंबरों से रची जासूसी की साजिश, दो भाई गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक बड़े जासूसी मामले का खुलासा किया है। इस मामले में राजस्थान के डीग जिले से दो भाइयों कासिम (34) और हसीन (42) को गिरफ्तार किया गया है। दोनों पर आरोप है कि उन्होंने भारतीय सिम कार्ड्स पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटर्स को उपलब्ध कराए, जिनका इस्तेमाल भारत में जासूसी और हनी ट्रैप के लिए किया जा रहा था। जांच में पता चला है कि कासिम और हसीन ने भारतीय मोबाइल नंबरों के वन-टाइम पासवर्ड पाकिस्तान में बैठे आईएसआई हैंडलर्स को भेजे। इन नंबरों का उपयोग व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को पाकिस्तान से ऑपरेट करने के लिए किया गया। इसका मकसद रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन और सैन्य खुफिया विभाग के अधिकारियों को हनी ट्रैप में फंसाकर संवेदनशील जानकारी हासिल करना था। दिल्ली पुलिस ने बताया कि ये सिम कार्ड दिल्ली के आनंद पर्वत क्षेत्र से हासिल किए गए थे, जो हसीन के नाम पर जारी थे और कासिम द्वारा पाकिस्तान भेजे गए थे। कासिम ने अगस्त 2024 और मार्च 2025 में पाकिस्तान की दो यात्राएं कीं, जहां वह करीब 90 दिनों तक रहा। इस दौरान उसने आईएसआई हैंडलर्स से जासूसी की ट्रेनिंग ली और संवेदनशील जानकारियां भी भेजी। हसीन पिछले चार-पांच सालों से आईएसआई के संपर्क में था और उसने अपने छोटे भाई कासिम को भी इस गतिविधि में शामिल किया।

मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के निर्माण कार्य का लिया जायजा

## मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से करें पूरा : नीतीश

### बोलें- लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, जाम से राहत मिलेगी

प्रातः किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मीठापुर फ्लाईओवर गोलंबर पर रुककर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड का निर्माण सिपारा पुल के ऊपर से होगा और यहां पर आकर मिलेगा। मीठापुर-महुली फोरलेन एलिवेटेड रोड में मीठापुर रेलवे क्रासिंग के पास दोनों तरफ सर्विस रोड होगा। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मीठापुर-महुली एलिवेटेड पथ के बचे हुए कार्य को तेजी से पूर्ण करें। इससे लोगों को आवागमन में सहूलियत होगी, बाईपास में लगनेवाले जाम से भी लोगों को राहत मिलेगी। पटना तथा पटना के बाहर जानेवाले लोगों को भी काफी सहूलियत होगी। मुख्यमंत्री ने महुली में बिहटा सरमेरा पथ तथा पटना-गया-डोभी पथ के क्रॉसिंग प्वाइंट अंडर पास के समीप रूककर निमाणाधीन सर्विस रोड का निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने बताया कि इस सर्विस पथ के निर्माण से बिहटा-सरमेरा पथ का पटना-गया-डोभी पथ से लिंक हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने पटना-गया पुराने पथ की स्थिति का भी जायजा लिया।



**ये रहें मौजूद :**

निरीक्षण के दौरान विधान पार्षद रविंद्र प्रसाद सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ चंद्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक, वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य का जायजा लिया। मुख्यमंत्री पुनपुन घाट पर भी गए और वहां किए गए सौंदर्योंर्गीकरण कार्य का भी जायजा लिया। वहां उपस्थित लोगों से मुख्यमंत्री ने उनका हालचाल जाना। इस दौरान लोगों ने मुख्यमंत्री को सस्पेंशन ब्रिज के निर्माण कार्य कराए जाने तथा पुनपुन घाट के सौंदर्गीकरण कार्य के कराए जाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि इस क्षेत्र का आपने कायाकल्प कर दिया है। क्षेत्र के विकास के लिए आपने कोई कसर नहीं छोड़ी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनपुन घाट तक अब लोग आसानी से पहुंच सकेंगे और उन्हें पिंडदान करने में सहूलियत होगी। उनकी सारी सुविधाओं का ख्याल रखा गया है।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में आपदा राहत मिशन शुरू : रिजिजू

प्रातः किरण/एजेंसी



नई दिल्ली। पूर्वोत्तर राज्यों में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है, जिसका सीधा असर आम लोगों पर पड़ा है। इस बीच, भारतीय सेना समेत एनडीआरएफ की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित लोगों तक मानवीय सहायता पहुंचा रही हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो शेयर कर भारतीय सेना और एनडीआरएफ की तरफ से चलाए जा रहे मिशन की जानकारी दी। उन्होंने एक्स पर वीडियो शेयर कर लिखा, भारतीय वायु सेना, केंद्रीय सशस्त्र बल, एनडीआरएफ और राज्य सरकार के बलों द्वारा पूर्वोत्तर भारत में एक महत्वपूर्ण मानवीय सहायता और आपदा राहत मिशन शुरू किया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने एक अन्य पोस्ट में एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एक व्यक्ति उफनती नदी के बीच हैंगिंग ब्रिज को पार कर रहा है। किरेन रिजिजू ने लोगों से सावधान रहने की अपील करते हुए कहा, अरुणाचल प्रदेश में दुनिया में सबसे ज्यादा मानसून की बारिश हुई है। मुझे यह वीडियो मिला है, जिसमें एक व्यक्ति भारत-चीन और म्यांमार सीमा के त्रिकोणीय जंक्शन के पास अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले में स्थित हैंगिंग ब्रिज पार कर रहा है। कृपया सावधान और सुरक्षित रहें। सरकार आवश्यक सहायता प्रदान करेगी। बता दें कि ऑपरेशन जलराहत-2 के दूसरे दिन रविवार को भी भारतीय सेना और असम राइफल्स ने मणिपुर में व्यापक बाढ़ बचाव अभियान जारी रखा। पिछले दो दिनों में बच्चों और बुजुर्गों सहित 1,300 से अधिक नागरिकों को बचाया गया। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल अमित शुक्ला ने कहा कि शनिवार को 800 लोगों को बचाया गया और रविवार को राजधानी इंफाल सहित सबसे अधिक प्रभावित इंफाल पूर्व और इम्फाल पश्चिम जिलों से 500 लोगों को सुरक्षित स्थानों और राहत शिविरों में ले जाया गया।

## हिमाचल में चार सडक हादसों में दस लोगों की मौत

### मंडी में ब्रेक फेल होने से गिरी पिकअप, पांच की गई जान

प्रातः किरण/एजेंसी

मंडी/शिमला। मंडी जिला में रविवार को पेश आए दर्दनाक सडक हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा सुबह करीब नौ बजे पेश आया। दरअसल, पंजाब के लुधियाना से एक महिंद्रा पिकअप गाड़ी टेंट का सामान लेकर आईआईटी कमांद आ रही थी। पिकअप चालक दलजीत जैसे ही क मांद पुल के पास पहुंचा, तो सडक पर ढलान के कारण वह ब्रेक लगाने लगा, लेकिन ब्रेक नहीं लगी, जिसका कारण गाड़ी अनियंत्रित हो गई। गाड़ी रोकने के लिए चालक ने उसे पुल पर ही मोड़ा, तो गाड़ी मंडी की ओर मुडकर पलट गई। पिकअप के पीछे सामान पर बैठे चार लोग गाड़ी से उछलकर उहल नदी के साथ बनी कच्ची सडक पर जा गिरे। इन चारों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं गाड़ी के अंदर कंडक्टर सीट पर बैठा युवक भी नीचे सडक पर जा गिरा। उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई थी। गाड़ी में सवार छह लोगों में से केवल चालक की ही जान बच पाई है। चालक ने बताया कि ब्रेक फेल हो गई थी, जिस कारण वह गाड़ी को नहीं रोक पाया। गाड़ी मंडी की दिशा से आईआईटी कमांद की ओर जा रही थी।

घटना का पता जैसे ही स्थानीय लोगों को चला, तो वे तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस को भी सूचित किया गया। घायल चालक दलजीत को टैक्सी चालक नरेंद्र ने तुरंत जोनल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

## विकास के मुद्दों से ध्यान भटकाना भाजपा की राजनीति की पहचान है: खरगे

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने असम और पूर्वोत्तर के कुछ अन्य राज्यों में बाढ़ और भूस्खलन को लेकर सोमवार को चिंता जताई और आरोप लगाया कि विकास के बुनियादी मुद्दों से भावनात्मक और ध्रुवीकरण वाले विषयों की ओर ध्यान भटकाना भारतीय जनता पार्टी की राजनीति की पहचान है। असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी हुई है और राज्य की 10 प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं तथा 15 से अधिक जिलों में लगभग चार लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, पूर्वोत्तर विनाशकारी बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश से जूझ रहा है। असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, सिक्किम और मेघालय सबसे अधिक प्रभावित राज्यों में से हैं, जहां कई लोगों की जान चली गई है और लाखों लोग प्रभावित हुए हैं। उन्होंने आह्वान किया कि कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं को लोगों की सहायता के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए।

खरगे ने दावा किया, 2016 में भाजपा ने बाढ़ मुक्त असम बनाने का वादा किया था। 2022 में गृह मंत्री अमित शाह ने यह वादा दोहराया। तथाकथित स्मार्ट सिटी गुवाहाटी के दृश्यों को देखकर याद आता है कि कैसे (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी जी और उनकी डबल इंजन सरकार ने असम को धोखा दिया है।

उन्होंने आरोप लगाया कि विकास के बुनियादी मुद्दों से भावनात्मक और ध्रुवीकरण वाले विषयों की ओर ध्यान भटकाना भाजपा की राजनीति की पहचान रही है। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार को बाढ़ की तैयारियों के लिए पूर्वोत्तर के सभी राज्यों, विशेषकर असम को अधिक धनराशि जारी करनी चाहिए। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया।

पीएम मोदी व पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस बीच द्विपक्षीय बैठक

## भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं : मोदी

प्रातः किरण/एजेंसी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली के हैदराबाद हाउस में पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान दोनों देशों ने आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। इस दौरान पीएम मोदी ने पैराग्वे के राष्ट्रपति सैंटियागो पेना पालासिओस से कहा कि दोनों देश आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आपकी यात्रा बहुत ही ऐतिहासिक है। दूसरी बार पैराग्वे के किसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा हो रही है। मुझे खुशी है कि आपके साथ ताकतवर प्रतिनिधिमंडल आया है। आप केवल दिल्ली ही नहीं बल्कि मुंबई भी जा रहे हैं, इससे आपसी संबंधों को प्रगाढ़ करने की आपकी प्रतिबद्धता बिल्कुल स्पष्ट है। मेरा विश्वास है कि आपसी सहयोग से हम साझी समृद्धि की ओर मार्ग प्रशस्त करेंगे। हमारे पास आर्थिक सहयोग सहित डिजिटल प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, ऊर्जा, कृषि, स्वास्थ्य, रक्षा, रेलवे और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए अवसर हैं। पीएम मोदी ने कहा, भारत और पैराग्वे आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। साइबर क्राइम, संगठित अपराध और मादक पदार्थों की तस्करी जैसी आम चुनौतियों से लड़ने के लिए सहयोग की अपार संभावनाएं हैं। भारत और पैराग्वे ग्लोबल साउथ के अभिन्न अंग हैं। हमारी आशाएं, आकांक्षाएं और चुनौतियां में समानता है, इसलिए हम एक-दूसरे के अनुभवों से सीखते हुए इन चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपट सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमें संतोष है कि कोविड महामारी के समय हम भारत में बनी वैक्सीन को पैराग्वे के लोगों के साथ साझा करने में सक्षम थे। ऐसी और भी क्षमताएं हम एक-दूसरे के साथ साझा कर सकते हैं। मुझे विश्वास है कि आपकी यात्रा से आपसी संबंधों के विश्वास, व्यापार और करीबी सहयोग के स्तंभों को नई मजबूती मिलेगी।



यह भारत-लैटिन अमेरिका संबंधों को भी नए आयाम प्रदान करेगी। पिछले साल, मैंने गुयाना में कैरिकॉम शिखर सम्मेलन में भाग लिया था, जहां हमने कई विषयों पर सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की थी। हम इन सभी क्षेत्रों में पैराग्वे और सभी लैटिन अमेरिकी देशों के साथ मिलकर काम कर सकते हैं।

## विस अध्यक्ष नंदकिशोर यादव से मिले म प्र के सीएम मोहन यादव



प्रातः किरण

पटना। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को बिहार विधान सभा के अध्यक्ष नन्द किशोर यादव से उनके सरकारी आवास पर शिष्टाचार भेंट की। विस अध्यक्ष ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को बिहार विधान सभा का मोमेंटो, पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान दोनों के बीच बिहार के विकास, बिहार विधान सभा के कार्यकलाप एवं अन्य शासकीय मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें मोहन यादव का स्वागत कर हार्दिक खुशी हो रही है। मध्य प्रदेश राज्य के विकास को आगे बढ़ाने हेतु इनकी प्रतिबद्धता अनुकरणीय है।

## संक्षिप्त खबरें

### 16 रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

दानापुर खगौल नगर के अंतर्गत रेल मंडल द्वारा सोमवार को 16 रेलकर्मियों को दानापुर मंडल कार्यालय के सभागार में समापक भुगतान एवं विदाई दिया गया। इसमें रेल सेवा से सेवानिवृत्त उपस्थित कर्मचारियों को मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर जयंत कुमार चौधरी द्वारा अंगवस्त्र एवं समापक भुगतान दस्तावेजों को देकर सम्मानित करते हुए भावभीनी विदाई दी गई कार्यक्रम की शुरूआत मंडल कार्मिक अधिकारी द्वारा किया गया, जिन्होंने आज के समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर ने अपने संबोधन में उपस्थित सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मचारियों के सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हुए कहा कि अपने समापक भुगतान की राशि को असुरक्षित जगहों पर निवेश ना करें। सेवानिवृत्त होने वाले रेल कर्मियों को एक्युप्रेशर, होमियोपैथ एवं आयुर्वेदिक डॉक्टरों द्वारा स्वस्थ तथा दीघार्यु जीवन जीने के तरीके को विस्तारपुर्वक बताया गया।इस मौके पर मंडल के अन्य अधिकारी,एस.सी.एस.टी.एसोसिएशन एवं एआईओबीसी आरईए एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा अन्य लोग उपस्थित रहें।

### खुशरूपुर नगर पंचायत को ले भरा परचा

पटना सिटी, अनुमंडल कार्यालय में नगर पंचायत खुशरूपुर के दस वार्ड के लिए पार्षद, मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद के चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान सोमवार को भी नामांकन का परचा दाखिल किया गया। एसडीओ सह निवार्ची पदाधिकारी सत्यम सहाय ने बताया कि मुख्य पार्षद के लिए केशवकांत प्रसाद, गुडडू कुमार, मिंटू कुमार और विजय प्रसाद ने नामांकन का परचा दाखिल किया। वहीं उप मुख्य पार्षद के लिए दीपक कुमार, प्रेमजीत कुमार और विकास कुमार ने परचा दाखिल किया है। इसी तरह से पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या दो से सुषमा कुमारी, वार्ड पांच से बबीता कुमारी, वार्ड छह से मालती देवी, रेखा देवी और वार्ड संख्या नौ से मंजू देवी ने नामांकन का परचा दाखिल किया है। एसडीओ ने बताया कि नामांकन पत्रों की संवीक्षा छह से नौ जून के बीच होगा। इसके बाद दस से 12 जून तक अभ्यर्थी नामांकन वापस ले सकेंगे। 13 जून को अभ्यर्थियों की सूची का प्रकाशन करते हुए चुनाव चिन्ह भी आवंटित कर दिया जाएगा। 28 जून को मतदान और 30 जून को मतगणना का कार्य होगा।

### प्रतिमाओं के प्राण प्रतिष्ठा को ले निकाला गया कलश शोभायात्रा

पटना सिटी (प्राकि)। भगवान शंकर, हनुमान जी और भवगती की प्रतिमा और पिंड की प्राण प्रतिष्ठा के अनुष्ठान को लेकर कलश शोभायात्रा निकाला गया। चौकशिकारपुर के दुंदी बाजार स्थित श्री महावीर दल व्यायमशाला से कलश शोभायात्रा निकाल गया। आयोजन स्थल से निकले कलश शोभायात्रा चौक मोड़, झाऊगंज होते हुए कंगन घाट पहुंचा। यहां पर वैदिक पूजन के साथ 501 महिलाओं ने जलभरावन का अनुष्ठान किया। इसके बाद वह सब वापस मंदिर वापस लौटीं। यहां पर वैदिक पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान हुआ। आयोजकों ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में चार जून को प्रतिमा का नगर भ्रमण होगा। पांच को प्राण प्रतिष्ठा व हवन अनुष्ठान, छह जून को अखंड हरिकीर्तन, प्रसाद का भंडारा और सात जून को भगवती जागरण होगा।

### आबकारी आवास में आग लगाने के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

मसौढ़ी !अज्ञात लोगों के द्वारा रविवार को मध्य निषेध कार्यालय व बैरक आवास में गाली गलौज तोड़ फोड़ कर आग के हवाले करने को लेकर इस मामले में आवकारी विभाग के द्वारा ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मसौढ़ी थान क्षेत्र के पटना गया एनएच 83स्थित कोर्ट हॉल्ट के समीप रविवार को एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद घटना के बाद लोगों ने शव को अनुमंडल चौराहे पर रखकर आबकारी विभाग कार्यालय व बैरक आवास सरकारी आवास पर पहुंचकर पथराव शुरू कर दिया।इस दौरान वहां खड़ी आबकारी पुलिस की स्कार्पियो गाड़ी में आग लगा दी गई।पथराव के बीच आबकारी पुलिसकर्मी आवास की खिड़की से कूदकर भाग निकले।घटना के संबंध में आबकारी विभाग थानाध्यक्ष टुनटुन पासवान ने द्वारा अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है।

### पुलिस के पिटाई से पति की मौत

मसौढ़ी !थाना क्षेत्र के निशियावा गांव निवासी उपेंद्र बिंद की मौत को लेकर उपेंद्र बिंद की पत्नी मालती देवी ने पुलिस को लिखित आवेदन दिया।जिसमें उन्होंने बताया कि मेरे पति की मौत आबकारी पुलिस की पिटाई से हुई है।उन्होंने बताया कि रविवार की सुबह मेरे पति घर से भिंडी तोड़ने के लिए मजदुर खोजने के लिए दहीभता गांव गए थे, उसी समय दहीभता सामुदायिक भवन के पास आबकारी पुलिस ने मेरे पति को शराब पीने के बहना बनाकर मेरे पति के साथ मारपीट करने लगा।

# राज्य के 32 जिलों में शुरू हुआ घर-घर कालाजार रोगी खोज अभियान

- आशा प्रतिदिन 50 घरों में करेंगी कालाजार रोगियों की खोज

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राज्य के 32 जिलों अररिया, बांका, बेगूसराय, भागलपुर, भोजपुर, बक्सर, दरभंगा, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, जहानाबाद, कटिहार, खगड़िया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, मधुबनी, मुंगेर, मुजफ्फरपुर, नालंदा, नवादा, पटना, पूर्णिया, सहरसा, समस्तीपुर, शिवहर, शेखपुरा, सारण, सीतामढ़ी, सुपौल, सिवान, वैशाली एवं पश्चिमी चंपारण में 1 जून से घर-घर कालाजार रोगी खोज अभियान की शुरूआत की गयी है। रहमपुर, सारण के पेशेंट सपोर्ट ग्रुप के सदस्य रवि कुमार ने बताया कि वह शुरू से कालाजार रोग के बारे में समुदाय में लोगों को बताते रहे हैं और अभी भी वह सभी लोगों को घर-घर जाकर कालाजार रोगी खोज अभियान के बारे में बता रहे हैं। वह स्वयं कालाजार के रोगी रह चुके वह स्वयं इसमें आशा कार्यकताओं की मदद कर रहे हैं।

**500 मीटर की परिधि में की जा रही खोज**

अपर निदेशक सह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ. एन. के. सिन्हा ने बताया कि राज्य से कालाजार का उन्मूलन हो चुका है और उन्मूलन को आगे भी उसी स्तर पर बनाए रखने के लिए छुपे हुए रोगियों की घर-घर खोज की जा रही है. इस अभियान के तहत वर्ष 2022 से अप्रैल 2025 के बीच प्रतिवेदित कालाजार मरीजों के घर के 5 सौ मीटर की परिधि में अवस्थित घरों में रोगियों की खोज आशा कार्यकताओं द्वारा की जा रही है। यह खोज अभियान राज्य के छह जिलों (रोहतास, कैमूर, गया, औरंगाबाद, अरवल व जमुई) को छोड़कर शेष 32 जिलों में चलाया जा रहा है। एक आशा के द्वारा प्रतिदिन इनके अंतर्गत पड़ने वाले 1 हजार जनसंख्या अथवा 250 घर में रोगी की खोज करेंगी. आशा प्रतिदिन 50 घरों में ही संभावित छुपे रोगियों की खोज करेंगी। किया जा रहा प्रचार प्रसार कालाजार प्रभावित प्रखंडों में जागरूकता एवं अभियान के बारे में बताने के लिए बैनर लगाया गया है। हर प्रखंड में 10 बैनर लगाये गए हैं। सहायता राशि का है प्रावधान कालाजार रोगियों को सरकार द्वारा 7100 रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाती है. कालाजार से पीड़ित व्यक्ति को 66 सौ रुपए राज्य सरकार की ओर से और 5 सौ रुपए केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है. यह राशि कालाजार के रोगियों को प्रदान की जाती है. वहीं चमड़ी से जुड़े कालाजार (पीकेडीएल) में 4 हजार रुपए की राशि केंद्र सरकार की ओर से दी जाती है।

## महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने किया आरा स्टेशन का निरीक्षण



- डीआरएम कार्यालय में नवीनीकृत सम्मेलन कक्ष एवं मंडल रेल हॉस्पिटल दानापुर में अल्ट्रासाउंड एवं एक्स रे मशीन का किया उद्घाटन

प्रात :किरण संवाददाता

पटना/हाजीपुर । पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक श्री छत्रसाल सिंह के द्वारा आरा स्टेशन का निरीक्षण किया गया तथा आरा कोचिंग डिपो में एआई तकनीक पर आधारित स्मार्ट कोच का अवलोकन किया गया। भारतीय रेल हमेशा आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए नए जमाने के साथ कदम से कदम मिलाकर चलती है। इसी कड़ी में एआई तकनीक पर आधारित सेंसर के माध्यम से एक स्मार्ट कोच का निर्माण किया गया है जिसमें ऐसे सेंसर लगे हुए हैं जो कोच में कई तरह की सुरक्षा पहलुओं को वेरीफाई करता है तथा कमी का पता लगाकर उसे अविलंब ठीक करने हेतु लाईव सूचना देता है।इन सेंसर के द्वारा कोच में पानी की कमी का पता लगाया जा सकता है। ट्रेनों में कोच के हॉट एक्सेल की पहचान करके इसका तुरंत निवारण किया जा सकता है। ट्रेन के कोच में बाथरूम के बुरे स्मेल को देखते हुए उसका निदान किया जा सकता है। एसीपी यानी अलार्म चेन पुलिंग के केस में भी सेंसर के द्वारा यह बता दिया जाएगा कि किस कोच में एसीपी की गई है जिससे जांच की व्यवस्था में लगने वाले समय में कमी आएगी। इसी के साथ महाप्रबंधक ने दानापुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में नवीनीकृत सम्मेलन कक्ष का एवं मंडल रेल अस्पताल में नए अल्ट्रासाउंड मशीन एवं एक्सरे मशीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री जयंत कुमार चौधरी सहित मुख्यालय एवं दानापुर मंडल के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे ।

## लखबिंदर ने राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष का प्रभार लिया

### गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत में मत्था टेक गुरु का लिया आशीष



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

बिहार राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष पद पर लखबिंदर सिंह के नाम की अधिसूचना बिहार सरकार ने जारी की थी। सरदार लखबिंदर प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब के वरीय उपाध्यक्ष भी हैं। उन्होंने सोमवार को आयोग के कार्यालय में जाकर प्रभार ग्रहण किया। इस दौरान आयोग के सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी फारूकी जमा एवं अक्षय कुमार ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया और पद पर आसीन होने के लिए उन्हें बधाई दी। मौके पर तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह, एसजीपीसी बिहार के अध्यक्ष सूरज सिंह नलवा, कानूनी सलाहकार परमजीत सिंह बग्गा, अंकुश बग्गा, किशनगंज से अजीत सिंह, जसपाल सिंह, सुरेंद्र सिंह, मधुबनी से मनमीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सिवान से हरप्रीत सिंह, कटिहार के लक्ष्मीपुर से सुरिंदर सिंह आदि इस दौरान मौजूद थे। इसके बाद राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष लखबिंदर सिंह पटना साहिब स्थित गुरुद्वारा बाललीला मैनी संगत शाम में पहुंचे। यहां दरबार साहिब में उन्होंने मत्था टेका। इस दौरान स्थानीय प्रमुख बाबा गुरविंदर सिंह ने उन्हें आशीष स्वरूप सिरोपा और श्री साहिब प्रदान किया। मौके पर बाबा मिंटा सिंह, बाबा चमकौर सिंह, कथावाचक सतनाम सिंह, मैनेजर राजन सिंह, दीपक लांबा, कुलदीप सिंह, हरजीत सिंह, दलबीर सिंह आदि मौजूद थे। इस दौरान वहां सरदार लखबिंदर सिंह ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल एवं बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने जो उन्हें दायित्व सौंपा है, उस पर वह पूरी तरह से खरे उतरने की कोशिश करेंगे। राज्य में अल्पसंख्यकों को मिलने वाले योजनाओं का लाभ जो केंद्र और राज्य सरकार के द्वारा प्रदत है, उसकी ईमानदारी से योग्य लोगों को लाभ दिलवाने का भरसक प्रयास करेंगे। साथ ही सिखों को जाति प्रमाण पत्र के साथ ही विभिन्न शिक्षण संस्थानों में नामांकन में सुविधा और विभिन्न उद्यम के लिए मिलने वाले वित्तीय लाभ को भी वरीयता के आधार पर दिलाया जाएगा।

## बच्चियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म व अपराध के खिलाफ सरकार को घेरा



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना साहिब विधानसभा क्षेत्र के महागठबंधन के नेताओं ने पश्चिम दरवाजा मोड़ अशोक राजपथ पर पुतला दहन कर विरोध जताया। मुजफ्फरपुर में दलित छात्रा एवं आरा में छोटी बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटना को लेकर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का इस्तीफा मांगा। पुतला दहन के बाद सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेसी नेता राजकुमार राजन, राजद के पूर्व प्रदेश महासचिव सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, मोहम्मद जावेद एवं सीपीआई नेता देवरत्न प्रसाद ने कहा कि मुजफ्फरपुर की दलित छात्रा की मौत पीएमसीएच प्रशासन की लापरवाही से हुई है। राजधानी में स्वास्थ्य व्यवस्था का यह हाल है, तो बिहार के अन्य जिला एवं ग्रामीण क्षेत्र में क्या हाल होगा? एक तरफ अपराधी हत्या एवं लूट की घटना को अंजाम दे रहे हैं, वहीं बिहार में छोटी बच्चियों के साथ सामूहिक बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं। सुशासन की सरकार बताने वाली बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का नारा कहीं नहीं दिख रहा है। ऐसे में लोगों का सुशासन की सरकार से विश्वास उठ गया है।

राजद के प्रदेश महासचिव प्रदीप मेहता, शंभू शरण प्रसाद, उमेश पंडित, मो इकबाल अहमद, कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता शरीफ अहमद रंगरेज, केसरी कुमार, एजाजुद्दीन उर्फ सानू, पंकज रजक, गोपाल मेहता, शाहीन अनवर, कुंवर बल्लभ, विवेक शाह, मो फिरोज आदि महागठबंधन के साथी शामिल थे। नेताओं ने इस घटना की निंदा करते हुए बलात्कारियों को फांसी की सजा पीएमसीएच प्रशासन की लापरवाही से हुई मौत की जांच कर कार्रवाई एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा की मांग की है।

## माले चौक लोकल कमेटी के सम्मेलन में मुजफ्फर आलम सचिव बने

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता




भाकपा माले का चौक लोकल कमेटी का सम्मेलन गांधी सरोवर स्थित बिहार हितैषी पुस्तकालय में हुआ। इसमें चौक क्षेत्र के शहरी गरीबों को पक्का आवास, फुटकर दुकानदारों को स्थाई दुकान, महादेव स्थान के पास किसान हाट बनाने पर जोर दिया गय। साथ ही पटना सिटी का हृदय स्थल कहा जाने वाला गांधी सरोवर में सुंदर पार्क तथा मंगल तालाब के जर्जर रोड को बनाने पर जोर दिया दिया गया। साथ ही आंदोलन की घोषणा की गई। सम्मेलन में 17 सदस्यों की चौक लोकल कमेटी का गठन किया गया। पर्यवेक्षक भाकपा माले पटना महानगर के सचिव अभ्युदय, एरिया कमेटी के सचिव अनय मेहता ने नई कमेटी को मान्यता दी। चौक लोकल कमेटी के द्वारा सचिव मुजफ्फर आलम चुने गए। इनके साथ शंभूनाथ मेहता, बजरंगी प्रसाद, रामबाबू, श्रवण सिन्हा, गोपाल प्रसाद वर्मा, मनोहर लाल, श्रवण मेहता, जगन्नाथ महतो, मो हसनैन, मो जमील अहमद, मिथिलेश कुमार सिंह, ललन यादव, रामनारायण सिंह, उमा यादव, मनोज तिवारी, रेखा देवी शामिल हुईं।

## भाजपा पटना ग्रामीण की नई जिला कमिटी गठित, सूची जारी

### तेज नारायण शर्मा समेत कमेटी में सात उपाध्यक्ष व दो महामंत्री बनाये गये

प्रात :किरण संवाददाता



पटना । भाजपा कार्यकताओं की सोमवार को पटना ग्रामीण जिला अध्यक्ष कार्यालय में बैठक हुई इस दौरान नई जिला कमेटी की घोषणा की गई। इसमें महिलाओं को भी अहम जिम्मेदारी दी गई है। यह माना जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पार्टी ने कमेटी बनाई है।पार्टी को मजबूती देने के लिए जिला कमेटी में सात उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। जिसमें विनोद शर्मा, प्रीति कुमारी, संजय यादव, तेज नारायण शर्मा, माधुरी सिन्हा, कुमुद रंजन एवं अनिल पासवान शामिल है वहीं दो जिला महामंत्री बनाये गये है जिसमें ब्रजेश सिंह एवं पवन तिवारी शामिल है। अनिल चंद्रवंशी, ममता कुशवाहा, नूपुर कुमारी, जितेन्द्र कुमार,शशि शर्मा, बेबी मनी एवं राकेश कुमार को जिला मंत्री की जिम्मेवारी दी गई है। वहीं लोकेश कुमार सिंह को जिला कोषाध्यक्ष, इन्द्रजीत रविदास को जिला सह कोषाध्यक्ष तथा राज किशोर शर्मा को कार्यालय मंत्री बनाया गया है। प्रवक्ता के रूप में विरेन्द्र शर्मा, रणजीत यादव, शशांक धर शर्मा, दिलकेश कुमार, देवेन्द्र चन्द्रवंशी, अखिलेश कुमार व गुडु को बनाया गया है। सरोज सिंह को मिडिया प्रभारी, समीर शंकर व अखिलेश कुमार सह मिडिया प्रभारी बनाया गया है। उक्त बाबत पटना ग्रामीण जिलाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि जिला कमेटी की घोषणा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल एवं प्रदेश संगठन महामंत्री भीखुभाई दलसानिया की सहमति से की गई। जिला कमेटी में महिलाओं को भी विशेष रूप से स्थान दिया गया है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी का स्पष्ट मत है कि समर्थ भारत के निर्माण में महिलाओं की अहम भूमिका है। कमिटी के सभी अधिकारियों को बिक्रम विधायक सिद्धार्थ सौरम, पूर्व प्रत्याशी अतुल कुमार, पूर्व विधायक डॉ० उषा विद्यार्थी, पूर्व विधायक रामजन्म शर्मा, आशा सिन्हा, विधान पार्षद अनामिका सिह पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष आशुतोष कुमार, पूर्व प्रत्याशी निखिल आनंद, पूर्व जिलाध्यक्ष धमेन्द्र कुमार, अशोक वर्मा, रविन्द्र रंजन, शिवेन्द्र धारी सिह, किरण कुमारी, रवि कुमार, निरज तिवारी, श्रीराम शर्मा, बेला यादव, मनोज कुशवाहा, राज कुमार शर्मा, मनोज शर्मा, ओम प्रकाश सिंह, रत्नेश्वर मिश्र, मनोज कुमार, पूर्व मुखिया जितेन्द्र सिंह, निरज कुमार, अविनाश कुमार उपाध्याय, अभिशेख रंजन मोन्टी, सतीश कुमार, शंकर शर्मा, सर्वजीत सिह, नागेन्द्र कुशवाहा व योगेश तिवारी समेत अन्यों ने बधाई दी है साथ ही पार्टी कमान के प्रति आभार जताया है।

## अधिवक्ता भवन में दो अभियुक्त को छुपा रखने के मामले में वकील से कारणपृच्छा

### बार एसोसिएशन के कार्यसमिति की बैठक में लिया गया निर्णय

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



आलमगंज थाना क्षेत्र के गायघाट स्थित पटना सिटी व्यवहार न्यायालय के उत्तर-पश्चिम कोने पर अधिवक्ता संघ का नया भवन बना है। इसके पहली मंजिल पर एडवोकेट शशि शंकर सिंह का चैंबर है। इसी चैंबर में उन्होंने दो अभियुक्त को छिपा कर रखा था। इसके चलते पुलिस प्रशासन की टीम 30 मई की शाम से 31 मई को पूर्वाह्न तक खासा परेशान रहे। यहां तक की बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, महासचिव एवं अन्य पदाधिकारी को भी रात में पहुंचना पड़ा। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए पटना सिटी अधिवक्ता संघ के कार्यसमिति की बैठक सोमवार को अपराह्न में अधिवक्ता संघ के पुराने हाल में हुई। इसकी अध्यक्षता अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा एवं संचालन महासचिव अशोक कुमार ने किया। बैठक के दौरान इस बात पर खासा चर्चा हुई कि अधिवक्ता यदि किसी अभियुक्त को पुलिस की गिरफ्त से बचने के लिए अपने चैंबर में बंद कर रखते हैं और इसकी जानकारी अधिवक्ता संघ के पदाधिकारी से लेकर अन्य जिम्मेवार लोगों को नहीं दी जाती है, ऐसे में यह अपराध है। अधिवक्तागण वकालत करते हुए एक जिम्मेवार व्यक्ति होते हैं, जिस पर कानून का पालन कराने का एक बड़ा दायित्व है और मुवक्किलों को न्याय दिलाना भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। ऐसे में अधिवक्ता शिव शंकर सिंह ने संघ के पदाधिकारी से लेकर अन्य संबंधित पदाधिकारी को बिना जानकारी दिए हुए अभियुक्त को अपने चैंबर में बंद कर दिए। यहां तक कि उक्त अधिवक्ता भवन के एक गेट की चाबी भी उन्होंने किसी तरह से आदेशपाल से ले लिया था। 30 मई की रात एएसपी अतुलेश झा, तीन थाना के थानाध्यक्ष, पुलिस बल पूरी रात खासा परेशान रही। मीडिया के लोग भी परेशान रहे। अंततः 31 मई को उक्त अधिवक्ता के द्वारा जाकर ताला खोलकर निकल जाने पर मामला शांत हुआ। हालांकि इसके पूर्व अधिवक्ताओं की पुलिस के साथ नोकझोंक भी हुई। कार्यसमिति ने इसे गंभीरता से लिया और निर्णय लिया गया कि अधिवक्ता शशि शंकर सिंह से कारणपृच्छा किया जाए। वह जो जवाब देते हैं, उसे स्वीकार किया जाए। इसके बाद अधिवक्ताओं की आमसभा बुलाई जाए। उस आमसभा में भी शशि शंकर सिंह मौजूद हों और वहां भी वह अपनी बात को रखें। इसके बाद आमसभा में सवार्नुमति से जो निर्णय लिया जाएगा, वह संघ को मान्य होगा। सोमवार को हुई संघ के कार्यसमिति की बैठक में लिए गए निर्णय की सूचना बिहार राज्य बार काउंसिल को भी भेजी जा रही है। बैठक में संरक्षक नवीन कुमार सिन्हा, धनुषधारी सिंह, प्रवीण कुमार, सरोज कुमारी, प्रेमलता कुमारी, सौरभ कुमार, संजीवानंद, देवानंद तिवारी, अजय साह, अमित कुमार, राजीव रंजन, अजय कुमार, राजकिशोर पंडित आदि ने भाग लिया।

## जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : प्रमंडलीय आयुक्त

### प्रशासन में पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं संवेदनशीलता सुदृढ़ की जाएगी: आयुक्त

- विधि-व्यवस्था संधारण से कोई समझौता नहीं; विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का तत्परता से क्रियान्वयन किया जाएगा: आयुक्त




प्रात :किरण संवाददाता

पटना । आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा है कि जनहित के मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। पटना प्रमंडल अंतर्गत सभी जिलों-पटना, नालन्दा, भोजपुर, बक्सर, रोहतास एवं कैमूर-के कार्यों का विधिवत अनुश्रवण किया जाएगा। सरकार के विकासात्मक एवं लोक-कल्याणकारी योजनाओं का तत्परतापूर्वक सफल क्रियान्वयन कराया जाएगा। वे आज प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में निवर्तमान आयुक्त श्री मयंक वरवड़े से प्रभार ग्रहण करने के बाद अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रमंडल के सभी जिलों के जिला पदाधिकारियों एवं वरीय पुलिस अधीक्षक/ पुलिस अधीक्षकों के साथ साप्ताहिक तौर पर समन्वय बैठक आयोजित की जाएगी तथा जिलों में सरकार द्वारा संचालित जनहित की विभिन्न योजनाओं में प्रगति, विधि-व्यवस्था संधारण एवं विकास कार्यक्रमों के क्रियान्वयन की समीक्षा की जाएगी। प्रभार ग्रहण करने के बाद आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह द्वारा प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय में पदस्थापित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से परिचय प्राप्त किया गया। निवर्तमान आयुक्त श्री मयंक वरवड़े ने आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने टीम भावना से बेहतर कार्य किया है। प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने निवर्तमान आयुक्त श्री मयंक वरवड़े के प्रेरणाप्रद नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि प्रमंडल के सभी जिला में कार्य-संस्कृति उत्कृष्ट है। आयुक्त कार्यालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मी टीम भावना से काफी अच्छा कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के निदेशों के अनुरूप हर एक दायित्व का तत्परता से निर्वहन किया जाएगा। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लक्षित वर्ग तक पहुँचे इसके लिए सभी पदाधिकारियों को तत्पर तथा प्रतिबद्ध रहने का निदेश दिया गया है। सात निश्चय, विधि व्यवस्था, लोक शिकायत निवारण, आपदा प्रबंधन सहित जनहित के सभी विषयों पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया है। आयुक्त डॉ. चन्द्रशेखर सिंह ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। प्रशासन में पारदर्शिता एवं उतरदायित्व सुदृढ़ की जाएगी। सभी पदाधिकारी आपस में सुदृढ़ समन्वय तथा सार्थक संवाद स्थापित कर जनता के कार्यों का संवेदनशीलता के साथ निष्पादन करेंगे।

## अंतर्राज्यीय साईबर गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने गुप्त सूचना पर सक्रिय अंतर्राज्यीय साईबर गिरोह के आठ सदस्यो को गिरफ्तार किया। इनके पास से पुलिस ने 43,200 रुपए समेत 10 स्मार्ट फोन, बाइक, बलेनो कार विभिन्न बैंक के 25 एटीएम कार्ड, एचटीएफसी बैंक का एक आईडी कार्ड, पेटीएम कम्पनी का 2 स्कैनर मशीन, बैंकों के 6 पासबुक, पैन कार्ड, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, आदि बरामद किया। पुलिस ने सभी को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली की साइबर गिरोह को एक सदस्य को दीघा से दानापुर की ओर आ रहा है। जिसपर वरीय पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार एक एसआईटी टीम का गठन किया गया। टीम ने थाना क्षेत्र के नासरीगंज पुलिस चौकी के पास से गिरोह के मुख्य सदस्य अरवल के मोकरो निवासी निरंजन को गिरफ्तार किया। पुछताछ में साईबर गैंग के बारे में बात सामने आया। इनके गिरोह के सदस्य एटीएम कार्ड का प्रयोग लोन के नाम पर दूसरे प्रदेशो के लोगो को फोन कर झांसा देकर अपना शिकार बनाते है। बताया जाता है कि इस गिरोह के लोग अरवल व नवादा के स्थानीय गरीब लोगो का बैंको में खाता खुलवाते है। उनका एटीएम एवं उनके नाम से सिम ले लेते है। उस नंबर से दूसरे प्रदेशो के लोगो को लोन के नाम पर फोन कर उनसे पैसा ठगी कर उन खातो में मंगवाते है। उसके बदले में खाता घारक को कुछ रुपए महिना देते है। गिरफ्तार निरंजन के निशानदेही पर पुलिस ने अन्य सात लोगो को गिरफ्तार किया। इनके पास से अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार लोगो में निरंजन कुमार मोकरी अरवल, दीपक कुमार काजीचक रासिमपुर अरवल आर्यन राज अरवल प्रिंस अरवल विक्की कुमार अरवल मोकरी गुलशन कामर हथियौरी नवादा सत्येन्द्र प्रसाद मिरविधा नवादा व आयुष कुमार उर्फ सोनु कुमार रसनपुर नवादा शामिल है।

# एचआईवी संक्रमित लोगों में जागरूकता बढ़ाने पर सरकार का विशेष जोर : मंगल

## एचआईवी से प्रभावित क्षेत्रों में लगेंगे विशेष कैंप, मिलेगी विशेष सुविधा

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि राज्य में एचआईवी और यौन संचारित रोगों (एसटीडी) की ससमय पहचान और बेहतर उपचार प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रतिबद्ध है। इसके लिए समय-समय पर एचआईवी और यौन संचारित रोगों पर विभिन्न प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जाते रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय एड्स एवं यौन संचारित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य अपने पहले लक्ष्य के विरुद्ध 95 फीसदी एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों को अपनी एचआईवी की स्थिति की जानकारी प्रदान करने के लिए इंटीग्रेटेड हेल्थ कैंप का आयोजन करेगी। यह हेल्थ कैंप उच्च एचआईवी प्रसार वाले क्षेत्रों, पंचायत, गांव और हॉटस्पॉट और खतरे वाली आबादी के बीच आयोजित होगी। हेल्थ कैंप के आयोजन के दौरान एचआईवी के साथ जी रहे लोगों के परिवारजनों, साथी उच्च जोखिम समूहों, यौन संक्रमित रोगी, यक्ष्मा, कालाजार मरीज, गर्भवती महिला सहित अन्य जोखिम समूहों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएगी। श्री पांडेय ने कहा कि इस शिविर के माध्यम से उच्च जोखिम वाले समूहों के बीच एचआईवी और सिफलिस के परामर्श एवं जांच, एचआईवी संक्रमितों को एआरटी सेंटर से जोड़ना, टीबी रोगियों, हेपाटाइटिस बी एवं सी, रक्तचाप, कालाजार एवं मधुमेह रोगियों की स्क्रीनिंग एवं उपचार से जोड़ना, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं और अन्य स्वास्थ्य एवं कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने सहित विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान की जाएगी। इसके लिए मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, जिला अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, रेफरल अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपलब्ध एसटीआई, एचआईवी एवं अन्य आवश्यक आंकड़े भी एकत्रित किए जा रहे हैं। श्री पांडेय ने कहा कि शिविर के सुचारु संचालन एवं सफलता के लिए स्वास्थ्य/एनएचएम, शिक्षा, पंचायती राज, युवा कार्य एवं खेल, आईसीडीएस, ग्रामीण विकास विभाग सहित जीविका से भी सहयोग लिया जाएगा। व्यक्तिगत परामर्श एवं जांच का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए चिकित्सकों, प्रयोगशाला प्रावैधिकी, स्टाफ नर्स एवं अन्य कर्मियों एवं हितधारकों का सहयोग लिया जाएगा।

शिविर का आयोजन सिविल सर्जन, जिला एड्स नियंत्रण पदाधिकारी की अध्यक्षता में की जाएगी। समेकित स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए जरुरी मानव बल का आकलन एवं व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। चिन्हित क्षेत्रों, गाँव, पंचायत, हॉट स्पॉट या ऐसे क्षेत्र जहाँ एचआईवी संक्रमितों की पहचान संभावित हो, उन क्षेत्रों में लक्षित समुदाय के बीच व्यापक प्रचार -प्रसार पर बल दिया जाएगा।

साथ ही स्वास्थ्य शिविर के नियमित पर्यवेक्षण करने के लिए पर्यवेक्षण टीम बनाए जाएंगे एवं लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा।

# भारत को 2047 तक विकसित बनाने का पीएम मोदी का लक्ष्य : नित्यानंद

## मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर बोलें केंद्रीय मंत्री

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। नरेंद्र मोदी की सरकार ने केंद्र में लगातार 11 साल पूरे कर लिए। इस विषय पर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के नेता नित्यानन्द राय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री कार्यकाल के 11 साल पूरे हुए हैं, यह वर्ष भारत के लिए गौरव का वर्ष रहा है। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यह 11 वर्ष युवाओं के लिए अवसर के साल रहे, तो महिलाओं के लिए सम्मान और देश के सशक्तिकरण, चहुंमुखी विकास, देश से गरीबी मिटाने का वर्ष रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी यह निरंतर चलता रहेगा। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानन्द राय ने कहा, 2047 तक भारत को विकसित बनाने का लक्ष्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का है। पीएम मोदी का जो संकल्प होता है, उसे पूरा करने के लिए वे दिन-रात भगीरथ प्रयास करते हैं और उसमें सफलता साथ होती है। उनकी सफलता मतलब भारत की सफलता। हम देशवासियों के लिए यह गौरव का विषय है कि हमें प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी मिले हैं, जिनकी दूरदर्शिता लगातार भारत को आगे बढ़ा रही है। 11 साल में भारत ने हर क्षेत्र में दुनिया में ऊंचा स्थान स्थापित किया है। मुजफ्फरपुर में एक बच्ची से कथित तौर पर दुष्कर्म और उसके बाद हत्या के मामले में उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार बिहार में विकास का भी काम कर रही है और विधि व्यवस्था पर भी नजर रखी है। उन्होंने माना कि कहीं कोई घटना और दुर्घटना होती है, तो सरकार उसे संज्ञान में लेती है और उस पर कार्रवाई भी करती है। इसमें कहीं भी बिहार सरकार कोताही नहीं छोड़ती है और संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्रवाई करती है। उन्होंने कहा कि पहले लालू यादव और राबड़ी देवी की सरकार में अपराधियों को संरक्षण मिलता था, लापरवाही करने वालों को सजा नहीं मिलती थी, पुरस्कार मिलता था, लेकिन आज एनडीए सरकार में अपराधियों की गिरफ्तारी होती है और सजा होती है।

# पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो चुका है विपक्ष : उमेश

## कहा- खोखले आरोपों के सहारे टिकी है तेजस्वी की राजनीति

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की पूरी राजनीति झूठ, भ्रम और खोखले आरोपों के सहारे चल रही है। जबकि पिछले वर्ष सम्पन्न लोकसभा चुनाव और चार विधानसभा सीटों के उपचुनाव में जनता ने स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अब बरगलाने की राजनीति को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कानून-व्यवस्था को लेकर विपक्ष द्वारा फैलाया जा रहा झूठ अब बेअसर साबित हो रहा है। जिनके दामन पर वर्षों के कुशासन के दाग हों, उनके छलपूर्ण दावों पर जनता अब भरोसा नहीं करने वाली। उन्होंने कहा कि विपक्ष पूरी तरह से मुद्दाविहीन हो चुका है। यही कारण है कि वह कुछेक घटनाओं को तोड़-मरोड़ कर राजनीतिक मुद्दा बनाने की असफल कोशिश कर रहा है, ताकि सियासी लाभ उठाया जा सके। लेकिन बिहार की जनता अब पूरी तरह जागरूक और सतर्क हो चुकी है। श्री कुशवाहा ने कहा कि वर्ष 2005 से पहले अपराधियों को सत्ता का संरक्षण प्राप्त था। उनके खिलाफ मुकदमे तक दर्ज नहीं होते थे। लेकिन आज बिहार में कानून का राज है, अपराधियों के खिलाफ न केवल सख्त कार्रवाई होती है, बल्कि समयबद्ध सजा भी सुनिश्चित की जाती है और पीड़ितों को न्याय मिलता है। यही अंतर है नीतीश सरकार के सुशासन और लालू-राबड़ी राज के कुशासन में, जिसे तेजस्वी यादव आज तक समझने में असमर्थ हैं।

# कुव्यवस्था के कारण नौ वर्षीय दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की हुई मौत : कृष्णा

## बोलें- डबल इंजन की सरकार में दलित,अति पिछड़ा, पिछड़ा होना गुनाह है

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। बिहार प्रदेश युवा कांग्रेस ने सोमवार को मुजफ्फरपुर में बलात्कार पीड़ित बच्ची की इलाज के अभाव में पीएमसीएच में हुई मृत्यु के विरोध में हल्लाबोल मार्च निकाला। मार्च का नेतृत्व राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष उदय भानु चिब ने किया। श्री उदय भानु चिब ने कहा कि एक ओर नीतीश कुमार खुद को सुशासन कुमार कहते हैं और ठीक उनके नाक के नीचे दलित,महिलाओं का शोषण हो रहा है जिससे यह उजागर होता है कि बिहार में दलित पिछड़े वर्ग की बहन बेटियां भी अब इस सरकार में सुरक्षित नहीं हैं। डबल इंजन के सरकार में न हीं अपराध पर नियंत्रण है और न हीं भ्रष्टाचार पर। साथ में उन्होंने कहा कि गैर जिम्मेदार सरकार ने सरकारी कुव्यवस्था के कारण दलित नौ वर्षीय दुष्कर्म पीड़ित बच्ची को मौत के मुंह में धकेल दिया। प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने गहरी संवेदना प्रकट की और कहा कि कुढ़नी रेप पीड़िता के मौत ने बिहार सरकार का वीभत्स रूप दिखाया है और साथ में कहा की डबल इंजन की लाचार सरकार में दलित पिछड़ों को न सुरक्षा मिलेगी, न इलाज मिलेगा और न ही न्याय और भाजपा समर्थित सरकार से प्रश्न किया कि क्या बिहार में दलित अति पिछड़ा, पिछड़ा पैदा होना क्या गुनाह हो गया? प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आक्रोश जताया कि दलितों की स्थिति राज्य में लगातार बद से बदतर होती चली जा रही है जिसकी जवाबदेही केवल फोटो के लिए पांव धोने से नहीं बेहतर होगी, कानून का राज समाप्त हो चुका है। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास ने बोलते हुए कहा कि हम यहीं नहीं रुकेंगे,कल पीड़ित परिवार से मिलेंगे और उसका दुःख साझा करेंगे। पीड़ित परिवार की लड़ाई हम आगे भी जारी रखेंगे जबतक न्याय न मिल जाए। मार्च में बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू,प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम, युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब, प्रभारी सम्राट केसरी जैना, प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास, राष्ट्रीय सचिव श्रीकृष्ण हरि, कुमार रोहित उर्फ रिशू, मुदस्सीर शम्स, राजेश राठौड़, बंटी चैधरी, ज्ञान रंजन, डा संजय यादव, सहित सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# सूबे की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल : भाकपा

पटना। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव रामनरेश पाण्डेय ने कहा है कि बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। अस्पतालों में मरीजों की भर्ती नहीं ली जा रही है। राजधानी पटना में चार-चार मेडिकल कॉलेज हैं इसके बावजूद मरीजों को बेड नहीं मिल रहे हैं। पीएमसीएच में रेप पीड़िता को छः घंटे तक बेड नहीं मिला और इलाज के अभाव में उसकी मौत हो गई। इतना ही नहीं रात में पटना एम्स, आईजीआईएमएस, पीएमसीएच और एनएमसीएच के इमरजेंसी में मरीजों की भर्ती पर बिहार सरकार के आला अधिकारी ने रोक लगा दी है। जिस कारण लोगों को मजबूर होकर निजी अस्पतालों में जाना पड़ता है। वहां इलाज के नाम पर मरीजों से लूट की जाती है। इसके बावजूद केंद्र और राज्य सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है।

## भाजपा कार्यालय में लोहार समाज की बैठक में बोलें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

# लोहार समाज के उत्थान के लिए एनडीए सरकार प्रयासरत : दिलीप

## बोलें- कांग्रेस ने हमेशा पिछड़े, अति पिछड़ी जातियों को ठगने का काम किया

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में सोमवार को सामाजिक संपर्क अभियान के अंतर्गत लोहार समाज की बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक का उद्घाटन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोहार समाज के लोग उपस्थित थे। इससे पहले भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने विश्वकर्मा भगवान की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर जन कल्याण की प्रार्थना की। इस मौके पर बनारस के एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा भी उपस्थित रहे। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि लोहार समाज के उत्थान के लिए एनडीए सरकार द्वारा कई जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं और उनका लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि लोहार समाज का स्नेह और भाजपा पर अटूट विश्वास इसी प्रकार सदैव बना रहे, यही कामना है। उन्होंने समाज के लोगों को भरोसा देते हुए कहा कि लोहार समाज के उत्थान के लिए एनडीए सरकार प्रतिबद्ध है। भाजपा अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि भाजपा सभी समाज के वर्गों के साथ बैठक कर रही है। राजनीति करने वाले लोग जातियों के नाम पर राजनीति खूब की। कांग्रेस 65 सालों तक सत्ता में रही लेकिन इन्होंने पिछड़े, अति पिछड़ी जातियों को ठगने का काम किया। इस समाज के लोगों का जितना विकास होना चाहिए था, वह नहीं हो सका है। जब केंद्र और प्रदेश में एनडीए की सरकार बनी तो लोहार समाज के आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक विकास को लेकर काम शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि आज आरक्षण के नाम पर इंडी गठबंधन वाले नाटकबाजी करते हैं। इनकी नीति बांटो और राज करो की रही है। उन्होंने कहा कि अब सभी समाज के लोग एनडीए के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज जाति के नाम पर अपनी रोटी सेंकने का प्रयास राजनीतिक दल करते हैं।

इस बैठक में प्रदेश मंत्री संजय गुप्ता, राम बालक शर्मा, राज कुमार शर्मा, अनिता शर्मा, सत्य नारायण शर्मा, धर्मेंद्र शर्मा, यूपी शर्मा, राम आश्रय शर्मा, मुकेश शर्मा, पारस शर्मा, संजय शर्मा, दिनेश शर्मा, गुड्डू शर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

# आईएलओ में भाग लेने जिनेवा रवाना हुए श्रम संसाधन विभाग के मंत्री व सचिव

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सिंह और विभाग के सचिव दीपक आनन्द सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा आगामी 2 से 13 जून,तक आयोजित 113वें अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में भाग लेने आज स्विट्जरलैंड के जिनेवा रवाना हुए। वे वहां मंत्री राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। भारत सरकार के श्रम और रोजगार मंत्रालय द्वारा बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार को अतिथि मंत्री के रूप में भारतीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल किया है, जिसमें परंपरा के अनुसार श्रम संसाधन विभाग के सचिव भी मंत्री के साथ प्रतिनिधिमंडल के साथ 04 से 06 जून 2025 तक जिनेवा में आयोजित बैठकों में भाग लेंगे। सम्मेलन में भागीदारी के दौरान मंत्री संतोष कुमार सिंह, बिहार राज्य के अनुभव, नीतियों एवं श्रम कल्याण से जुड़ी प्राथमिकताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर साझा करेंगे। साथ ही सम्मेलन में आये दुनिया के अन्य देशों में श्रमिकों के लिए चल रहे कार्यकलापों से अवगत भी होंगे। विदित हो कि भारत, कछड का चार-सदस्यीय प्रमुख सदस्य है, जो इस वार्षिक सम्मेलन में उच्च स्तरीय त्रिपक्षीय प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से भाग लेता है।

## राजद का जनसंपर्क और संवाद कार्यक्रम 11 जून से

# लालू प्रसाद के विचारों और तेजस्वी के कार्यों को बताया जाएगा : युवा राजद

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय के कपूर्री सभागार में युवा राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद एवं अरूण कुमार यादव ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि युवा राष्ट्रीय जनता दल 11 जून को राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद जी के जन्म दिन से जनसम्पर्क और संवाद यात्रा के माध्यम से घर-घर जाकर लालू प्रसाद के सामाजिक न्याय के विचारों और उनके द्वारा गरीबों, शोषितों, वंचितों, पिछड़ों, अतिपिछड़ों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के हितों में किये गये कार्यों को बताने का काम करेगी। साथ ही इस बात को भी बताया जायेगा कि किस तरह से 1990 के पहले लोगों को खटिया पर बैठने नहीं दिया जाता था। उनको हक और अधिकार से वंचित रखा जाता था। 1990 के बाद गरीबों, शोषितों, वंचितों, अतिपिछड़ों, दलितों के लिए किये गये कार्यों के कारण भाजपा और जदयू के नेता बेचैनी में वैसी बातें कहते हैं जो कहीं न कहीं गरीबों के सामाजिक न्याय के राज को उपहास के रूप में प्रस्तुत करते हैं और उनके द्वारा जिस तरह की भाषा इस्तेमाल किया जाता है, उससे स्पष्ट होता है कि ये लोग कहीं ना कहीं वैसी ही स्थिति में बिहार को ले जाना चाहते हैं जो 1990 से पहले वाली स्थिति में था। युवा राजद के प्रदेश अध्यक्ष राजेश यादव ने आगे कहा कि प्रदेश स्तर पर जनसम्पर्क और संवाद कार्यक्रम में 17 महीने में तेजस्वी प्रसाद यादव जी के नेतृत्व में महागठबंधन सरकार द्वारा किये गये कार्यों को बताया जायेगा। कहा कि तेजस्वी ने 65 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की थी लेकिन एनडीए सरकार ने 16 प्रतिशत आरक्षण की हकमारी और चोरी की है। इस तरह से गरीबों, शोषितों, वंचितों की हकमारी के प्रति लोगों को बताया जायेगा। बताया कि इसके लिए युवा राजद की टीम प्रत्येक जिला में बनाई गई है जो घर-घर जाकर लालू प्रसाद के विचार और तेजस्वी के 17 महीने के कार्यों को बतायेगा। इस अवसर पर संवाददाता सम्मेलन में शिवेन्द्र कुमार तांती, उपेन्द्र चन्द्रवंशी, नीतीश रविदास, ई अर्चना यादव बिंदु यादव सहित अन्य नेतागण उपस्थित थे।

# प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस की बैठक में विस चुनाव पर चर्चा

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। बिहार प्रदेश अल्पसंख्यक कांग्रेस की एक महत्वपूर्ण कार्यकारिणी बैठक आयोजित की गई, जिसमें संगठन विस्तार, अल्पसंख्यक समुदाय से जुड़े मुद्दों और आगामी विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर व्यापक चर्चा की गई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित बिहार कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी श्री कृष्णा अल्लावरू ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए विधानसभा चुनाव के मद्देनजर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने की अपील की। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक समुदाय की भूमिका इस चुनाव में निर्णायक होगी, और कांग्रेस पार्टी उनके हक और सम्मान के लिए हमेशा संघर्ष करती रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कार्यकताओं को एकजुट होकर जनसंपर्क अभियान तेज करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही चुनावी सफलता की कुंजी है, और कार्यकर्ताओं को हर बूथ तक कांग्रेस की विचारधारा पहुँचानी होगी। अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष जनाब उमैर खान ने भी बैठक में अपनी बात मजबूती से रखते हुए संगठन को और अधिक सशक्त एवं सक्रिय बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील कुमार पासी एवं शाहनवाज आलम, पूर्व विधान पार्षद प्रेमचंद्र मिश्र, संगठन महासचिव अल्पसंख्यक विभाग फईयाज हुसैन,प्रदेश उपाध्यक्ष फौजिया राणा , प्रदेश उपाध्यक्ष वसी अहमद ,प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार जगजीत सिंह आदि थे।

# नियोजन मेला का आयोजन 10 जून को पटना में

प्रातः किरण संवाददाता

पटना। निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण के निदेशानुसार 10 जून को जिला स्तरीय नियोजन मेला का आयोजन पटना में किया जा रहा है। यह मेला अवर प्रादेशिक नियोजनालय, पटना के द्वारा मिलर स्कूल, पटना के ग्राउण्ड में आयोजित किया जाएगा। इस मेला में स्थानीय तथा बाह्य नियोजक भाग लेंगे। अभी तक लगभग 12 स्थानीय तथा 22 बाह्य नियोजकों ने कार्यालय को रिक्तियाँ उपलब्ध करायी हैं। कुल 45 नियोजकों के भाग लेने की संभावना है। इससे पूर्व 17.12. 2024 एवं 08.03.2025 को जिला स्तरीय नियोजन मेला दीघा स्थित आईटीआई के ग्राउण्ड में आयोजित किया गया था। परन्तु इस बार बेरोजगार युवाओं को मेला स्थल पर पहुँचने में होने वाली समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मिलर स्कूल के ग्राउण्ड का चयन किया गया है। मेले में भाग लेने हेतु बेरोजगार युवाओं को वाट्सअप, मैसेज, पम्पलेट वितरण एवं फलैक्स बैनर के माध्यम से सूचना प्रदान की जा रही है। पूर्व की भांति माननीय मंत्री, श्रम संसाधन विभाग द्वारा इस बार भी उद्घाटन किये जाने की संभावना है। इस मेले में स्थानीय माननीय विधायक एवं अन्य गणमान्य पदाधिकारियों के भी शामिल होने की संभावना है। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियों में मॉल, बीमा कम्पनियाँ, होटल, ऑटोमोबाईल, की कम्पनियाँ रहेंगी।

# सूबे में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त : तेजस्वी

## मुजफ्फरपुर में रेप पीड़िता की मौत पर भड़के नेता प्रतिपक्ष

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मुजफ्फरपुर में नाबालिग रेप पीड़िता की मौत पर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार फेल हो गई है। उन्होंने कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था का आपराधिक बोलबाला है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पूरे बिहार में प्रशासनिक अराजकता है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए के सब लोग केवल सियासी बैठक कर रहे हैं। सब सिर्फ चुनाव में व्यस्त है। बिहार की जनता की पीड़ा को बांटने या उन्हें न्याय दिलाने का काम कोई नहीं कर रहा है। सरकार के मुखिया व दोनों उप मुख्यमंत्री को बिहार की कोई चिंता नहीं है। तेजस्वी ने कहा कि पीड़िता या पीड़ित परिवार से मिलने के लिए किसी के पास समय नहीं है। सीएम और दोनों डिप्टी सीएम राजनीतिक कार्यक्रमों में व्यस्त हैं। इससे पहले इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मुजफ्फरपुर में दलित नाबालिग बेटी के साथ दरिंदगी और फिर इलाज में हुई लापरवाही बेहद शर्मनाक है। अगर समय पर इलाज किया गया होता, तो उसकी जान बचाई जा सकती थी। लेकिन डबल इंजन सरकार ने सुरक्षा तो दूर, जीवन रक्षा में भी घोर लापरवाही बरती। उन्होंने कहा, ह्यपीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक हम चुप नहीं बैठेंगे। दोषियों और लापरवाह अफसरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# रोगियों की सेवा का व्रत लेकर समाज में जाएँ चिकित्सकगण : कुलपति

## हेल्थ इंस्टिच्युट में आयोजित हुआ पाठ्यक्रम पूणाईहुति समारोह

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। हम विश्वास करते हैं कि आप सबने निष्ठापूर्वक शिक्षण और प्रशिक्षण प्राप्त किया है। एक योग्य स्पीच थेरापिस्ट के रूप में अब आप सबका दायित्व यह है कि सेवा का व्रत लेकर समाज में जाएँ। आपने जो भी ज्ञान अर्जित किया है, उसका रोगियों और पीड़ितों के उपचार में लगाएँ। आपको अवश्य ही यश मिलेगा और वांछित धन भी। निष्ठा से की जाने वाली सेवा का उचित लाभ अवश्य ही मिलता है। यह बातें सोमवार को, बेउर स्थित इंडियन इंस्टिच्युट ऑफ हेल्थ एडुकेशन ऐंड रिसर्च में बैचलर ऑफ औडियोलौजी ऐंड स्पीच लैंग्वेज पैथोलौजी के छात्र-छात्राओं की विदायी के अवसर पर आयोजित ह्यपाठ्यक्रम पूणाईहुति समारोह का उद्घाटन कारने के पश्चात छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए, बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के कुलपति डा एस एन सिन्हा ने कही। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता के लिए विनम्रता बहुत आवश्यक है। ऊँचा उठने के लिए व्यक्ति को झुकना सीखना चाहिए। समारोह के मुख्य अतिथि और पटना उच्च न्यायालय के अवकाश प्राप्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि कौशल की उपाधि प्राप्त करते ही व्यक्ति का जीवन बदल जाता है। संस्थान में निदेशक-प्रमुख डा अनिल सुलभ ने कहा कि यह संस्थान अपनी स्थापना के वर्ष १९९० से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर बल देता रहा है।

# मंदिरी नाले का निर्माण युद्ध स्तर पर जारी

## नाले के निर्माण से जलनिकासी एवं यातायात में होगा सुधार

प्रातः किरण संवाददाता



पटना। मंदिरी नाले का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है बता दें की मंदिरों नाले की कुल लंबाई 1289 मीटर है जिसमें से लगभग 1200 मीटर नाले के निर्माण पूर्ण हो चुका है। मंदिरी नाला पर बनने वाली 1,289 मीटर लंबी स्मार्ट सड़क परियोजना पटना स्मार्ट सिटी लिमिटेड के तहत चल रही है। इसका उद्देश्य बेली रोड और अशोक राजपथ के बीच यातायात को सुगम बनाना है। यह सड़क आयकर गोलंबर से शुरू होकर गांधी मैदान रोड के पास सिद्धेश्वरी काली मंदिर तक जाएगी। इनकम टैक्स गोलंबर के पास से शुरू होने वाले मंदिरी नाले का जीर्णोद्धार और इसपर बनने वाले सड़क का काम तेजी से चल रहा है। नाला निर्माण से वार्ड संख्या 21, 24, 25, 26 और 27 को फायदा होगा साथ ही सड़क निर्माण पूरा होने के बाद यातायात प्रवाह में आसानी होगी। साथ ही बेली रोड से अशोक राजपथ तक सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। परियोजना की कुल लागत 86.98 करोड़ है, और इसमें सड़क के नीचे एक ट्विन बैरल आरसीसी बॉक्स ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है। सड़क की चौड़ाई 11 मीटर होगी, जिसमें प्रत्येक दिशा में 5.5 मीटर की दो लेन होंगी। साथ ही, सर्विस ड्रेन, सर्विस रोड यूटिलिटी डक्ट, स्ट्रीटलाइट्स , लैंडस्केपिंग और 3.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन भी बनाई जा रही है। इस परियोजना से लगभग 3 लाख लोगों को प्रत्यक्ष लाभ होगा, और यह शहर के केंद्रीय क्षेत्रों में यातायात की समस्या को कम करने में मदद करेगी । सड़क के नीचे डबल-बैरल आरसीसी बॉक्स ड्रेन का निर्माण किया जा रहा है, जो नाले की सफाई और रखरखाव में सुविधा प्रदान करेगा।

आमजनों को मिलेगी सुविधाएँ :

3.5 मीटर चौड़ी सर्विस लेन शामिल होगी। साइनबोर्ड, स्ट्रीटलाइट्स, स्ट्रीट फर्नीचर, सड़क में फुटपाथ, हरियाली, जल निकासी संरचनाएँ। तीन डीसिल्टिंग चेंबर, चार स्लुइस गेट्स और दो रैंप का निर्माण किया जा रहा है, जो मानसून के दौरान जलजमाव और गंगा जल के प्रवेश को नियंत्रित करेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### मुस्तफापुर में डेढ़ लाख नगद सहित 10 लाख की जेवरात चोरी, थाना में दिया आवेदन

विभूतिपुर/समस्तीपुर थाना क्षेत्र के मुस्तफापुर वार्ड 05 स्थित एक घर में रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया। गृहस्वामी अजय कुमार झा ने बताया कि रविवार की रात्रि करीब 12 से तीन बजे के बीच मेरे घर में चोरी हुई है।मैं बाहर दरवाजे पर सोया था।मेरी पत्नी, पुत्री व पुत्रवधू घर के आगे वाला भाग बरामदे पर सोया था। चोर घर के पीछे से चाहरदीवारी फांदकर छत पर गया। फिर सीढ़ी के सहारे नीचे उतरा। अंदर से बरामदे का गेट बंद कर लिया। घर में घूसकर ट्रंक व गोदरेज को तोड़कर एक लाख अड़तालिस हजार रुपया नगद एवं मेरी पत्नी की झूमका व मंगलसूत्र, पुत्री काजल कुमारी की हार नथिया व झूमका, पुत्र विकास का हनुमानी वत्ती 2 पीस एवं चैन व पुत्रवधू की झूमका, मंगलसूत्र,टीका, नथिया सभी मिलाकर लगभग 13 भरी वजन का सोना की जेवर चोरों ने चोरी कर ली है। पीड़ित ने चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही विभूतिपुर थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप, एएसआई राहुल पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार से चोरी की घटना की जानकारी ली एवं तहकीकात करते हुए अनुसंधान शुरू कर दिया है। वहीं पीड़ित परिवार घटना को लेकर थाना में लिखित आवेदन दिया है।

### ट्रक-ऑटो की टक्कर में महिला की मौत दो घायल

मधुबनी में एनएच 27 पर सोमवार को ट्रक ने ऑटो को टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। दो अन्य लोग घायल हो गए। नाहर गांव का एक परिवार मिथिला हाट घूमने गया था। वापसी के दौरान झंझारपुर थाना क्षेत्र के एनएच-27 पर उनके ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही झंझारपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। मृत महिला के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल मधुबनी भेजा गया है। ट्रक चालक की तलाश जारी ट्रक चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ट्रक और चालक की तलाश कर रही है। मृत महिला की पहचान अभी नहीं हो पाई है। परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एन एच 27 पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार से अक्सर दुर्घटनाएं होती हैं। प्रशासन की ओर से पर्याप्त निगरानी नहीं की जाती। लोगों ने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### अभियुक्त को गिरफ्तार करने गये पुलिस पर परिजनों ने किया हमला

कुशेश्वरस्थान (दरभंगा) थाना क्षेत्र के उसरी गांव में बीती रविवार की देर रात आर्म्स एक्ट के एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने गए बहेड़ी थाना के पुलिस पर आरोपी के परिजन और उनके समर्थकों ने हमला कर दिया। इस घटना में बहेड़ी थाना के एसआई उपेन्द्र सिंह घायल हो गए। घायल एसआई को इलाज के लिए पीएचसी कुशेश्वरस्थान में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए डीएमसीएच रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि एसआई की स्थिति में सुधार हो रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एसआई श्री सिंह के नेतृत्व में बहेड़ी थाना की पुलिस बीती रात कुशेश्वरस्थान थाना पुलिस के साथ उसरी गांव निवासी पंचम यादव को गिरफ्तार करने के लिए छापामारी कर उसके घर को घेर लिया। उस वक्त पंचम यादव अपने परिजनों और समर्थकों के साथ मिलकर छठिहार समारोह में भाग ले रहे थे।

# अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने विधानसभा चुनाव की तैयारियों का लिया जायजा

प्रात: किरण संवाददाता



मुजफ्फरपुर। अपर सचिव सह अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी माधव कुमार सिंह ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के सफल एवं सुचारु आयोजन हेतु मुजफ्फरपुर जिला का विजिट कर तैयारी का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने आगामी चुनाव से जुड़े विधि व्यवस्था,स्वीप, ईवीएम एवं मीडिया कोषांग के नोडल पदाधिकारी के साथ जिला अतिथि गृह में बैठक की तथा संबंधित अधिकारियों को आयोग के दिशा निर्देश के अनुरूप सभी दायित्व का पूरी जवाबदेही से ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस क्रम में स्वीप के नोडल पदाधिकारी ममता वर्मा को जिले में वोट प्रतिशत बढ़ाने हेतु मिशन मोड में कार्य करने तथा स्वीप कैलेंडर के अनुरूप संपूर्ण गतिविधियां नियत समय पर गुणवत्तापूर्ण रूप से सुनिश्चित करने को कहा। इसके लिए,मिशन 60 एवं मिशन 70 के तहत मिशन मोड में पोलिंग स्टेशन को चिन्हित कर कम वोटिंग के कारणों को पता करने तथा उसके अनुरूप वर्कप्लान तैयार कर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संपादित करने को कहा। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को बीएलओ के साथ बैठक करने तथा उन्हें सक्रिय एवं तत्पर करने को कहा। बैठकों में चुनाव से संबंधित फ्लेक्स लगाने को कहा। उन्होंने कैंपस एम्बेसडर बनाने तथा समारोहपूर्वक उन्हें नियुक्ति पत्र एवं आई- कार्ड देने तथा जिलाधिकारी के साथ समाहरणालय/कॉलेज में बैठक करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने महत्वपूर्ण दिवस के अवसर पर स्वीप गतिविधियां संचालित करने को कहा। कार्यक्रम में कैंपस एंबेसडर को उनकी भूमिका एवं दायित्व से अवगत कराने तथा वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने हेतु कार्य योजना बनाएं तथा उसे क्रियान्वित करायें। निर्वाचन कार्य एवं स्वीप गतिविधि की ब्रांडिंग पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि जिले में महत्वपूर्ण स्वीप गतिविधियों की फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी एवं रील्स तैयार कर सोशल मीडिया पर नियमित रूप से डालें ताकि जिले की स्वीप गतिविधि की झलक राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिगोचर हो उन्होंने न केवल जिला स्तर पर बल्कि प्रखंड, पंचायत एवं बूथ लेवल पर स्वीप टीम गठित करने तथा उन्हें एक्शन प्लान के अनुरूप स्वीप गतिविधि संचालित कर फोटो वीडियो एवं रील्स बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।उन्होंने दिव्यांगजनों, युवा एवं महिलाओं के लिए अलग-अलग स्वीप कार्यक्रम तय करने एवं क्रियान्वित करने को कहा।गरीब एवं मलिन बस्तियों में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को भ्रमण करने तथा उन क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने हेतु अपेक्षित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता विधि व्यवस्था सुधीर कुमार सिन्हा डीआरडीए डायरेक्टर संजय कुमार, डीपीओ आईसीडीएस ममता वर्मा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत वैज्ञानिकों ने किया 558 गांवों में सम्पर्क




प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों का गांवों का दौरा लगातार जारी है। विश्वविद्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 31 मई तक बिहार और झारखंड के 558 गांवों के किसानों से वैज्ञानिकों ने संपर्क किया है। बिहार में 115 टीम जबकि झारखंड में 58 टीम बनाई गई है। वैज्ञानिकों के टीम के साथ साथ कृषि विज्ञान केन्द्र के बिहार और झारखंड के 265 विषय-वस्तु विशेषज्ञ तथा कृषि विभाग के 889 अधिकारी भी शामिल हुए हैं। बिहार में 765 अधिकारी जबकि झारखंड के 124 कृषि पदाधिकारीयों ने गांव का दौरा किया और किसानों की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया है। इस अभियान में बिहार और झारखंड के जनप्रतिनिधियों भी बढ चढकर शिरकत कर रहे हैं। डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार 31 मई तक बिहार के 742 जनप्रतिनिधि जबकि झारखंड के 416 जनप्रतिनिधियों ने इस अभियान में शिरकत किया है। कुलपति डॉ पी एस पांडेय ने कहा कि वैज्ञानिकों की टीम, जिला के कृषि अधिकारी तथा जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित कर काम कर रही है। सभी वैज्ञानिकों के साथ साथ जिला के पदाधिकारी भी रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्रतिदिन के कार्यो् को अपडेट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह एक मेगा अभियान है जिसका फायदा सभी किसानों को होगा और कृषि के विकास में भी यह अभियान एक मील का पत्थर साबित होगा। प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ मयंक राय ने कहा कि विश्वविद्यालय में वैज्ञानिकों की 38 टीम बनाई गई है जो प्रतिदिन तीन गांव का दौरा कर रहे हैं। विकसित कृषि अभियान के नोडल पदाधिकारी डा रत्नेश झा ने कहा कि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों को जिला के कृषि पदाधिकारीयों तथा जन प्रतिनिधियों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हो रहा है जिसके कारण वैज्ञानिकों ने लगभग पंद्रह हजार से अधिक किसानों के साथ संपर्क स्थापित किया है। वैज्ञानिकों की टीम बिहार और झारखंड के सभी जिलों में किसानों से संपर्क कर रही है। जनप्रतिनिधियों के सहयोग से किसानों को एक दिन पहले ही वैज्ञानिकों की टीम के बारे में जानकारी दे दी जाती है जिसके कारण किसान अपनी समस्याओं को लेकर पहले से ही सजग रहते हैं। विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम में वैज्ञानिकों से प्राप्त सभी आंकड़ों को सहेज कर रखा जा रहा है ताकि बाद में इसका विस्तृत विश्लेषण किया जा सके और किसानों की उन समस्याओं पर जिन पर अनुसंधान करना आवश्यक है, वैज्ञानिकों को अनुसंधान के लिए प्रेरित किया जा सके।

# राष्ट्रीय लोक मोर्चा की बैठक में संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार रैली में भाग लेने का किया अपील



प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर प्रखंड के खोकसाहा में राष्ट्रीय लोक मोर्चा किसान प्रकोष्ट के जिला अध्यक्ष जनार्दन प्रसाद आजाद के आवासीय परिसर में पार्टी के प्रखंड इकाई कि बैठक विभूतिपुर प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार के अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी 08 जून को मुजफ्फरपुर के कल्ब मैदान में संवैधानिक अधिकार परिसिमन सुधार रैली में प्रखंड से अधिक से अधिक लोगो को शामिल होने की अपील किया। सभा कि सफलता के लिए पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम प्रभारी आर के सिन्हा, प्रदेश सचिव सह प्रभारी सुकुल राम को जनार्दन प्रसाद आजाद, मनोज कुमार तथा अरविन्द कुशवाहा के द्वारा मिथिला परंपरा के अनुसार सम्मानित किया गया। वहीं उपस्थित कार्यकताओं को होसला बढ़ाते हुए श्री सिन्हा ने कहा कि यह रैली बिहार के साथ साथ उत्तर भारत के राज्यो के विकास से जुड़ा हुआ है। इस रैली का नाम संवैधानिक अधिकार परिसिमन में सुधार नाम दिया गया। दक्षिण के राज्यो एक लोकसभा सीट के लिए 10लाख से 11लाख मतदाता अपना सांसद चुनते हैं वही उत्तर के लोग अपना सांसद चुनने के लिए लगभग 15से 20लाख मतदाता मिलकर चुनाव करते। लेकिन विकास की राशि सभी को एक समान मिलती है जिससे बिहार समेत उत्तर भारत के राज्यो का विकास कम हो रहा अर्थात दक्षिण से पीछे है। पिछले 50 वर्षो से लोक सभा और विधान सभा का परिसिमन नहीं किया गया। 2026 में जाति आधारित जनगणना के साथ साथ परिसिमन भी हो जाएगा तो बिहार में लोक सभा कि सीटे डेढ़ गुना बढ़ जाएगी और विकास राशि अधिक मिलने से तेजी से विकास होगा। बैठक में प्रदेश सचिव अरविन्द कुमार वर्मा, जिला महासचिव अरविन्द कुमार कुशवाहा, प्रदीप कुमार शर्मा, युवा प्रकोष्ठ प्रखंड अध्यक्ष चन्दन कुमार, संजीव कुमार, योगेन्द्र कुमार, गौरव कुमार, सुनिल कुमार, अमरेश कुमार, कमल कुमार सिंह, गणेश महतो, कमलेश्वर महतो आदि मौजूद थे।

# प्रशिक्षित मादक पदार्थ खोजी श्वान हैन्ज की गरिमामयी सेवानिवृत्ति

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर के लिए गौरव श्रद्धा और भावनाओ से परिपूर्ण रहा । इस अवसर पर एक अत्यंत समर्पित अनुशासित और कर्तव्यनिष्ठ खोजी श्वान हैन्ज को भावभीनी विदाई दी गई है जिन्होने अपने कर्तव्यनिष्ठ आचरणअद्भुत क्षमता और निःस्वार्थ सेवा के माध्यम से बल की प्रतिष्ठा को अनेक अवसरों पर गौरवान्वित किया ।हैन्ज, एक प्रशिक्षित लेब्राडोर नस्ल का श्वान जिसका जन्म 21 जून 2016 को गोरखपुर (उत्तर प्रदेश) स्थित प्रजनन केंद्र में हुआ था ।इनके माता-पिता माता डेनजल एवं पिता डोबी स्वयं भी प्रशिक्षित एवं विशिष्ट खोजी श्वान रहे है । हैन्ज ने 1 जनवरी 2017 से 21 जून 2017 तक श्वान प्रशिक्षण एवं प्रजनन केंद्र डेरा (अलवर, राजस्थान) में प्रशिक्षण प्राप्त किया ।कम आयु में ही हैन्ज ने असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रशिक्षकों का ध्यान आकर्षित किया ।प्रशिक्षण पूर्ण करने के पश्चात हैन्ज को 48वी वाहिनी में नियुक्त किया गया जहा उन्होने ब्राउन शुगर गांजा एवं अन्य मादक पदार्थो की खोज में अपनी विशिष्ट खोज क्षमता का परिचय देते हुए अनेक महत्वपूर्ण कार्यो को सफलतापूर्वक अंजाम दिया ।हैन्ज ने विभिन्न इंटर बटालियन इंटर सेक्टर तथा इंटर फ्रांटीयर प्रतियोगिताओं में भाग लेकर न केवल व्यक्तिगत उत्कृष्टता दिखाई बल्कि संगठन को भी गौरवान्वित किया ।रिफ्रेशर ट्रेनिंग कोर्स में प्रथम स्थान प्राप्त कर हैन्ज ने यह प्रमाणित किया कि समर्पण अभ्यास और अनुशासन से ही श्रेष्ठता अर्जित की जा सकती है ।आज जब हैन्ज ने 08 वर्ष 11 माह एवं 10 दिन की सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्ति ग्रहण की है तो यह केवल एक औपचारिक विदाई नही बल्कि उनके समर्पण और सेवा को सम्मानपूर्वक नमन करने का अवसर है। वे अपने पूरे सेवाकाल के दौरान श्वान परिचारक आ सा. कमलेश कुमार सिंह के साथ एक अटूट बंधन में कार्यरत रहे, जो उनके प्रति पूर्णतः समर्पित रहे ।इस गरिमामयी अवसर पर हरेंद्र सिंह द्वितीय-कमानअधिकारी एवं कार्यवाहक कमांडेंट ने अपने वक्तव्य में कह हैन्ज जैसे समर्पित श्वान न केवल बल की परिचायक शक्ति होते है बल्कि वे हमारे सच्चे साथी और सुरक्षा के नायक भी होते हैं।

# बिहार में अगले तीन साल में होगा 17 प्रतिशत वन क्षेत्र : सुनील कुमार

प्रात: किरण संवाददाता




मुजफ्फरपुर। स्थानीय अरण्य विहार में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा के बाद बिहार सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण एक जनभागीदारी आधारित प्रक्रिया है, जिसमें सरकार के साथ-साथ राज्य के नागरिकों की भी समान भूमिका है ।मंत्री ने बताया कि झारखंड के अलग होने के बाद बिहार का वन क्षेत्र बेहद सीमित रह गया था, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बीते 19 वर्षों में सरकार ने वन क्षेत्र को 15 प्रतिशत से अधिक तक बढ़ाने में सफलता प्राप्त की है। अब सरकार का लक्ष्य है कि साल 2028 तक इसे 17 प्रतिशत तक ले जाया जाए। उन्होंने आश्वस्त किया कि वे स्वयं इस लक्ष्य को एक वर्ष पूर्व यानी 2027 तक प्राप्त करने के लिए संकल्पित हैं। मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पर्यावरण संबंधी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि ॒मिशन लाइफ॒ जैसे कार्यक्रमों ने देशभर में एक नई चेतना जगाई है। उन्होंने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री की प्रेरणा से आरंभ ॒एक पेड़ मां के नाम॒ अभियान को बिहार में व्यापक समर्थन मिला है, और अब तक 4 करोड़ से अधिक पौधारोपण हो चुका है। बिहार सरकार ने स्वयं भी ॒हर रविवार, एक काम ॒ एक पेड़ परिजनों के नाम॒ अभियान की शुरूआत की है, जो पर्यावरण के प्रति व्यक्तिगत जिम्मेदारी को प्रोत्साहित करता है ।इको-टूरिज्म पर बात करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार के पास इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राजगीर, बोधगया, कैमूर, नवादा जैसे इलाके इको टूरिज्म के बेहतरीन उदाहरण बनकर उभरे हैं। उन्होंने जानकारी दी कि पिछले वर्ष देशभर में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक राजगीर, नालंदा और बोधगया में पहुंचे, जो राज्य के लिए गर्व की बात है। अब सरकार राज्य के अन्य संभावित स्थलों को भी इको-टूरिज्म के नक्शे पर लाने की दिशा में सक्रियता से कार्य कर रही है ।राज्य में वायु गुणवत्ता सूचकांक की स्थिति पर चर्चा करते हुए मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार इस पर गंभीरता से निगरानी रखती है। उन्होंने बताया कि वायुमंडल में धूलकण बढ़ने का प्रमुख कारण हैं, और इससे निपटने के लिए राज्य सरकार नियमित अंतराल पर धूल वाले क्षेत्रों में पानी का छिड़काव करवा रही है। इससे शहरी इलाकों में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने में मदद मिल रही है ।डॉ. सुनील कुमार ने स्पष्ट रूप से बताया कि बिहार सरकार पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के मुद्दों पर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है, और आने वाले समय में हरियाली, पर्यटन और जलवायु सुधार से जुड़े कार्यक्रमों को और गति दी जाएगी। उन्होंने आम नागरिकों से भी आह्वान किया कि वे पेड़ लगाएं, पर्यावरण को बचाएं और भावी पीढ़ी के लिए एक स्वच्छ, हरित और स्वस्थ बिहार का निर्माण करें।

# मधुबनी के बासोपट्टी, साहरघाट, बेनीपट्टी, के बैठक में सैकड़ों लोग हुए शामिल

## 8 जून को महासम्मेलन को महापर्व के रूप में देखें : अरुण शंकर प्रसाद








● किसी भी हाल में सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन को ऐतिहासिक बनाना है: सुमन कुमार

प्रात: किरण/अभय आर्या

मधुबनी। सोमवार को जिले अंतर्गत बासोपट्टी, साहरघाट, बेनीपट्टी में आगामी 08 जून को पटना के बापू सभागार में आयोजित ॒सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन॒ को सफल बनाने के लिए लोगों बैठकों का दौर चला। विधायक अरुण शंकर प्रसाद और पूर्व विधान पार्षद सुमन कुमार महासेठ बैठक में मुख्य अतिथि रहें। जिसकी अध्यक्षता परशुराम पूर्वे एवं मंच संचालन जिला संयोजक संजय महतो ने किया। परशुराम पूर्वे जी को बासोपट्टी का संयोजक नियुक्त किया गया। तो वहीं दूसरी तरफ जिला संयोजक संजय महतो के नेतृत्व में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में स्थानीय विधायक अरुण शंकर प्रसाद और पूर्व विधान पार्षद सुमन कुमार महासेठ उपस्थित हुए। साहरघाट में ॒सुढ़ी अधिकार महासम्मेलन॒ को सफल बनाने के लिए लोगों को विधायक अरुण शंकर प्रसाद और पूर्व विधान पार्षद सुमन कुमार महासेठ ने जागरूक किया। जिला संयोजक संजय महतो , हरलाखी विधानसभा के संयोजक संतोष महतो, अजय भगत , सज्जन नायक , दशरथ पंजियार , उमाशंकर नायक के साथ शामिल दर्जनों लोग मौजूद रहे। अध्यक्षता दशरथ पंजियार एवं मंच संचालन प्रो राकेश नायक ने किया। उमाशंकर नायक को साहरघाट का संयोजक नियुक्त किया गया ।उमगांव से जय शंकर महतो एवं मधवापुर से प्रो राकेश नायक को संयोजक बनाया गया। बेनीपट्टी विधानसभा अंतर्गत विभिन्न स्थानों से आए सुढ़ी जाति के लोगों के बीच गांगुली गांव में आगामी 08 जून को पटना में आयोजित होने वाले सुंडी अधिकार महासम्मेलन में शामिल होने हेतु निमंत्रण दिया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेन्द्र पूर्वे, मंच संचालन गंगा राउत , देवनारायण पंजियार , रामेश्वर नायक, मनोज पूर्वे, सुरेश पूर्वे , दिनेश महथा सहित दर्जनों महानुभाव मौजूद रहे।

# एकजुटता के लिए सूढ़ी समाज भरेगा हुंकार सत्ता में हो सम्मानजनक साझेदारी : राकेश

प्रात: किरण/अभय आर्या




दरभंगा। सूढ़ी समाज को अतिपिछड़ा में शामिल करने को लेकर अखिल भारतीय सूढ़ी (वैश्य) संगठन के जिला संयोजक राकेश नायक ने संबोधित करते हुए कहा कि बिहार सरकार सूढ़ी समाज के साथ भेदभाव कर रही है। इसके समानांतर उपजाति को अतिपिछड़ा में शामिल कर सूढ़ी समाज के साथ दोयम दर्जे का व्यवहार करने का काम किया है। सूढ़ी समाज इस भेदभाव के खिलाफ 08 जून को पटना में सूढ़ी अधिकार महासम्मेलन कर रही है। जिसमें पूरे बिहार से लाखों लोग इसमें भाग लेंगे। जिला संयोजक ने कहा कि अति पिछड़ा के मांग को लेकर हम सभी गोलबंद है। दरभंगा से लगभग पांच हजार लोग पटना जाने की तैयारी कर रहे हैं। इस अवसर पर संगठन के प्रदेश सह संयोजक सुनील गड़ाई ने कहा कि पिछले दस वर्षों से हमारी मांग को सरकार अनसुनी कर रही है। समिति के जिलाध्यक्ष रामनाथ पंजियार ने कहा कि नब्बे के दशक में सूढ़ी समाज के दस से अधिक विधायक हुआ करते थे। लेकिन वर्तमान समय मात्र दो की संख्या पर हम सिमट गये है ।महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक सोनी पूर्वे ने कहा कि हमारी समाज मांग को लेकर एक जुट है ।महासचिव डॉ राजेश पूर्वे ने कहा कि सूढ़ी समाज का परंपरागत रूप से व्यापार पर आश्रित था। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजा राउत,महानगर अध्यक्ष अजीत महतो, मुंबई शौण्डिक संघ के सचिव कृष्ण मोहन महतो,डा योगेन्द्र प्रसाद माधव, बब्लू पंजियार, रूद्र नारायण मंडल, अरुण महतो, दीपक खर्गा, वरूण महतो, संजय पंजियार, राजेश महासेठ, विजय पूर्वे सहित कई लोग मौजूद थे।

# गरीबों की हक की लड़ाई निरंतर लड़ता रहूंगा : अजीत

प्रात: किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर ।किसान - मजदूर ,युवा जन संवाद कार्यक्रम के तहत रविवार को राज्य के पूर्व मंत्री व भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अजीत कुमार कांटी क्षेत्र के कई गांव में जन संवाद चलाकर लोगों की समस्या को सुना एवं मौके पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से दूरभाष पर बात कर कई समस्याओं का निदान भी कराया। इस क्रम में श्री कुमार ने क्षेत्र के कांटी स्टेशन टोला, बिशनपुर सुमेर, सदादपुर आदि गांव में जन संवाद चलाया, जहां बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्या रखा। जन संवाद कार्यक्रम में लोगों ने मुख्य रूप से विद्युत समस्या, पेयजल की समस्या, सड़कों की जर्जरता तथा अंचल कार्यालय में समस्याओं का त्वरित निदान नहीं होने सहित कई सवाल खड़ा किया। श्री कुमार ने लोगों के समस्याओं को धैर्य पूर्वक सुना एवं उसके निदान के लिए शीघ्र ही वरीय अधिकारियों से बात कर निदान कराने की बात कही। इस मौके पर श्री कुमार ने लोगों से आपसी सद्भाव व भाईचारा को मजबूत बनाने का भी अपील किया। उन्होंने स्थानीय कार्यकताओं से केंद्र व राज्य सरकार के द्वारा गरीबों के हित में चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें त्वरित मिले इसके लिए पहल करने का भी अपील किया। उन्होंने लोगों को आस्वस्त करते हुए कहा कि आप चिंता न करें आप सभी की लड़ाई को लड़ने के लिए मैं प्रतिबद्ध हूं। जन संवाद कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया इंद्र मोहन झा ने किया। इस अवसर पर प्रकाश कुमार यादव, सोनू यादव, दिलीप यादव, मंकू पाठक, अनिल पंडित, मुकेश शाह ,गणेश साह, चंदन पासवान , रंजीत राम, संजय छायाकार ,समोद उमेश कुमार निराला, प्रभाकर चौधरी, सोनेलाल चौधरी, गौरव कुमार, रामबरन पासवान जनक पंडित नरेश प्रजापति सुरेंद्र माझी अमर बादशाह राजकुमार शाह रवि शाह रामनरेश राम अनिल चौधरी आदि उपस्थित रहे।

# डीबीकेएन कॉलेज में अनिश्चितकालीन आंदोलन में एनएसयूआई की बड़ी जीत

प्रात: किरण संवाददाता

विभूतिपुर/समस्तीपुर डीबीकेएन कॉलेज नरहन में छात्र नेता विवेक विराट के नेतृत्व में चल रहे पांच दिनों से अनिश्चितकालीन कालीन आंदोलन में बड़ी जीत मिली। सोमवार को यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधी मंडल कामेश्वर पासवान, रोसड़ा एसडीओ, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्र मोहन पासवान,और अंचलाधिकारी रंधीर रमन ने प्राचार्य राकेश रंजन और एनएसयूआई छात्र संगठन के बीच सकारात्मक वार्ता करवाई और लीखित रूप से यूनिवर्सिटी और कॉलेज प्रशासन ने कॉलेज में पांच विषय की पढ़ाई शुरू करने, पीजी की पढ़ाई, प्रोफेसर की नियुक्ति, कैंपस की सफाई, गार्ड की नियुक्ति और सीसीटीवी कैमरा लगाने का आश्वासन दिया गया ।एनएसयूआई जिला अध्यक्ष राजन कुमार वर्मा ने बताया कि यह एक ऐतिहासिक दिन है- भ्रष्टाचार और तानाशाही के खिलाफ बहुत बड़ी जीत है ।15 दिनों के अंदर यदि हमारी सभी मांगे पुरी नहीं होती है तो एनएसयूआई यूनिवर्सिटी में ॒घेरा- डालो, डेरा-डालो॒ आंदोलन करेंगी ।वरिष्ठ छात्र नेता पूर्व जिला अध्यक्ष अभिनव अंशु ने बताया कि एनएसयूआई कॉलेज में शिक्षा की गुणवत्ता, प्रशासनिक पारदर्शिता, और छात्र हितों के हनन के खिलाफ हमेशा आवाज उठाती रहेगी। मौके पर अमन कुमार, युवा कांग्रेस राष्ट्रीय संयोजक अबू तनवीर, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष रितेश चौधरी, ने 5 दिनों के संघर्ष के लिए एनएसयूआई टीम को बधाई दिया। मौके पर एनएसयूआई छात्र नेता गौरव चौहान, ललन यादव, सुजीत कुमार, शमसूल आलम, केशव,मंजय,मंजीत,अभिषेक, पंकज,संजीत, अजीत,राजा, आमरजीत, सोनू, आशिक, प्रिंस, रितिक, मौजूद थे।

# नेपाली नयी ट्रेन का जयनगर में पूजा कर एवं झंडी दिखाकर जनकपुर नेपाल के लिए किया गया रवाना

प्रात: किरण संवाददाता

मधुबनी नेपाली ट्रेन के तीन साल हो जाने पर उसकीसर्विसिंग व रखरखाव की आवश्यकता थी। इस कारण नेपाली ट्रेन को भारत के लखनऊ चारबाग सर्विस सेंटर ले जाना था। परिचालन बाधित ना हो इसके लिए नेपाल सरकार ने भारत सरकार से रेल की मांग की थी। भारतीय रेल द्वारा जयनगर जनकपुर कुर्था रेल खंड पर ट्रेन यातायात बहाल करने के लिए एक छः डिब्बे वाली डीएमयू ट्रेन दी है। रविवार को जयनगर से जनकपुर कुर्था के लिए ट्रेन को कोकण रेलवे के सिनियर मैनेजर राजेश हंबल, सिनियर सेक्शन इंजीनियर पीएन पसनन कुमार, सिनियर इंजीनियर एसआर पाटिल, चीफ लोको निरीक्षक राज बहादुर, स्टेशन अधीक्षक टेक्लो कुटिनो, जीतेन्द्र मेती समेत अन्य ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मालूम हो कि नेपाल सरकार ने करीब 1 अरब रुपये में दो ट्रेन सेट खरीदे थे। कोंकण रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (केआरसीएल) ने इस मार्ग पर 1600 एचपी डेमू यात्री रेक के दो सेट और दो संचालित रेल सेवाओ की आपूर्ति की थी। इन 2 डेमू रेक में नॉन-एसी कोचों के अलावा प्रत्येक में 2 एसी कोच हैं। इस ट्रेन का उद्घाटन दो अप्रैल 2022 में किया गया था।

# शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति सभा का उद्घाटन करेंगें मुख्यमंत्री : आनंद मोहन

प्रात: किरण संवाददाता

दरभंगा ।शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति सभा 5 जून को कई मामलों में ऐतिहासिक होगा। दशकों बढ़ मिथिला के सपूत स्वतंत्रता के उपासक क्रांतिकारी योद्धा और समाजवादी पुरोधा सूरज बाबू की यादों को संजोए हजारों लोग दरभंगा की सड़कों पर उतरेंगे और महान क्रांतिकारी नेता को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। लोगों की मुख्य मांगे होंगी, स्वतंत्रता संग्राम, लोकतंत्र की मजबूती एवं समतामूलक शौषण विहीन समाज की स्थापना में सूरज बाबू के अप्रतिम बलिदान के एवज में उनको समुचित सम्मान दिलाना। शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति सभा के उद्घाटनकर्ता सह मुख्य अतिथि होंगे राज्य के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और समापन कर्ता सह विशिष्ट अतिथि होंगे राज्य के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, अन्य सम्मानित अतिथि होंगे अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री जमा खान, सूचना जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी, जिले के सभी स्थानीय सांसद,मंत्री एवं विधायक गण सामरोह का सम्मानित अतिथि होंगे ।कार्यक्रम का उद्घाटन जहां 5 जून पूर्वाह्न 11 बजे मुख्यमंत्री करेंगे वहीं समापन उपमुख्यमंत्री करेंगे ।पूरे प्रमंडल में शहीद सूरज नारायण सिंह स्मृति सभा को लेकर अभूतपूर्व उत्साह है ।उक्त बातें पूर्व सांसद आनंद मोहन ने परिसदन सर्किट हाउस लहेरियासराय में आयोजित सम्मेलन में कही। इस अवसर पर स्मृति सभा के संयोजक सुरेन्द्र सिंह , फ्रेंड्स ऑफ आनंद के प्रांतीय अध्यक्ष कुलानन्द यादव अकेला, शायर अनवर फरीदी, पूर्व निगम पार्षद रीता सिंह, स्मृति सभा के प्रवक्ता श्याम कुमार सिंह, करनी सेना के प्रदेश सागर सिंह, फ्रेंड्स ऑफ आनंद डॉ पीके सिंह,के डब्लू सिंह, संतोष सिंह, उज्जवल सिंह, नवीन सिंह, चुन्नू सिंह, मनोज सम्राट, शशि राठौड़ आदि थे।

# निरीक्षण के दौरान चिकित्सको की अनुपस्थिति पर नाराज हुये विधायक

प्रात: किरण संवाददाता

बेनीपुर(दरभंगा) ।अनुमंडल अस्पताल बेनीपुर कोरोना के संभावित लहर से मुकाबला के लिए तैयारी प्रारंभ कर दिया है। जिसके लिए प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन सिलेंडर , आईसीयू ,वेंटीलेटर के साथ-साथ प्रचुर मात्रा में बेड तैयार रखने का तैयारी लगभग पूरा कर लिया गया है। ज्ञात हो कि पिछले सप्ताह स्थानीय विधायक प्रो विनय कुमार चौधरी ने देशभर से आ रही कोरोना मरीज की बढती संख्या को लेकर अनुमंडल अस्पताल में व्यापक तैयारी का आवश्यक निर्देश दिया था। उक्त आलोक में उन्होंने आज पुनः अनुमंडल अस्पताल पहुंचकर की गई तैयारी का जानकारी लिया एवं निरीक्षण किया । जिसके दौरान अस्पताल के ऊपरी तल पर 50 बेड को नए सिरे से लगाया गया है जहां ऑक्सीजन का पाइपलाइन सप्लाई के साथ-साथ सिलेंडर की भरपूर व्यवस्था की गई है ।जबकि चार वेंटीलेटर अस्पताल में पूर्व से उपलब्ध है। साथ ही अन्य आईसीयू वार्ड के लिए भी व्यापक तैयारी के साथ-साथ अन्य व्यवस्था की जा रही है ।निरीक्षण के दौरान विधायक चौधरी ने अस्पताल प्रबंधक को निर्देशित करते हुए रक्तदान शिविर आयोजित करने को कहा है साथ ही ब्लड बैंक की वर्तमान स्थिति के संबंध में जानकारी मांगी जिसमें प्रबंधक द्वारा ब्लड उपलब्ध होने की बात बताई गई । साथ ही ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट की मरम्मत के लिए बीएमआईसीएल को लिखे जाने की बात बताई और जल्द मरम्मत हो जाने की आशा व्यक्त की गई। अधिकांश चिकित्सको की अनुपस्थिति पर विधायक चौधरी ने आज एक बार पुनःगहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए चिकित्सक के अनुपस्थिति पर उच्च अधिकारी को लिखने एवं स्वयं के द्वारा बात किए जाने की बात कही। निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक कुमारी भारती ,अस्पताल प्रबंधक उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### पीजी चौथे सेमेस्टर, जून 2025 की मौखिकी एवं प्रायोगिक परीक्षाएं 13 जून से

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. शंकर मिश्रा ने बताया कि पीजी चौथे सेमेस्टर, जून 2025 की मौखिकी एवं प्रायोगिक परीक्षाएं 13 जून से आगामी सात दिनों के भीतर आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी संबंधित विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे संकायाध्यक्ष की सहमति से बाह्य परीक्षकों की सूची तैयार कर कुलपति से अनुमोदन प्राप्त कर लें तथा परीक्षा की तिथि अपने स्तर से सुविधानुसार निर्धारित कर विभाग और संबद्ध महाविद्यालयों को सूचित करें। परीक्षा समाप्ति के पश्चात उपस्थिति पत्रक, डिस्पैच मेमो एवं अंकपत्रक परीक्षा नियंत्रक कार्यालय को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

### आर्दश पंचायत ईटहरी को बिजली सुविधा से विभाग ने रखा है वंचित

बरियारपुर(मुंगेर)। जमालपुर प्रखंड के आर्दश पंचायत कहलाने बाली ईटहरी पंचायत के लोगों को मुलभुत सुविधा से वंचित हैं। वार्ड संख्या 10 व 11 के लोगों को बिजली,पानी के समस्याओं से जुझते आ रहे है।ज्ञात हो कि दिनांक 1 जुन को प्रातः आठ बजे साउथ बिहार पॉवर सव स्टेशन बरियारपुर को दुरभाष से सुचना दिया गया था हमारे गांव शिव टोला ईगलिश गांव के ट्राशफार्मर के नीचे आग लग गई है।जिसे ग्रामीणों ने आग बुझाकर आग पर काबु पा लिया है।सुचना प्राप्ती के बाद मानव वल सत्यापन हेतु आये स्थिति का जायजा लेकर पुनः वापस पॉवर सव स्टेशन बरियारपुर चले गये तब से संवाद प्रेषण तक बिद्युत आपूर्ति वहाल न हो रही है।इस संम्बन्ध मे कार्यपालक पदाधिकारी से दुर्भाष पर संर्पक करने का प्रयास किया गया।लेकिन उन्होंने फोन को नहीं उठाया।

# आंतरिक संसाधन एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों के साथ प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षात्मक बैठक

प्रात : किरण संवाददाता



मधेपुरा प्रमंडलीय आयुक्त, कोशी प्रमंडल (सहरसा) के अध्यक्षता में रविवार को आंतरिक संसाधन, विधि व्यवस्था, राजस्व, विकास कार्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण विभागों की समीक्षात्मक बैठक जिला मुख्यालय के झल्लू बाबु सभागार में की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी, सभी जिलास्तरीय पदाधिकारीगण, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारीगण, एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद रहे। उक्त बैठक में आयुक्त द्वारा आपदा विभाग को बाढ़ पूर्व तैयारी करने का निदेश दिया गया। वहीं मुख्यमंत्री बिहार के द्वारा प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की गई एवं कार्य में तेजी लाने हेतु निदेश दिया गया। महिला संवाद/ डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान में शिविर प्रभारी एवं अन्य पदाधिकारीयों की उपस्थिति सुनिश्चित कराने के साथ-साथ प्राप्त आवेदनों की निश्पादन हेतु निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, परिवहन विभाग, पंचायत राज विभाग, राजस्व विभाग में परिमार्जन, अभियान बसेरा आदि की समीक्षा की गई एवं महत्वपूर्ण निदेश दिए गए। उक्त बैठक के पश्चात प्रमंडलीय आयुक्त कोशी प्रमंडल (सहरसा) के द्वारा जिला परिषद के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सभी नगर निकायों के मुख्य पार्षदों, उप मुख्य पार्षदों के साथ समाहरणालय स्थित न्यु एन.आई. सी. में बैठक कर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के कार्यों में तेजी लाने के संबंध में परिचर्चा की गई। बैठक में सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# संयुक्त प्रशिक्षण शिविर में एनसीसी कैडेट्स नें बिग्रेडियर को गार्ड ऑफ ऑनर



● एनसीसी प्रशिक्षण की सीखों को जीवन में उतार एकता और अनुशासन की भावना से कार्य करें : बिग्रेडियर आशीष खानवलकर

प्रात किरण संवाददाता

सहरसा 17 बिहार बटालियन एनसीसी सहरसा द्वारा बरौनी में आयोजित 29 मई से 7 मई तक दस दिवसीय सयुंक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर (सीएटीसी-कक्क) का बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर एवं कैंप कमांडेंट कर्नल बी सत्यानारयण के देख रेख चल रहें कैंप में सोमवार को भागलपुर ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर आशीष खानवलकर ने निरीक्षण किया। ग्रुप कमांडर का स्वागत कैंप कमांडेंट कर्नल बी सत्यनारायण ने किया। इसके बाद कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया।ग्रुप कमांडर आशीष खानवलकर ने ट्रेनिंग क्षेत्र, फायरिंग कर रहें कैडेट्स एवं थल सेना में भाग ले रहें कैडेट्स, डाइनिंग हॉल, स्टोर, खेल मैदान, कार्यालय आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद कैडेट्स को सम्बोधित भी किया इस अवसर पर उनहोंने कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि शिविर में मिलने वाला प्रशिक्षण व्यवहारिक जीवन में भी उपयोगी होता है। ऐसे में पूरी तन्मयता के साथ प्रशिक्षण लेते रहना चाहिए। ग्रुप कमांडर आशीष खानवलकर ने कहा कि अपने छात्र जीवन में आपने एनसीसी ज्वाइन कर एक अच्छा निर्णय लिया है।एनसीसी के सर्टिफिकेट सिर्फ नौकरी के लिए नहीं प्राप्त करने हैं बल्कि एनसीसी प्रशिक्षण की सीखों को अपने जीवन में उतार कर एकता और अनुशासन की भावना से कार्य करते हुए देश व समाज के लिए एक अच्छा नागरिक बनना है। उन्होंने कहा कि हमें अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों पर भी ध्यान देना है। उन्होंने कैडेट्स को एनसीसी से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। साथ ही सेना में भर्ती होने और अफसर बनने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने आपदा के समय एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में भी बताया। इस कैंप मे 532 कैडेट्स को हथियारों के खोलने, जोड़ने, फायरिंग सहित विभिन्न सैन्य प्रशिक्षण देने के साथ ही प्रमाण पत्र परीक्षा के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। इसमें एनसीसी कैडेटों को शारीरिक प्रशिक्षण, हथियार की जानकारी, ड्रिल, मेप रीडिंग, फील्ड क्राफ्ट, बैटल क्राफ्ट, फायरिंग की ट्रेनिंग दी जा रही है। इस अवसर पर डिप्टी कैंप कमांडेंट ले कर्नल पी के चौधरी, मेजर गौतम कुमार, सेकेंड ऑफिसर प्रणव कुमार प्रसुन, सेकेंड ऑफिसर धर्मेंद्र कुमार, सूबेदार मेजर मो रकीब, नायक सूबेदार टोप बाहदुर सारु, हवलदार सिबा प्रसाद सहित ट्रेनिंग देने में शामिल है।

# लखीसराय में 15से 30 जून तक चलाया जाएगा विशेष धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान



प्रात किरण संवाददाता

लखीसराय !केंद्र सरकार के जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा आदिवासी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को लेकर प्रधानमंत्री द्वारा धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान की शुरूआत की गई है। धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का उद्देश्य जनजातीय बहुल गांव में जनजातीय परिवारों के समुदायों की सामाजिक, आर्थिक स्थिति में सुधार करना तथा उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना है। लखीसराय जिले में सूर्यगढ़ा प्रखंड के कुल 08 गांवों तथा चानन प्रखंड के कुल 02 गांवों का इस योजना के लिए चयन किया गया है। जिले में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के सफल संचालन एवं आम लोगों के बीच जागरूकता को लेकर 15 से 30 जून 2025 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। मुख्य रूप से इस गांव में शिक्षा/स्वास्थ्य/पेयजल/आवास/ आंगनबाड़ी /टोला संपर्क/ पथ आदि सुविधाओं को उपलब्ध कराना है इसके अलावा आयुष्मान कार्ड, जॉब कार्ड, राशन कार्ड शाहिद सभी तरह के प्रमाण पत्र यथा जन्म प्रमाणपत्र, आधार कार्ड निर्माण सभी तरह के पेंशन के लिए अनुसूचित जनजाति के लोगों को लाभ प्रदान किया जाएगा।

# मुजफ्फरपुर की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची की मौत से बिहार में उबाल, लखीसराय में कांग्रेस का उग्र प्रदर्शन

प्रात किरण संवाददाता



लखीसराय !मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी थाना क्षेत्र में दरिंदगी की शिकार 9 वर्षीय मासूम बच्ची की पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल पीएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के विरोध में महिला कांग्रेस ने लखीसराय के बड़हिया बाजार में सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया है।कांग्रेस महिला प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. कुमारी सोनी के नेतृत्व में बड़हिया में महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया।विरोध मार्च बड़हिया स्थित कांग्रेस कार्यालय से निकला गया और लोहिया चौक तक पहुंचा। लोहिया चौक पर कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गईं और घंटों तक सड़क जाम रखा और सरकार से दरिंदे की गिरफ्तारी और बेटियों को सुरक्षित करने की मांग कर रही थी।सड़क जाम के कारण आम जनता को काफी परेशानी हुई, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अडिग रहीं।धरने के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला दहन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि न तो बच्चियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो रही है, और न ही अस्पतालों में समय पर इलाज मिल रहा है।डॉ. कुमारी सोनी ने कहा, ह्वबिहार में बेटियां असुरक्षित हैं। मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म के बाद उसे मरणासन्न हालत में पीएमसीएच लाया गया, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने उसे पांच घंटे तक भर्ती नहीं किया। यह दर्शाता है कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था किस कदर चरमरा गई है ।ह्वउन्होंने कहा कि यह सिर्फ अपराधियों की नहीं, बल्कि सरकार और सिस्टम की भी हत्या है।प्रदर्शन के अंत में कैंडल मार्च निकाला गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं, छात्राएं और समाजसेवी शामिल हुईं। बच्ची की आत्मा की शांति के लिए मौन रखा गया और परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की गई।डॉ. सोनी ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं की गई और पीड़िता के परिजनों को न्याय नहीं मिला,तो कांग्रेस पार्टी पूरे बिहार में राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री से नैतिकता के आधार पर इस्तीफे की भी मांग की।

# कक्षा आठवीं तक 300 बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता परीक्षा आयोजित



प्रात किरण संवाददाता

सहरसा चिल्ड्रेन स्कूल्स वेल्फेयर सोसाइटी कोसी रेंज द्वारा नगर पंचायत नौहट्टा स्थित +2 उत्क्रमित उच्च माध्मिक विद्यालय औरिया रमौती में कक्षा एक से आठवीं तक के लगभग 300 बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चों ने काफी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। छोटे-छोटे बच्चों की चित्रकला के प्रति रुझान एवं लग्न काबिल-ए तारीफ रही। इस परीक्षा के सफल आयोजन के लिए केंद्राधीक्षक मोहम्मद जफीरुद्दीन को नौहट्टा का केंद्राधीक्षक बनाया गया था। इन्होंने परीक्षा कार्यक्रम को कुशल पूर्वक और प्रभावी ढंग से आयोजित किया।अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा ने कहा की इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों को अपने कलात्मक कौशल दिखाने और विकसित भारत के सपने को साकार करने का अवसर देना है। इस अवसर पर सोसाइटी के सचिव अमित कुमार ने बताया कि यह प्रयास छोटे-छोटे बच्चों में उनकी रचनात्मक प्रतिभा को धरातल पर लाने का एक प्रयास किया गया और बच्चों द्वारा बनाए गए चित्र को देखकर ऐसा लग रहा था कि वह मूल भाषा में अपने भाव को स्पष्ट कर रहे है। वही केंद्राधीक्षक मो जफीरुद्दीन ने बताया की परीक्षा में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को मैडल और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जायेगा। परीक्षा के सफल संचालन में मुख्य संरक्षक रमण कुमार वर्मा, अध्यक्ष अवनीश कुमार वर्मा, उपाध्यक्ष राजीव झा एवं राजकिशोर वर्मा, सचिव अमित कुमार, उपसचिव प्रवीण कुमार प्रिंस, कोषाध्यक्ष प्रभात कुमार आनंद, प्रवक्ता ललिकांत कुमार, अंकेक्षक प्रमोद कुमार यादव, कार्यकारिणी सदस्य बिट्टू कुमार, जीवन कुमार, संजय कुमार और सदस्य शशि राज, हिमांशु प्रणव, विकाश कुमार, अभिमन्यु कुमार, मो. जफीरुद्दीन, सुशील कुमार सुमन, नवशांत आनंद, सुशील कुमार, सुभाष चंद्र सिंह, नवल किशोर सिंह, रजनीश कुमार रंजन, मन्नू कुमार, वकील कुमार, रतन कुमार, दीपक कुमार, दुर्गेश कुमार, विकास कुमार, अर्जुन कुमार, अनुराग रमण, वीर कुमार, प्रशांत प्रियदर्शी, मो फारुक आजम, रमण कुमार, शशि कुमार, रंजित कुमार यादव एवं अन्य का पूर्ण सहयोग मिला।

# सीनेट सदस्य के निधन पर एसएनएस कॉलेज में शोक सभा



प्रात किरण संवाददाता

सहरसा सर्व नारायण सिंह राम कुमार सिंह महाविद्यालय के शिक्षक प्रकोष्ठ में प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को पूर्व विश्वविद्यालय सीनेट सदस्य हीरा कुमार सिंह के आकस्मिक निधन पर महाविद्यालय में दो मिनट का मौन रखा गया। प्रधानाचार्य प्रो डॉ अशोक कुमार सिंह ने कहा कि हीरा बाबू शिक्षकेत्तर के लिए ही नहीं शिक्षक के लिए भी आवाज उठाते रहते थे। महाविद्यालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने कहा की हीरा कुमार सिंह विश्वविद्यालय में बहुत दिनों तक भंडार पाल रहे। साथ ही एम एच एस महाविद्यालय सोनबरसा में कार्यरत थे। स्वर्गीय सिंह की भरपाई निकट भविष्य में संभव प्रतीत नहीं जान पड़ता है। वे अच्छे कर्मचारी नेता के साथ विश्वविद्यालय एक्ट के अच्छे जानकार थे एवं बहुत ही लोकप्रिय नेता रहे। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं एक पुत्री छोड़ गए। स्वर्गीय सिंह का निधन मेरे लिए व्यक्तिगत क्षति है। भगवान हीरा बाबू को अपने चरणों में स्थान दें। इस दुख के घड़ी में परमात्मा परिजन को दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। शोक प्रकट करने वालों में सत्यम, तौसीफ आलम, संजय कुमार सिंह, अभिनव कुमार, रविंद्र कुमार सिंह, भवानी तिवारी, किशोर नारायण सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, शशि नाथ यादव, शशि नाथ यादव, बबीता कुमारी, सुनीता कुमारी, सुधा कुमारी, बिंदु कुमारी, अभिमन्यु, विश्वजीत कुमार, निलेश कुमार, बसंत कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, अभिनय सिन्हा के साथ शिक्षकेत्तर कर्मचारी शामिल रहें।

# उप महापौर पर हुये हमला के खिलाफ इंडिया गठबंधन ने निकला आक्रोश मार्च

प्रात : किरण संवाददाता




दरभंगा।दरभंगा नगर निगम में उप महापौर श्रीमती नाजिया हसन पर भाजपा, आर एसएस कार्यकताओं द्वारा हमला व नगर निगम में सरकारी संपति को क्षतिग्रस्त करने के मामले में जिला प्रशासन की चुप्पी के खिलाफ आज इंडिया गठबंधन द्वारा आक्रोश मार्च का आयोजन किया गया। मार्च पोलो मैदान से निकलकर एसएसपी कार्यालय, समाहरणालय होते हुए लहेरियासराय टावर पर जाकर सभा में तब्दील हो गया। मार्च का नेतृत्व भाकपा( माले ) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, कांग्रेस जिला अध्यक्ष दयानंद पासवान, सीपीआई जिला मंत्री नारायण जी झा, राजद राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य प्रेमचंद यादव उर्फ भोलू यादव, सीपीएम नेता गणेश महतो ने संयुक्त रूप से किया। लहेरियासराय टावर पर इन्साफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद, कांग्रेस के जिला प्रवक्ता मोहमद असलम की संयुक्त अध्यक्षता में सभा का आयोजन किया गया। सभा को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि दरभंग नगर निगम की महिला उप महापौर नाजिया हसन पर भाजपा,आर एस एस द्वारा किया गया कायराना हमला काफी दुखद है। नेताओं ने सरकार से मांग किया है कि इस और मामले में नगर निगम प्रशासन व जिला प्रशासन की भूमिका संदिग्ध है। इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए तथा दोषी अधिकारियों पर करवाई होना चाहिए। साथ ही साथ नगर निगम में सरकारी समाप्ति को क्षतिग्रस्त पहुंचाने वाले पर निगम प्रशासन को मुकदमा दर्ज कर करवाई करना चाहिए। साथ ही साथ उपमहापौर द्वारा किए गए मुकदमे में नामजद अभियुक्तों की तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए। अगर हमलावरों को अभिलंब गिरफ्तार नहीं किया जाता है तो इंडिया गठबंधन आंदोलन को और तेज करेगी। इस अवसर पर भाकपा( माले ) जिला सचिव बैद्यनाथ यादव, इंसाफ मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष नेयाज अहमद, अभिषेक कुमार, आर के सहनी, नंदलाल ठाकुर, साधना शर्मा, ओणम कुमारी,केशरी यादव, पप्पू खान, भोला पासवान, उमेश साह, देवेंद्र कुमार, मोहम्मद जमालुद्दीन रिजवान आजाद, दिनेश मंडल, कामेश्वर पासवान, प्रिंस राज, कांग्रेस जिलाध्यक्ष दयानंद पासवान, प्रवक्ता मो.असलम, मधुबनी के उप महापौर अमानुल्लाह खान, रामपुकार चौधरी, डां. मशकूर उसमानी, रेयाज अली खां, डां.जमाल हसन, प्रिंस परवेज, शिवकुमार ठाकुर, सरफराज अनवर, राजा अंसारी।

# लंबित कांडो का जल्द करें निष्पादन विधि व्यवस्था को ले करें सघन गस्ती : डीएसपी विपल्व कुमार



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी जयनगर सोमवार को अनुमण्डल मुख्यालय स्थित अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी कार्यलय कक्ष में डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अनुमण्डल क्षेत्र के सभी थाना अध्यक्षों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक आयोजित की गई। डीएसपी विपल्व कुमार के द्वारा अपराध गोष्ठि सह समीक्षा बैठक के दौरान क्षेत्र के पुलिस पदाधिकारी व सभी थाना अध्यक्षों से क्षेत्र के विधिव्यवस्था और लंबित कांडो की विस्तृत जानकारी ली और कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित सर्किल इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह, जयनगर थाना अध्यक्ष अमित कुमार , देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती, लदनिया थाना धनंजय कुमार , बासोपट्टी थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस पदाधिकारी से कहा कि सभी अपनी अपनी जिम्मेदारियों को समझ कर कार्यों का सही से निर्वहन करते हुए सीमावर्ती क्षेत्र होने को लेकर क्षेत्र में विधि व्यवस्था बनाये रखने औ अपराध नियंत्रण को ले सूचना तंत्र मजबूत करते हुए लंबित कांडो का जल्द से जल्द निष्पादित करे। समकालीन अभियान के तहत अपराधियों की धर पकड़ में तेजी लाते हुए गिरफ्तारी करें। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी, सीमांचल क्षेत्र होने की वजह से असमाजिक और अवांछित लोगों पर पैनी नजर रखने ,प्रतिबंधित नशीला पदार्थ सामानों की धड़ पकड़ करने व मध निषेध कानून को प्रभावी रूप से लागू करते हुए मादक पदार्थ और शराब मामले में अभियान के तहत करवाई करते हुए शराब तस्करों और कारोबारियों एवं शराबियों को गिरफ़्तारी करने शराब जब्ती में तेजी लाने नशीला पदार्थ वस्तुओं के कारोबार से जुड़े लोगो की पहचान कर नकेल कसते हुए सख्ती से पालन करते हुए धर पकड़ करे। अपराध नियंत्रण को लेकर विशेष चौकसी व सतर्कता बरतने सक्रिय रूप से क्षेत्र में निरन्तर दिवा ,संध्या और रात्रि गश्ती बढ़ाने और जारी रखने। क्षेत्र में स्थान बदल बदल कर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने, लंबित कांडों का निष्पादन जल्द करने , थाने में हर माह में एक दफे गुंडा परेड करवाने, कुर्की ,एससी एसटी और पोक्सो में करवाई करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही शराब मामले में की गई करवाई में कितने घरों जगहों को सील किया गया , कितने वाहनो की जब्त किया गया, कितने कुर्की जब्ती वारंट का निष्पादन किया गया। इसकी भी समीक्षा की गई। कुर्की की तामिला करने असमाजिक तत्वों व उपद्रवियों विधिव्यवस्था भंग करने वाले पर कड़ी नजर रखते हुए गुंडा पंजी नाम जोड़ने ।कार्यो के प्रति जवाबदेह और तत्तपर रहें कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही और लापरवाही बर्दाश्त नहीं कि जायेगी किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर जाँच कर विधिसम्मत निश्चित रूप से करवाई की जाएगी। अपराध नियंत्रण को ले चौकीदारों को भी सभी थाना अध्यक्ष क्षेत्र में भर्मण करने और सूचना तंत्र मजबूत करने एवं एसएसबी के साथ समन्वय स्थापित कर बॉर्डर क्षेत्र में संयुक्त रूप से पेट्रोलिंग करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

# कांग्रेस का मेनिफेस्टो कमिटी पहुंचा लखीसराय

प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !लखीसराय जिला कांग्रेस कार्यालय के सभागार में कांग्रेस नेता पूर्व डीजीपी,तमिलनाडु करुणा सागर अध्यक्ष बिहार कांग्रेस मेनिफेस्टो कमिटी और राष्ट्रीय कांग्रेस कोड़ीनेटर राजेश श्रेय सिया के संयुक्त नेतृत्व में लखीसराय जिला के प्रबुद्ध जनों के साथ मेनिफेस्टो के लिए स्थानीय समस्या को लेकर गहन चर्चा हुई।जिसमें पूर्व प्राचार्य प्रो विजेंद्र बाबू,शिक्षा विद गणेश बाबू,जय प्रकाश बाबू, हीरा लाल रजक,प्रेम कुमार ,मो फैयाज,महेश्वरी प्र सिंह,पत्रकार कृष्ण मोहन सिंह,वीरेंद्र सिंह,महेश सिंह,अनिल यादव, ज्ञान गौरव,राजीव अधिवक्ता,दिनेश जी ,संजय कुमार ,अजय कुमार ,अलख निरंजन ,राम प्रवेश,जय किशोर यादव ,चुन्नी कुमार,सोनू कुमार ,आदि प्रमुख रहे।प्रबुद्ध लोगों ने लखीसराय जिला की मूल समस्या लखीसराय में मेरिन ड्राइव,महिला कॉलेज,पथला घाट से गायत्री मंदिर तक किऊल नदी में पुल,अस्पताल में डाक्टर का 80 प्रतिशत रिक्त पदों पर डाक्टर की पदस्थापना,बड़हिया बड़का फील्ड में स्टेडियम,बड़हिया में रेल लाइन पर सड़क उभर ब्रिज,लखीसराय जिला में गंगा नदी पर पुल, टाल, दियार,और धन हर खेतों के महाल तक सड़क और बिजली,बड़हिया टाल को दलहन क्षेत्र घोषित करने सहित अनेक मांगों से प्रबुद्ध जनों ने अवगत कराया।इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष अनीश कुमार सक्रिय रहे।मेनिफेस्टो कमिटी से मिलने कांग्रेस नेता पूर्व आई ए एस गोरखनाथ भी आए।

# महिला स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण की झलक महिला संवाद कार्यक्रम में परिलक्षित



प्रात : किरण संवाददाता

लखीसराय !बिहार के गांवो में चली बदलाव की बयार और महिला स्वावलंबन एवं सशक्तिकरण की झलक महिला संवाद कार्यक्रम में परिलक्षित है। संवाद कार्यक्रम में अत्यंत गरीब से लेकर राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित होकर अब आर्थिक तौर पर सशक्त हुई महिलाएं , हर उम्र और तबके की महिलाओं के साथ उच्च एव व्यवसायिक शिक्षा प्राप्त कर रही और करने की ओर अग्रसर छात्राएं भी अपने जीवन में आये बदलाव को साझा करते हुए से विकास से अछूते रह गए लोगों को तरक्की करने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

अपनी ही भाषा में अपने बीच के लोगों को गाँव के किसी नुक्कड़ पर या किसी चौराहे पर या फिर किसी सामुदायिक स्थल पर आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम में गांवो में हुए विकास और बदलाव के बयार को सुना-और सुनाया जा रहा है ' यूँ तो यह कार्यक्रम महिलाओं के लिए एवं महिलाओं द्वारा ही आयोजित है लेकिन कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पुरुष वर्ग भी विकास की गाथा को स्वीकार कर रहा है और अपने घर-गाँव की महिलाओं के माध्यम से गाँव के लिए नई योजनायें एवं सुविधाओं के लिए सिफारिश कर रहा है ' सभी चाहते हैं कि गाँव में चल रहे विकासात्मक कार्यों को और गति मिले और गाँव से अछूते रह गई सुख -सुविधाएँ और योजनायें ग्रामीणों को मिले। महिला संवाद कार्यक्रम बिहार सरकार की पहल है जो ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में जीविका दारा आयोजित किया जा रहा है ।जीविका अपने ग्राम संगठन द्वारा यह कार्यक्रम प्रतिदिन सुबह एवं शाम में आयोजित कर रही है ' महिला संवाद कार्यक्रम अपने आयोजन का पचास दिन पूरा कर चूका है ' इन पचास दिनों में ग्रामीण महिलाओं की गाँव के विकास, बच्चों की शिक्षा एवं उनके अधिकार तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति एकजुटता, सामाजिक कुरीतिओं के उन्मूलन ऋण की राशि का सही सदुपयोग एवं जीविका समूह से जुड़कर जीवन में बदलाव एवं खुशहाली आदि पर चर्चा एवं संकल्प ले रही हैं। साथ ही उपस्थित और आमंत्रित महिलाओं की सभी इच्छाओं एवं आकांक्षाओं की सूचि तैयार की गई है ।

## सहरसा के गांवों में महिला संवाद से दिखा परिवर्तन का नया चेहरा



सहरसा जिले के गांवों में बदलाव अब केवल एक योजना या घोषणा का हिस्सा नहीं, बल्कि एक जीवंत सच्चाई बन चुका है। यह बदलाव हर सुबह की चाय पर चर्चा, चौपालों की गूंज और महिलाओं के आत्मविश्वास भरे चेहरों में साफ झलकता है। महिला संवाद ने इन गांवों को वह मंच दिया है, जिसकी जरूरत वर्षों से महसूस की जा रही थी। एक ऐसा मंच, जिसने सवाल पूछने, सुझाव देने और अपनी आवाज बुलंद करने का अधिकार महिलाओं को दिलाया है। कभी जहां महिलाओं की आवाजें दब जाया करती थीं, आज वही महिलाएं समाज के केंद्र में खड़ी होकर नेतृत्व कर रही हैं। यह कोई चमत्कार नहीं, बल्कि उस एक सवाल का विस्तार है जिसने इस बदलाव की नींव रखी थी, क्या हम खुलकर बात कर सकते हैं? इस सवाल का उत्तर आज सहरसा जिले के 1092 ग्राम संगठनों से जुड़ी 2.73 लाख से अधिक महिलाओं के आत्मविश्वास में मिलता है । वे अब किसी आयोजन की दर्शक नहीं, बल्कि उसकी निर्देशक हैं। 2 जून 2025 का दिन सहरसा जिले के लिए एक और मील का पत्थर साबित हुआ। इस दिन जिले के 24 गांवों में एक साथ महिला संवाद सत्रों का आयोजन हुआ। सुबह से ही रंग-बिरंगे परिधानों में सजी गांवों की पगडंडियां और महिलाओं की दृढ़ता भरी आवाजें इस बदलाव की कहानी कह रही थीं। किशोरियों ने अपने सपनों की परतें खोलकर साझा कीं, तो बुजुर्ग महिलाओं ने पहली बार अपने जीवन के अनुभवों को कहानियों में पिरोया। इन कहानियों में दर्द भी था, संघर्ष भी, और सबसे अधिक थी स्वीकार्यता–अपनी शक्ति, अपने अधिकारों और अपने भविष्य को गढ़ने की।

## महिलाओं ने जन संवाद के माध्यम से घरेलू गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग की

मुंगेर ।महिला संवाद कार्यक्रम बिहार सरकार की एक प्रेरणादायक पहल है, जिसका उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उन्हें सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना और उनकी आकांक्षाओं को जानना है। इस अवसर पर मुंगेर जिले में पिछले 45 दिनों से कुल 6 संवाद रथ के माध्यम से प्रतिदिन 12 ग्राम संगठनों की जीविका दीदियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें स्थानीय जीविका दीदी एवं अन्य महिलाएं बढ़-चढ़कर भाग ले रही है। कार्यक्रम में महिलाओं को सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जा रही है । साथ ही, महिलाओं की आकांक्षाओं को लाईव इंट्री के माध्यम से संकलित कर भविष्य की नीतियों में शामिल करने का प्रयास किया गया। हवेली खड़गपुर प्रखंड के बरूई पंचायत के जीवन ज्योति जीविका महिला ग्राम संगठन तथा दरियापुर 2 के जय हिंद जीविका महिला ग्राम संगठन के क्षेत्र में महिला संवादह्व कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं द्वारा साझा की गई प्रमुख आकांक्षाएं निम्नलिखित रहीं:जीविका समूह को दिए जाने वाले ऋण पर ब्याज दर 12% से घटाकर 4% करने की मांग।प्रखंड में स्थानीय स्तर पर बड़ी कंपनी की स्थापना, ताकि स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले और पलायन रुके। गैस सिलेंडर के दाम कम करने की मांग।दसवीं पास छात्राओं को लैपटॉप, तथा 12 वीं पास छात्राओं को स्कूटी देने कीआकांक्षा।हर विद्यालय और कॉलेज में सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन की स्थापना।

# मुस्लिम आरक्षण संवैधानिक दायरे में है या नहीं?

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत में आरक्षण एक संवेदनशील और बहुचर्चित मुद्दा रहा है। यह विषय जब धर्म, जाति और सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि से जुड़ता है तो संवैधानिक और नैतिक दोनों स्तरों पर तीखी बहस छिड़ जाती है। हाल ही में कर्नाटक सरकार द्वारा कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता (संशोधन) विधेयक, 2025 के माध्यम से मुस्लिम समुदाय को सरकारी निर्माण अनुबंधों में 4% आरक्षण देने का प्रयास उसी बहस को पुनर्जीवित कर रहा है। कर्नाटक सार्वजनिक खरीद में पारदर्शिता अधिनियम (KTPP Act) का उद्देश्य सरकारी खरीद में निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करना है। 2025 के संशोधन विधेयक के तहत मुस्लिम समुदाय को 2 करोड़ तक के निर्माण अनुबंधों में 4% आरक्षण देने का प्रावधान है। इसका उद्देश्य सरकारी कार्यों में अल्पसंख्यक समुदायों की भागीदारी बढ़ाना बताया गया है। यह विधेयक राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा विधानमंडल में पारित किया गया है। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने विधेयक को मंजूरी देने से इनकार करते हुए उसे राष्ट्रपति के विचारार्थ सुरक्षित रख लिया है। उनका तर्क है कि यह विधेयक धर्म आधारित आरक्षण का प्रयास है। संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (धर्म, जाति, लिंग आदि के आधार पर भेदभाव निषेध) और 16 (सार्वजनिक रोजगार में समान अवसर) का उल्लंघन करता है। सर्वोच्च न्यायालय पहले ही स्पष्ट कर चुका है कि आरक्षण का आधार सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ापन होना चाहिए, न कि धार्मिक पहचान। भारतीय संविधान धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत पर आधारित है। अनुच्छेद 15(1) कहता है कि ह्यराज्य किसी नागरिक के साथ केवल धर्म, मूलवंश, जाति, लिंग, जन्म स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं करेगाह्व जबकि, अनुच्छेद 15(4) और 16(4) के तहत राज्य को सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को विशेष सुविधाएं देने का अधिकार है। यही आधार दलितों, आदिवासियों और अन्य पिछड़ा वर्गों को आरक्षण देने में प्रयोग होता है। धर्म आधारित आरक्षण को लेकर संविधान में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं है, बल्कि इसके विरोध में ही व्याख्या की गई है। भारत के विभिन्न राज्यों में मुस्लिम समुदाय को आरक्षण देने के प्रयास हुए हैं, जैसे- आंध्र प्रदेश (2004) में वाई.एस.आर. सरकार ने मुसलमानों को 5% आरक्षण देने की कोशिश की थी। लेकिन आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट ने इसे असंवैधानिक ठहराया। पश्चिम बंगाल और केरल में मुस्लिम समुदाय के पिछड़े वर्गों को डडउ की श्रेणी में आरक्षण दिया गया, जो सामाजिक-आर्थिक मापदंड पर आधारित था, न कि धार्मिक पहचान पर। झारखंड और बिहार में कुछ मुस्लिम जातियों को डडउ सूची में शामिल किया गया है। लेकिन, स्पष्ट रूप से धर्म के आधार पर आरक्षण देने के प्रयास अक्सर कानूनी अड़चनों में फंसते रहे हैं। कर्नाटक में मुस्लिम समुदाय को पहले से अंतर्गत 4% आरक्षण प्राप्त था। लेकिन 2023 में भाजपा सरकार ने इसे समाप्त कर दिया और इसे लिंगायत और वोक्कालिगा समुदायों को स्थानांतरित कर दिया। 2024 में कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही इस आरक्षण को पुनर्स्थापित करने की मंशा जताई और उसी क्रम में केटीपीपी संशोधन विधेयक लाया गया। इस प्रकार, यह मुद्दा संवैधानिक से अधिक राजनीतिक रंग ले चुका है। सर्वोच्च न्यायालय ने अपने कई निर्णयों में धर्म आधारित आरक्षण के प्रति सतर्क दृष्टिकोण अपनाया है। कुछ प्रमुख उदाहरण है इंदिरा साहनी बनाम भारत सरकार (1992) - आरक्षण केवल सामाजिक और शैक्षणिक पिछड़ेपन के आधार पर ही दिया जा सकता है, न कि धर्म या जाति मात्र के आधार पर। TMA पाई फाउंडेशन मामला (2002)- सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि धर्मनिरपेक्ष राज्य धार्मिक पहचान को आरक्षण का आधार नहीं बना सकता। आंध्र प्रदेश मुस्लिम आरक्षण केस (2005)- सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर आपत्ति जताई कि सरकार ने पूरी मुस्लिम आबादी को एक साथ ह्यपिछड़ाह्व मान लिया। इन निर्णयों में यह बात स्थापित हुई है कि धार्मिक पहचान मात्र, आरक्षण का संवैधानिक आधार नहीं हो सकता है।

# जीडीपी विकास दर के मायने

वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी, अंतिम तिमाही (जनवरी-मार्च) में देश की आर्थिक विकास दर 7.4 फीसदी रही। बेशक यह कई अपेक्षाओं और अनुमानों से परे मानी जा सकती है, लेकिन यह अभूतपूर्व नहीं है। कुल वित्त वर्ष की विकास दर 6.5 फीसदी रही है, यह पुष्टि भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने की है। यदि वस्तुओं, सेवाओं और वेल्यू एडिड के तौर पर लगाए गए करों को हटा लिया जाए, तो चौथी तिमाही की विकास दर 6.8 फीसदी रह जाएगी। विकास की गति दूसरी छमाही के दौरान तेजी से बढ़ी, अलबत्ता दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में विकास दर 5.6 फीसदी तक लुढक गई थी। समग्रता में देखें, तो भारतीय अर्थव्यवस्था की बढ़ोतरी 2024-25 के दौरान धीमी, मंद रही है, लिहाजा चौथी तिमाही के आंकड़ों पर गालबजाई नहीं करनी चाहिए। फिर भी भारतीय रिजर्व बैंक और विश्व की आर्थिक एजेंसियों ने 2024-25 के दौरान हमारी आर्थिक विकास दर 6.2 फीसदी से 6.4 फीसदी तक ही आंकी थी। यह दर भी विश्व में सबसे तेज अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करती है। औद्योगिक उत्पादन के क्षेत्र में, खासकर मैन्यूफैक्चरिंग में, तेजी से गिरावट देखी गई है। 2024-25 के दौरान मार्च तिमाही में इस क्षेत्र में 4.8 फीसदी की दर से बढ़ोतरी दर्ज की गई। पिछली तिमाही में यह वृद्धि 3.6 फीसदी थी, जबकि एक साल पहले यह दर 12.3 फीसदी थी। यह चिंताजनक फासला माना जा सकता है। बीते वित्त वर्ष में कृषि क्षेत्र ने नए आयाम स्थापित किए। मौसम माकूल रहा, जलाशयों में पानी भरा रहा, किसानों को उनकी फसलों के दाम अच्छे और ज्यादा मिले, लिहाजा किसानों ने फसलों की ज्यादा बुआई की। बड़े खेतों में फसल लगाई। नतीजा यह रहा कि चौथी तिमाही में कृषि विकास दर 5.4 फीसदी रही। पूरे वित्त वर्ष की कृषि विकास दर 4.6 फीसदी रही। यह लंबे समय तक की औसतन दर से अधिक है। यह बढ़ते ग्रामीण उपभोग और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सुखद व्याख्या करती है, लेकिन भारत के ज्यादातर किसान आज भी गरीब और कर्जदार हैं। प्रधानमंत्री मोदी इस संदर्भ में अपना वायदा अब तो पूरा करें। इस तिमाही में निर्माण क्षेत्र में 10.8 फीसदी की दर से विस्तार हुआ, हालांकि एक साल पहले इस क्षेत्र की विकास दर 8.7 फीसदी थी। खनन क्षेत्र, सेवा क्षेत्र और सार्वजनिक प्रशासन, रक्षा आदि क्षेत्रों में भी विकास दर्ज किया गया है। दरअसल 2023-24 में जीडीपी 9.2 फीसदी की दर से बढ़ी थी। विशेषज्ञों का मानना है कि सामान्य निर्यात में गिरावट और औद्योगिक गतिविधियों में सुस्ती का असर कुल अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई देता है। विशेषज्ञों का यह भी आकलन है कि मार्च तिमाही में अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन स्पष्ट करता है कि घरेलू मांग, निवेश, बचत आदि में बढ़ोतरी हुई है। अप्रैल, 2025 में 26,632 करोड़ रुपए का निवेश हुआ। यह किसी एक माह में सबसे बड़ा निवेश है। रिजर्व बैंक की ताजा रपट के मुताबिक, 2023-24 में घरेलू नेट वित्तीय बचत 5.1 फीसदी पर पहुंच गई थी, जो पिछले साल 4.9 फीसदी थी। यह आंकड़ा देश की आर्थिक सेहत के लिए सकारात्मक संकेत है। अब भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन गया है। 2025-26 में भी भारत की आर्थिक विकास दर 6.3 फीसदी से 6.8 फीसदी तक रह सकती है। अर्थात भारत की आर्थिक शक्ति और भी बढ़ेगी और हम अपना लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। व्यापार, होटल, परिवहन और संचार के साथ-साथ वित्तीय, रियल एस्टेट और पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में विकास पहले की अपेक्षा धीमी गति से हुआ है। जीडीपी डाटा स्पष्ट करता है कि पिछले साल निजी खपत 7.2 फीसदी की दर से बढ़ी है। हालांकि कुछ कंपनियों की व्याख्या भिन्न है। वे मानती हैं कि मांग में नरमी आई है और मध्य वर्ग सिकुड़ा है। वे निवेश से प्राप्त पूंजी की स्थिरता पर भी सवाल करती आई हैं, जबकि तिमाही का डाटा स्पष्ट करता है कि सकल सावधि पूंजी निर्माण 9.4 फीसदी की दर से बढ़ा है। गौरतलब यह है कि अप्रैल, 2025 में खुदरा महंगाई दर 3.16 फीसदी रही। यह बीते कई माह की सबसे कम महंगाई दर है। खाद्य वस्तुओं की महंगाई घटना और निजी खपत बढ भी सकारात्मक संकेत हैं। विश्लेषक यह भी मान रहे हैं कि आने वाली तिमाहियों में यह विकास दर कम भी हो सकती है।

# अब तीसरी बड़ी आर्थिकी की डगर

**इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा।**





डॉ. जयंतीलाल भंडारी
(लेखक)

हाल ही में 24 मई को नीति आयोग ने बताया कि जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और आगामी 2.5 से 3 सालों में भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में रेखांकित होते हुए भी दिखाई दे सकेगा। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को दुनिया के ख्याति प्राप्त अरबपति निवेशक मार्क मोबियस ने कहा कि जापान को पछाड़ते हुए चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना भारत की एक अविश्वसनीय उपलब्धि है। वास्तव में भारत के विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में आगे बढ के पीछे जो प्रमुख कारण हैं, उनमें 140 करोड़ की जनसंख्या, देश के मध्यम वर्ग की बढ़ती क्रयशक्ति, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का दूरदर्शी नेतृत्व और मजबूत आर्थिक नीतियां शामिल हैं। साथ ही इस समय भारत जिस ऊंची विकास दर और आर्थिक रणनीति के साथ आगे बढ़ रहा है, उससे भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनते हुए भी दिखाई देगा। गौरतलब है कि दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की डगर पर भारत को कई चुनौतियों से मुकाबला करते हुए आगे बढ होगा। वैश्विक व्यापार तनाव, टैरिफ में हुई बढ़ोतरी, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान तथा बढ़ते हुए व्यापार घाटे जैसी चुनौतियों से भारत को निपटना होगा। खास तौर से भारत के द्वारा व्यापार घाटे पर नियंत्रण के लिए रणनीतिपूर्वक आगे बढ जरूरी है। चीन से वर्ष-प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करना होगा। हाल ही में प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में चीन को भारत का निर्यात 14.5 प्रतिशत घटकर 14.25 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2023-24 में यह 16.66 अरब डॉलर था। इतना ही नहीं, चिंताजनक यह भी है कि चीन से 2024-25 में आयात 11.52 प्रतिशत बढकर 113.45 अरब डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 101.73 अरब डॉलर था। चीन के साथ व्यापार घाटा पिछले वित्त वर्ष में करीब 17 प्रतिशत बढकर 99.2 अरब डॉलर हो गया, जो 2023-24 में 85.07 अरब डॉलर था। चीन 2024-25 में 127.7 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार के साथ भारत का दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बना रहा। दोनों देशों के बीच 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर का द्विपक्षीय व्यापार हुआ था। चीन पर निर्भरता कम करने के जो रणनीतिक कदम उठाए गए हैं, उनका अभी जमीनी तौर पर कोई विशेष असर नहीं दिखा है। इस परिप्रेक्ष्य में उल्लेखनीय है कि 26 मई को प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के दाहोद में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें आयातित वस्तुओं की खरीदी की बजाय देश में उत्पादित उत्पादों को खरीदने का संकल्प लेना चाहिए। यह देश की प्रगति के लिए जरूरी है। निश्चित रूप से इस समय सूक्ष्म, लघु और मझौले उद्यम (एमएसएमई) देश को तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में अहम भूमिका निभाएंगे। जहां एमएसएमई देश से निर्यात बढ़ाने में नई भूमिका निभा सकते हैं, वहीं आयात नियंत्रण में भी मददगार हो सकते हैं। इस समय नए व्यापार युग के बदलाव के दौर में भारत के एमएसएमई के लिए चुनौतियों के बीच दुनिया में आगे बढ के ऐतिहासिक अवसर भी हैं और ये उद्योग वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में प्रतिस्पर्धी बन सकते हैं। इसमें कोई दो मत नहीं है कि टैरिफ वार से एमएसएमई क्षेत्र को जो झटका लग रहा है, उस झटके से एमएसएमई को उबारने के लिए जहां एक ओर सरकार के द्वारा एमएसएमई के समक्ष दिखाई दे रही चुनौतियों के समाधान के लिए रणनीति बनाकर निर्यातकों को सहारा देना होगा, वहीं एमएसएमई क्षेत्र के उद्यमियों और निर्यातकों को भी नई चुनौतियों के मद्देनजर तैयार होना होगा। निःसंदेह देश को तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति अहम होगी। भारत के द्वारा विगत 6 मई को ब्रिटेन के साथ किए गए मुक्त व्यापार समझौते के बाद अब अमरीका और यूरोपीय यूनियन के साथ मुक्त व्यापार समझौतों को 31 दिसंबर 2025 तक पूर्ण किए जाने के लक्ष्य की ओर तेजी से आगे बढ होगा। इस समय भारत और अमरीका के बीच द्विपक्षीय कारोबार समझौते (बीटीए) के शुरूआती चरण के लिए वार्ता तेजी से आगे बढ़ रही है और 8 जुलाई से भारत और अमरीका के बीच अंतरिम व्यापार समझौता लागू हो सकता है। हाल ही में अमरीका के वित्तमंत्री स्कॉट बेसेंट ने व्हाइट हाऊस में एक प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि पूरी दुनिया में भारत एक ऐसे पहले देश के रूप में सामने आया है, जो अमरीका के साथ सबसे पहले टैरिफ पर प्रभावी वार्ता करते हुए द्विपक्षीय कारोबार समझौते को तेजी से अंतिम रूप देने की डगर पर आगे बढ़ रहा है। भारत के द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजराइल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल सहित अन्य प्रमुख देशों के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप दिया जाना होगा। इसमें कोई दो मत नहीं है कि भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिकी बनाने में देश से सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) की भूमिका भी प्रभावी होगी। इस समय पूरी दुनिया में भारत सेवा निर्यात की डगर पर छलांगे लगाकर आगे बढ़ रहा है। भारत को सेवा निर्यात की नई वैश्विक राजधानी के रूप में रेखांकित किया जा रहा है। हाल ही में वाणिज्य मंत्रालय के द्वारा प्रकाशित आंकड़ों के मुताबिक पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत का सेवा निर्यात करीब 387.5 अरब डॉलर का रहा है। भारत में बड़ी बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसी) की तेजी से नई स्थापनाओं के कारण भी सेवा निर्यात तेजी से बढ़ रहा है। हाल ही में नैसकॉम और जिनोव की ओर से जारी इंडिया जीसीसीए लैंडस्केप रिपोर्ट के मुताबिक जीसीसी के लिए भारत दुनिया का सबसे बड़ा हब बनते हुए दिखाई दे रहा है। फिलहाल देश में 1700 जीसीसी हैं जिनसे 20 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिल रहा है। देश में जीसीसी का बाजार आकार 5.4 लाख करोड़ रुपए का है और यह 2030 तक 8.4 लाख करोड़ रुपए का होगा। दुनिया के 50 प्रतिशत जीसीसी सिर्फ भारत में हैं। भारतीय जीडीपी में भारत के जीसीसी का योगदान एक प्रतिशत है और 2030 तक यह 3.5 प्रतिशत हो जाएगा। ऐसे में भारत को सेवा निर्यात और तेजी से बढ़ाने की नई रणनीति के साथ आगे बढ होगा। यह बात ध्यान में रखी जानी होगी कि अब सेवा निर्यात के क्षेत्र में भी लगातार प्रतिस्पर्धा बढ़ रही है। ऐसी स्थिति में भारत से डिजिटल सेवा निर्यात में तेजी से वृद्धि के लिए सेवाओं की गुणवत्ता, दक्षता, उत्कृष्टता तथा सुरक्षा को लेकर और अधिक प्रयास करना होंगे।

# दोस्ती या मौत की सैरः युवाओं की असमय विदाई का बढ़ता सिलसिला

**पिछले कुछ हफ्तों में ही हरियाणा में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं:हिसार में दो युवकों की झील में डूबकर मौत, जहां वे अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। परिजनों का आरोप है कि साथी दोस्त वीडियो बनाते रहे, मदद नहीं की। सोनीपत में एक लड़के की दोस्तों ने गला दबाकर हत्या कर दी, फिर शव को नहर में फेंक दिया। रेवाड़ी में एक छात्र का शव जंगल में मिला, जो आखिरी बार अपने दोस्तों के साथ देखा गया था। इन घटनाओं में कुछ समानताएं हैं: (1) युवा अपने भरोसेमंद दोस्तों के साथ थे, (2) परिवार को जानकारी नहीं थी कि असल में कहां गए हैं, (3) मौत के बाद दोस्तों की भूमिका संदिग्ध रही।**






डॉ. सत्यवान सौरभ
(लेखक)

हरियाणा में इन दिनों एक डरावना चलन पनपता दिख रहा है। हर हफ्ते कहीं न कहीं से यह खबर आती है कि कोई युवा दोस्तों के साथ घूमने गया और लौट कर अर्थी में आया। ये घटनाएं केवल अखबार की सुर्खियां नहीं, बल्कि हमारे सामाजिक ताने-बाने और व्यवस्था की खामियों की वीभत्स तस्वीर हैं। दोस्ती अब दुर्घटना का पर्याय बनती जा रही है।

**घटनाएं जो झकझोर देती हैं**

पिछले कुछ हफ्तों में ही हरियाणा में कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं:हिसार में दो युवकों की झील में डूबकर मौत, जहां वे अपने दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गए थे। परिजनों का आरोप है कि साथी दोस्त वीडियो बनाते रहे, मदद नहीं की। सोनीपत में एक लड़के की दोस्तों ने गला दबाकर हत्या कर दी, फिर शव को नहर में फेंक दिया। रेवाड़ी में एक छात्र का शव जंगल में मिला, जो आखिरी बार अपने दोस्तों के साथ देखा गया था। इन घटनाओं में कुछ समानताएं हैं: (1) युवा अपने भरोसेमंद दोस्तों के साथ थे, (2) परिवार को जानकारी नहीं थी कि असल में कहां गए हैं, (3) मौत के बाद दोस्तों की भूमिका संदिग्ध रही।

**दोस्ती के पीछे छिपता अपराध**

माना जाता है कि दोस्ती सबसे मजबूत रिश्ता होता है, खून से भी गाढ़ा। पर हरियाणा में यह धारणा दरक रही है। अब दोस्ती की आड़ में जलन, प्रतिस्पर्धा, चालबाजी और यहां तक कि हत्या तक के मामले सामने आ रहे हैं। कई बार ये दोस्त ड्रग्स, जुए, बाइक रेसिंग जैसे खतरनाक कामों में एक-दूसरे को फंसा देते हैं। परिवारों की असहायता और गूंगी चीखें इन घटनाओं में सबसे ज्यादा पीड़ित वे माता-पिता हैं, जिन्होंने अपने बच्चों को घर से हँसते हुए विदा किया और फिर लाशों में बदलकर पाया। वे न समझ पा रहे हैं कि गलती उनकी थी या सिस्टम की या फिर उस ह्यदोस्तीह्व की, जिस पर उन्होंने आँख मूँदकर विश्वास किया था। कई बार परिवार को यह भी नहीं पता होता कि बच्चा किसके साथ गया है। सोशल मीडिया और मोबाइल की दुनिया ने एक झूठी पारदर्शिता बनाई है, जिसमें हर चीज दिखती है, पर सच्चाई कहीं छिप जाती है।

**सिस्टम की नाकामी**

प्रशासन और पुलिस का रवैया भी इन मामलों में बेहद सुस्त रहा है। अधिकतर मामलों में पुलिस तब हरकत में आती है जब मीडिया दबाव डालता है या परिजन सड़क पर उतर आते हैं। शुरूआती रिपोर्ट में अकसर दुर्घटना कहकर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है। बच्चों की लोकेशन ट्रेसिंग, उनके घूमने की सूचना, पार्क और पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा बंदोबस्त—इन सभी में भारी कमी दिखाई देती है।

**शिक्षा और संवाद की कमी**

एक और बड़ा कारण है युवाओं के साथ संवादहीनता। परिवार, शिक्षक और समाज युवाओं को केवल ह्यकैरियरह्व या ह्यशादीह्व के चश्मे से देखते हैं। दोस्त कौन हैं? जीवन में क्या तनाव है? किस दिशा में सोच रहे हैं?—इन सवालों पर कोई ध्यान नहीं देता। जब संवाद की जगह सन्नाटा ले लेता है, तो दोस्ती ही सबसे बड़ा प्रभाव बन जाती है—फिर चाहे वह सकारात्मक हो या घातक।

**क्या हर सैर मौत की मंज़िल बनेगी?**

क्या अब हर माता-पिता को डरना होगा जब उनका बच्चा कहेगा, ह्लदोस्तों के साथ घूमने जा रहा हूँह्व? क्या अब युवाओं को बाहर जाने के लिए पुलिस वेरिफिकेशन कराना होगा? ये सवाल जितने बेतुके लगते हैं, आज के संदर्भ में उतने ही वास्तविक हैं। अगर समाज ने अभी चेतावनी नहीं ली, तो वह दिन दूर नहीं जब ह्यदोस्तीह्व शब्द से ही डर लगेगा।

**समाधान की राह**

इन घटनाओं को रोकने के लिए महज शोक या गुस्से से काम नहीं चलेगा, हमें ठोस कदम उठाने होंगेः1. युवा सुरक्षा नीतिः हरियाणा सरकार को युवाओं की सुरक्षा को लेकर अलग नीति बनानी चाहिए, जिसमें घूमने वाले समूहों की जानकारी, पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा, और आपातकालीन हेल्पलाइन जैसी व्यवस्थाएं हों। 2. माता-पिता से संवादः स्कूलों और कॉलेजों में माता-पिता और बच्चों के बीच संवाद को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम होने चाहिए। 3. मनोवैज्ञानिक परामर्शः युवाओं को काउंसलिंग और मेंटल हेल्थ सपोर्ट मिलना चाहिए, ताकि वे सही और गलत दोस्ती के बीच फर्क समझ सकें। 4. सोशल मीडिया निगरानीः कई बार लड़ाई-झगड़े या जलन की जड़ें इंस्टाग्राम, रल्लंस्न्रॅू३ या हँ३२अस्त्रस्त्र जैसे प्लेटफॉर्म से उपजती हैं। अभिभावकों को डिजिटल व्यवहार पर भी सतर्क रहना होगा। 5. सख्त कानूनी कार्रवाईः जिन मामलों में दोस्त ही अपराधी पाए जाते हैं, वहां त्वरित और सख्त कार्रवाई की जाए ताकि एक स्पष्ट संदेश जाए। 6. युवाओं को आत्मनिर्भर बनानाः शिक्षा व्यवस्था में ऐसी सामग्री और संवाद जोड़े जाएं जो युवाओं को जीवन मूल्यों, संबंधों की समझ और संवेदनशीलता सिखा सकें।दोस्ती के मायने फिर से गढ़ने होंगे हरियाणा के युवाओं को एक ऐसे समाज की जरूरत है जहां दोस्ती भरोसे का पर्याय बने, भय का नहीं। और माता-पिता को भी एक ऐसे माहौल की दरकार है जहां वे अपने बच्चों को मुस्कुराकर विदा कर सकें—बिना इस डर के कि लौटेंगे या नहीं। हमें मिलकर यह तय करना होगा कि दोस्ती की राह मौत की मंज़िल न बने। वरना वो दिन दूर नहीं जब ह्लमैं दोस्तों के साथ जा रहा हूँह्व सुनते ही हर माता-पिता का कलेजा कांप उठेगा।

# कोरोना की फिर बढ़ी रफ्तार, हो जाएं होशियार

कोरोना की रफ्तार फिर पहले सरीखे गति पकड़ रही है। देश-दुनिया में चिंता है। भारत में हर दिन नई-नई आती सूचनाएं डरा रही हैं। उंगलियों पर गिने जाने वाले आंकड़े हफ्ते भर में ही हजारों में पहुंच गए। मरने वालों की संख्या में भी हो रही वृध्दि अलग डराती है। कहां 19 मई तक आधिकारिक तौर पर 257 मामले थे। इस रविवार सुबह तक यह आंकड़े 3395 पार गए हैं। मरने वालों की संख्या भी हर रोज बढ़ रही है। सबसे ज्यादा केरल में 1336 सक्रिय मामले हैं। वहीं इससे होने वाली मौतों की शुरूआत भी हो चुकी है जो अभी बहुत ही कम है। लेकिन एक दिन में 685 मामले दर्ज होना, बड़ा इशारा है। महाराष्ट्र में 467 दिल्ली में 375 गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 मामले आए हैं। हांगकांग और सिंगापुर में यह बहुत तेजी से फैलते कोरोना ने भारत में जिस तरह पैर पसारा वो चिंतनीय है। इसके नए वैरिएंट जेएन-1 का प्रकोप जारी है जो पहली बार अगस्त 2023 में मिला था। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे दिसंबर 2023 में ही ह्यवैरिएंट ऑफ इंटरेस्टह्व घोषित कर साफ किया था कि यह ओमीक्रॉन बी.ए.2.86 का वंशज है। इसमें 30 के लगभग म्यूटेशन पाए गए जिनमें एल.एफ.7 और एन.बी.1.8 की संख्या ज्यादा थी। कोरोना की यह नई लहर साउथ-ईस्ट एशिया में कुछ ज्यादा ही असर दिखा रही है। सिंगापुर, हांगकांग और थाईलैंड जैसे देशों में कोविड के मामले बहुत ही तेजी से बढ़ने के बाद अब भारत में रफ्तार पकड़ रहे हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसका कारण लोगों के शरीर में एंटीबॉडी का कम हो जाना भी है। भारत में भी ऐसी संभावनाओं से इंकार नहीं है। इतना तो लगने लगा है कि सप्ताह भर में ही बढ़े संक्रमण के मामलों में जो उछाल आया है वो चिंताजनक है। चीन से भी छन-छन कर जो निकल रहा है उससे इतना तो पता चल गया कि वहां भी बीते एक महीने में कोरोना के मामलों में काफी तेजी आई है। लेकिन दुनिया को कोरोना देकर भी छुपाने और तबाही की कगार पर पहुंचाने के बाद चीन से जितने सच सामने आए, उसने दुनिया में कैसा विनाश मचाया था, सबने देखा। इस बार संक्रमित होने वाले अधिकतर लोग वो ज्यादा हैं जो या तो कोमर्बिडिटी यानी सह-रुग्णता वाली स्थिति में हैं। इसमें प्रभावितों को एक ही समय में एक से अधिक बीमारियाँ होती हैं जिसके कई कारण हो सकते हैं। कुछ सामान्य जोखिम कारक होते हैं, जबकि कुछ अन्य स्थितियों से उत्पन्न लक्षणों या उसके उपचारों के कारण होते हैं। अभी ज्यादातर लक्षण, कोमोर्बिटी या फिर 65 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों में दिख रहे हैं। लेकिन प्रभावित हर आयु वर्ग के लोग हो रहे हैं। स्वास्थ्य जोखिमों को देखते हुए अधिकारियों ने डॉक्टर की सलाह पर अपडेटेड वैक्सीन लेने की सलाह दी है। उच्च जोखिम वालों बुजुर्गों, कोमोर्बिटी के शिकार को पहले से ही सालाना कोविड-19 वैक्सीन लेने की सलाह दी जाती रही है। केरल के बाद महाराष्ट्र, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश में भी कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ना चिंताजनक है। उधर अब हॉन्गकॉन्ग के स्वास्थ्य अधिकारी अल्बर्ट अउ का वो बयान सामने है जिसमें उन्होंने माना कि कोरोना वायरस के मामले वहां तेजी से बढ़ रहे हैं। सांस लेने की तकलीफ वाले मरीजों के कोविड पॉजिटिव पाए जाने की संख्या अभी साल के महज पाँचवें महीने में ही उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। जबकि चीन में श्वांस संबंधी बीमारियों की जांच करवाने वाले मरीजों में कोविड वायरस पाए जाने के मामले दो गुने होना चिंताजनक है। लोगों को बूस्टर शॉट लेने की सलाह दी गई है। साथ ही चाइनीज सेंटर फॉर डिजीज एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों के मुताबिक, कोविड की लहर जल्द ही तेज भी हो सकती है। चीन, थाईलैंड और हांगकांग में वहां की सरकारें अलर्ट पर हैं। साउथ-ईस्ट एशिया के हालात देखते हुए भारत भी सतर्क है। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक यानी डीजीएचएस ने राष्ट्रीय रोग नियंत्रण, आपदा प्रबंधन सेल, भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और केंद्रीय सरकारी अस्पतालों के विशेषज्ञों के साथ बैठकें कर चुके हैं। देश की बड़ी आबादी के दृष्टिगत बढ़ती संख्या कहीं न कहीं चिंता बढ़ाने वाली है। अस्पतालों को इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारियों और श्वसन संक्रमण के गंभीर मामलों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। हालांकि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर बारीकी से निगरानी रख सतर्क और सक्रिय होकर सुनिश्चित कर रहा है कि सार्वजनिक स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए उचित उपाय किए जाएं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरीके से तैयार है। स्वास्थ्य मंत्रालय पूरी तरीके से सतर्कता के साथ हर परिस्थिति पर नजर रख रहा है। हां, देश भर के सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की भी जिम्मेदारी है कि सतर्क रहें, सतर्क करें। ऑक्सीजन और वैक्सीन के इंतजाम पर्याप्त रखे जाएं। ईश्वर करे कि वो स्थिति न आए जिसे हमने देखा, भोगा है। लेकिन पुराने कड़ने अनुभव, काली यादें और कोरोना के कुछ साल का दौर कितना भयावह था, याद कर ही रोंगटे खड़े हो जाते हैं। याद कीजिए कैसे उंगलियों पर गिनने लायक कोरोना के मामले पहले दर्जन से सैकड़ा, फिर हजार और उसके बाद लाखों में पहुंचे। अच्छा हो इस बार इससे शुरू में ही निपट लिया जाए जिसका तरीका हमें अब पता है। यकीनन एक बार फिर वो दौर आ गया है जब 2019-20 जैसे अहतियात और मास्क की जरूरत आन पड़ी है। अच्छा हो कि अभी से सचेत हो जाएं।

## हादसों का सड़क बना बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग

### तीन दिन में तीसरी घटना कार टकराई पेड़ से पूरा परिवार घायल

प्रात : किरण संवाददाता





बगहा। बगहा वाल्मीकिनगर मुख्य सड़क मार्ग हादसों के सड़क मार्ग के रूप में पहचान बनाते जा रही है। पिछले तीन दिनों में यह तीसरी सड़क दुर्घटना है। जिसमे एक व्यक्ति की मौत और आधे दर्जन लोग घायल हो गए हैं।बतादें की सोमवार की सुबह पर्यटक वाल्मीकिनगर भ्रमण के बाद कार से लौट रहे थे तभी नौरंगिया और हरदियाचांटी के बीच मलंगवा पुलिया के समीप कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिसमें कार सवार चालक समेत सभी लोग घायल हो गए।थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि सम्भवत सड़क पर अचानक जंगली जानवर के आने की वजह से यह दुर्घटना हुई प्रतीत हो रही है। थानाध्यक्ष ने आगे बताया कि कार पेड़ से टकराने के बाद कार के दरवाजे लॉक हो गए,सभी घायल कार में ही फंस गए। कार का दरवाजा को सरिया से तोड़कर घायलों को बाहर निकाला गया और फौरन अनुमंडल अस्पताल भेजा गया।श्री अजय ने आगे बताया कि ज्यादातर दुर्घटनाग्रस्त गाड़िया बाहरी क्षेत्र की हो रही है जिन्हें सड़क के तीखे मोड़,जंगली जानवरों के सड़क क्रॉसिंग का अंदाजा नहीं होता है। वहीं स्थानीय निवासी ने बताया कि हरदियाचाटी के मलंगवा पुल के समीप हिरणों का झुंड बराबर सड़क पार करता हैं और इस एरिये में बाघ भी देखा जा रहा है जो बराबर सड़क पार करते हुए दिख जाता है। बतादें की असावधानी से गाड़ी चलाने के कारण लगातार दुर्घटनाएं हो रही है।चालक वीटीआर जंगल सड़क मार्ग में प्रवेश करते अपनी गाड़ी सावधानी पूर्वक चलाएं और सड़क किनारे लगे साइनबोर्ड के प्रिकॉशन पर अमल करें,साथ ही गाड़ी की स्पीड नियंत्रित रखें।

## पर्यवेक्षण गृह व विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान में बेहतर सुविधा मिले: डीएम

### जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बाल संरक्षण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता

छपरा। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक आहूत की गई। जिला में दो बाल देख -रेख एवं संरक्षण के संस्थान बाल संरक्षण इकाई द्वारा संचालित है। पर्यवेक्षण गृह रेड क्रॉस भवन में किराये पर संचालित है। इसमें 07 से 18 वर्ष तक के विधि विवादित किशोर को किशोर न्याय परिषद, के आदेश से आवासित कराये जाते हैं। वर्त्तमान में 56 किशोर यहाँ आवासित हैं। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान छपरा में किराये के भवन में संचालित है। इसमें 0 से 6 वर्ष तक के देख रेख वाले बच्चों को बाल कल्याण समिति के आदेश से आवासित कराये जाते हैं। वर्तमान में यहाँ 6 बच्चे आवासित है। जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, परवरिश योजना, स्पांसरशिप योजना एवं पीएम केयर्स योजना संचालित है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत कुल 6001 लाभुकों को भुगतान किया गया है। इस संबंध में बताया गया कि बाल कल्याण समिति सारण में मई माह में कुल 65 बालक-बालिकाओं को प्रस्तुत किया गया है। मई माह में 44 बालकों का पुनर्वासन किया गया है। विशिष्ट दत्तक ग्रहण संस्थान द्वारा 01 जनवरी 2024 से 15 मई 2025 तक कुल 16 बालक-बालिकाओं को दत्तक ग्रहण में दिया गया है। जिसमें 02 बालक-बालिकाओं को अंतर्देशीय दत्तक ग्रहण एवं 14 बालक-बालिकाओं को देशीय दत्तक ग्रहण में दिया गया है। जिलाधिकारी ने इन सभी संस्थानों के बेहतर साफ- सफाई हेतु नगर निगम को आवश्यक सहयोग करने को कहा। पर्यवेक्षण गृह के जीर्णोद्धार कार्य को गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित कराने को कहा गया। बैठक में नगर आयुक्त,सिविल सर्जन, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

## मतदाता जागरूकता अभियान को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम की तैयारी तेज, स्वीप कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

आगामी/आगामी 3 जून से 5 जून तक चलने वाले तीन दिवसीय मतदाता जागरूकता अभियान की तैयारियों को लेकर स्वीप कोषांग की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रोचना माद्री ने की। बैठक में कार्यक्रम के सुचारू संचालन सुश्री मेरी एडलीन ने किया तथा व्यापक जनसहभागिता को सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सुझावों और योजनाओं पर चर्चा की। तीन दिवसीय अभियान के अंतर्गत साइकिल दिवस के अवसर पर साइकिल रैली, जन संवाद, और मतदाता पर्यावरण उत्सव जैसे जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन प्रस्तावित है। इस गतिविधियों का उद्देश्य नागरिकों में मतदान के प्रति सजगता और जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा देना है। बैठक में कार्यक्रम को अधिक प्रभावशाली और आकर्षक बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। साथ ही आयोजन स्थल, प्रतिभागियों की भूमिका, प्रचार-प्रसार, और सुरक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। इस अवसर पर स्वीप कोषांग के सदस्य रामइकबाल, संजय कुमार कुशवाहा, पर्यावरणविद डॉ. दुर्गा दत्त पाठक, नगर निगम बेतिया के ब्रांड एम्बेसडर आदित्य मधुकर, तथा नुक्कड़ नाटक टीम के प्रतिभाशाली बाल कलाकार भी उपस्थित रहे। सभी प्रतिभागियों ने कार्यक्रम को जनसंपर्क और जनजागरूकता की दिशा में मील का पत्थर बनाने के लिए अपने-अपने सुझाव साझा किए। सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी रोचना माद्री ने कहा, यह अभियान केवल मतदान के महत्व को बताने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक सामाजिक चेतना आंदोलन के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जिसमें मतदान के साथ पर्यावरण, जन संवाद और रचनात्मक अभिव्यक्तियों को भी जोड़ा जाएगा। इस तीन दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम को लेकर उत्साह चरम पर है, और प्रशासनिक तंत्र के साथ-साथ समाज के विभिन्न वर्गों की सक्रिय भागीदारी इसे एक सफल और प्रेरणादायी आयोजन में तब्दील करने की दिशा में अग्रसर है।

## संक्षिप्त खबरें

### विश्व साइकिल दिवस पर साइकिल रैली आज

छपरा। विश्व साईकिल दिवस के अवसर पर मंगलवार को मतदाता जागरूकता साईकिल रैली आयोजित की जाएगी । यह साईकिल रैली राजेन्द्र स्टेडियम, छपरा से प्रातः 6 बजे शुरू होगी। थाना चौक-म्युनिसिपल चौक-नंदन पथ- दरोगा राय चौक होते हुए पुनः राजेन्द्र स्टेडियम में समाप्त होगी। जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी ने सभी मीडिया बंधुओं से अनुरोध किया है कि जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस साईकिल रैली में अपनी सहभागिता देकर पर्यावरण संरक्षण एवं मजबूत लोकतंत्र हेतु समाज को जागरूक करने के प्रयास में सहभागी बनें।

### नहर से निकल कर घर मे घुस आने वाले मगरमच्छ के लिए रेस्क्यू टीम ने रणनीति बनाई

बगहा। नहर से चहलकदमी कर नहर के दूसरी तरफ बांध किनारे बसे गांव में पहुंचकर रेस्क्यू टीम के साथ आंख मिचौली खेलने वाले मगरमच्छ के लिए रेस्क्यू टीम ने रणनीति बनाया है। यह जानकारी ग्रामीण सूत्रों से मिली है,नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि 6 आरडी के समीप दोन नहर बांध किनारे बसे गांव में मगरमच्छ बार बार पहुंच जा रहा है ।कई बार मगरमच्छ का रेस्क्यू भी किया गया लेकिन एक मगरमच्छ बारबार रेस्क्यू टीम के पहुंचने से पहले ही गायब होकर रेस्क्यू टीम को चकमा दे जाता है ।इसलिए रेस्क्यू टीम ने उसे पकड़ने के लिए रणनीति स्वरूप जाल बिछाया है ।बतादें की एशिया महादेश में चंबल नदी के बाद गंडक नदी और इसके लिंक नहरों में दूसरी सबसे बड़ी संख्या में मगरमच्छ पाई जाती है।

### प्राकृतिक तरीके से खेती करे किसान: डॉ जितेंद्र

नगरा सारण। नगरा प्रखंड मुख्यालय में सोमवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केंद्र मांझी के तत्वावधान में प्रखंड के डुमरी, धूपनगर धोबवल एवं कादीपुर पंचायत का कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विषय वस्तु विशेषज्ञ (उद्यान विज्ञान) सह अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. जितेन्द्र चन्द्र चंदोला ने किसान के विभिन्न विषयों के प्रशिक्षण, भारत सरकार एवं बिहार सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। डॉ जितेंद्र ने किसानों को पॉलीहाउस में सब्जियों का उत्पादन, शून्य जुताई विधि से धान की सीधी बुवाई, अरहर की खेती, वैज्ञानिक विधि से फलों के नए बाग लगाना, उत्तम किस्म के पौधों की उपलब्धता, गड्ढे खोदने का उत्तम समय एवं विधि, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका, ड्रोन का खेती में महत्व, फलों एवं सब्जियों की नर्सरी, खरीफ के फसलों में लगने वाले कीट एवं रोग के प्रबंधन, मशरूम उत्पादन, मधुमक्खी पालन की प्रमुख जानकारी दी। वहीं मृदा विशेषज्ञ डॉ. विजय कुमार ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मृदा के जांच, हरी खाद के बारे में वर्णन किया। डिप्टी पीडी आत्मा शमशेर आलम ने आत्मा से संबंधित पर प्रकाश डाला। वही प्रभारी प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी दीपक कुमार एवं प्रभारी प्रखण्ड उद्यान अधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने बिहार की कृषि से संबंधित योजनाओं के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी तथा कृषि समन्वयक दीपक कुमार ने खेती में बीज, जैविक एवं प्राकृतिक खेती के महत्व पर महत्वपूर्ण चर्चा की। इस आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में किसानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर आत्मा नगरा के बीटीएम राहुल रंजन, किसान सलाहकार आयुब अंसारी, आलोक कुमार चौबे, अरविंद कुमार सिंह, कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी प्रखंड के राकेश कुमार, इफको के संदीप कुमार एवं हिंदुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड से विनय कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनाअपना अहम सहयोग किया।

## सर से उठा पिता का साया, बेटी की शादी में आर्थिक तंगी बनी बाधा, डॉ. अनिल बने फरिश्ता

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा कार्यालय। कभी-कभी इंसानियत ऐसे रूप में सामने आती है जो समाज के लिए मिसाल बन जाती है। ऐसा ही एक मार्मिक दृश्य सारण जिले के कोपा थाना क्षेत्र अंतर्गत मुसेहरी गांव में देखने को मिला, जहां एक बुजुर्ग की बेटी की शादी में बाधा बन रही आर्थिक तंगी को छपरा शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. अनिल कुमार ने दूर किया। दरअसल, मुसेहरी गांव निवासी पारस प्रसाद के पुत्र कन्हैया प्रसाद का हाल ही में असामयिक निधन हो गया था। उनके निधन के बाद घर में गम का साया तो था ही, लेकिन एक और चिंता ने परिजनों को घेर रखा था—कन्हैया की बेटी काजल कुमारी की शादी तय थी, मगर परिवार गहरे आर्थिक संकट से जूझ रहा था। इस संकट से उबरने की उम्मीद लेकर बुजुर्ग पिता पारस प्रसाद, डगमगाते कदमों और धुंधली आंखों से छपरा शहर पहुंचे और संजीवनी नर्सिंग होम एवं मैटरनिटी सेंटर श्यामचक के संचालक डॉ. अनिल कुमार से अपनी पीड़ा साझा की। डॉ. अनिल ने न केवल इस दुख को सुना, बल्कि बेटी की शादी की पूरी जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली। शादी से पहले वे खुद आवश्यक सामान लेकर मुसेहरी गांव पहुंचे और परिवार को सहारा दिया। वे शादी के लिए दर्जनों साड़ी, सूटकेस, धोती, मच्छरदानी, चादर-बेडशीट, सिंगार का सामान और राशन सामग्री जैसे आटा, चावल, चीनी, रिफाइंड तेल, बेसन, पटल, गिलास आदि लेकर पहुंचे। इसके अलावा उन्होंने नकद आर्थिक सहायता भी दी, ताकि शादी बिना किसी अड़चन के संपन्न हो सके। इस पुनीत कार्य में डॉ. ओपी गुप्ता (हीरा डेंटल क्लिनिक), एसबीआई कर्मी शैलेन्द्र कुमार सिंह उर्फ चुलबुल सिंह, एडवोकेट अभय राय, प्रदीप कुमार यादव, चार्टर्ड अकाउंटेंट तरुण राय समेत कई गणमान्य लोग भी उपस्थित थे। सभी ने बेटी को आशीर्वाद दिया और परिवार को ढाढ़स बंधाया। इस नेक पहल ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि संवेदनशीलता और सहयोग की भावना से समाज में उजाला फैलाया जा सकता है। डॉ. अनिल जैसे लोग न सिर्फ समाज के लिए प्रेरणा हैं, बल्कि उन बुजुर्गों के लिए सच्चे सहारा भी जो संकट की घड़ी में अकेले पड़ जाते हैं।

## विदाई सह सम्मान समारोह में कैतुका लच्छी उच्चतर विद्यालय के प्राचार्य बीपी सिंह के योगदान की हुई सराहना



मकेर। प्रखण्ड के उच्च विद्यालय कैतुका लच्छी के प्राचार्य बच्चा प्रसाद सिंह के सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय परिसर में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में विद्यालय परिवार के अलावे माध्यमिक शिक्षकसंघ के सचिव विद्यासागर विद्यार्थी ,अध्यक्ष विनोद यादव , अभिभावकों और गणमान्य लोगों ने भाग लिया। सभी ने प्राचार्य बच्चा प्रसाद सिंह के शिक्षा क्षेत्र में दिए गए योगदान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और उनके सुखद व स्वस्थ भविष्य की कामना की।इस अवसर पर विद्यालय के वरीय शिक्षक रघुवंश राम को प्राचार्य का प्रभार सौंपा गया। समारोह के दौरान सभी शिक्षकों ने उन्हें बधाई दी और विद्यालय की निरंतर प्रगति की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के प्रारम्भ में छात्राओं स्वागत गीत और प्रसिद्ध लोक गायक व शिक्षक रामेश्वर गोप ने बटोहिया गीत के साथ विदायी गीत प्रस्तुत किया। मौके पर ग्रामीण उमेंद्र सिंह,उमेश्वर सिंह, प्रभूनाथ सिंह, नरेंद्र सिंह शिक्षक अरबिंद दुबे, कुंदन तिवारी, रोहित कुमार, नसीम अहमद, बीरबर शर्मा, अशोक कुमार, पिंकु मिश्रा, आशीष कुमार, रंजीत कुमार, योगेन्द्र साह, अनिल कुमार साह ने बच्चा प्रसाद सिंह के कार्यकाल को विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बताया।वहीं शिक्षिका श्वेता शर्मा, रिना कुमारी, सोहानी कुमारी, ममता कुमारी, राधा यादव, स्नेह लता, प्रियंका कुमारी, आबिदा खातून, फरहत कादरी ने भी प्राचार्य के स्नेहपूर्ण और अनुशासित नेतृत्व को याद किया। समारोह में आधार ऑपरेटर हिमांशु कुमार समेत अन्य कर्मचारियों ने भी उनके साथ बिताए पलों को साझा किया।

## पदाधिकारी एवं कर्मचारी हुए सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

लहलादपुर ।प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में बीडीओ नीलेश कुमार ने शिक्षकों के साथ एक बैठक किया, जिसमें विद्यालय संबंधित कार्यो की समीक्षा की गई. बैठक में विद्यालय के काफी संख्या में शिक्षक एवं कर्मियों की उपस्थिति रही. बैठक के दौरान बिहार सरकार के तरफ से चलाए जा रहे योजनाओ में कुशल युवा कार्यक्रम योजना को लेकर भी चर्चा की गई, जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को योजना का लाभ, शुभिमता आदि आसानी से कैसे मिले को लेकर चर्चा हुई. बीईओ नागेश्वर कुमार ने सभी शिक्षकों को कुशल युवा कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए इस योजना को सफल बनाने हेतु मार्गदर्शन कराया. बैठक में भविष्य उत्थान फाउंडेशन के तरफ से कौशल विकास केंद्र में पढ़ाई हेतु बच्चों को जागरूक करने एवं योजना का सही जानकारी देकर बच्चों का नामांकन कराने में सहयोग करने को लेकर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों एव पदाधिकारियों को भविष्य उत्थान के तरफ से मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया. सम्मानित होने वालों पदाधिकारियों में बीडीओ नीलेश कुमार, बीईओ नागेश्वर कुमार, विशिष्ट शिक्षक केशव तिवारी, मध्य विद्यालय सह उच्च विद्यालय, तेलछा के प्रधानाध्यापक राजेश कुमार मिश्र, अंग्रेजी शिक्षक मोहम्मद दाउद, श्री ढोढनाथ उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज के प्रधानाध्यापक मुकुल मिश्रा, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बसही उर्दू के प्रधानाध्यापक राजकुमार, मध्य विद्यालय लहलादपुर के शिक्षक संजय कुमार, बीएसडीसी लहलादपुर के कुशल युवा कार्यक्रम के कॉर्डिनेटर रूबी कुमारी शामिल हैं.

## लाखों का राजस्व देने वाला बाजार अपनी बदहाली पर बहा रहा आंसू

### प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सरकारी बाजार का किया निरीक्षण

- जनप्रतिनिधि ने कराया आधा अधूरा काम

प्रात : किरण संवाददाता



खैरा। नगरा प्रखंड के खैरा थाना अंतर्गत खैरा पुरानी बाजार का एक ऐसा भी समय था जो सरकार को लाखों रुपया राजस्व प्रतिवर्ष देता था। लेकिन आज यह बाजार अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। बताते चलें कि सैकड़ो वर्ष पहले से खैरा गांव में एक सब्जी का सरकारी मार्केट है जहां शुक्रवार और सोमवार को सप्ताह में दो दिन बाजार लगते हैं। इसका निविदा सरकार की तरफ से होता था जिसमें लाखों का राजस्व मिलता था। कोरोना काल से बाजार का डाक होना बंद हो गया और धीरे-धीरे यह बाजार बदहाल हो गया कुछ दबंगों ने इसको अतिक्रमित कर लिया तो कुछ लोगों ने पानी का इसका निकासी बंद कर दिया। जिसके चलते करीब 70 से 80 परिवार का नाले का पानी बंद हो गया और बाजार में गिरना शुरू हो गया। एक जन प्रतिनिधि के द्वारा 2 माह पहले आधा अधूरा नाले का निर्माण करा कर छोड़ दिया गया जिससे बाजार की स्थिति और भी बतर हो गया। सोमवार के दिन स्थानीय ग्रामीण एवं खैरा के पूर्व मुखिया शत्रुघन भक्त के आग्रह पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अभिनव कुमार ने बाजार का निरीक्षण किया तथा आश्वासन दिए की एस्टीमेट बनाकर नाले का निर्माण कर दिया जाएगा।

## युद्ध स्तर पर तेज करें नगर निगम में सघन शहरी क्षेत्र के नालों की सफाई और उड़ाही: गरिमा

### महापौर ने जेठ की चिलचिलाती धूप की कड़क गर्मी में नालों की तल से सफाई कार्य का किया निरीक्षण

प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया। महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने मानसून की बरसात शुरू होने तक में नगर निगम के सघन शहरी क्षेत्र के नाले नालियों की सफाई और उड़ाही युद्ध स्तर पर तेज करने का निर्देश दिया है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मौसम विज्ञान विभाग की ओर से जारी पूवार्नुमान में अबकी बार सामान्य से अधिक वर्षा होने की जानकारी दी गई है। इसको लेकर महीनों से जारी तैयारी और साफ सफाई कार्य को फूल प्रूफ बनाने का निर्देश महापौर श्रीमती सिकारिया ने मौके पर मौजूद सफाई निरीक्षक मोहम्मद तबरेज को दिया। महापौर ने कहा कि जेठ की चिलचिलाती धूप की कड़क गर्मी में नाला सफाई में लगे दहाड़ी मजदूर भाइयों का कार्य बेहद कठिन है। उन्होंने कहा कि आप सबके कठिन कार्य के प्रति हमारी पूरी संवेदना है। महापौर ने ऐसे प्रतिकूल मौसम में उनकी सेवा को कठिन बता उनके बीच मिनरल वॉटर का शील्ड बोतल का वितरण किया। नाला सफाई में लगे दहाड़ी मजदूरों के कठिन काम के बदले मजदूरी के साथ स्नेह और सहानुभूति रखने का निर्देश नगर निगम के निरीक्षी पदाधिकारियों को दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरा होने तक मैं स्वयं भी आप सबके बीच आती रहूंगी।

## दलित बच्ची रेप को ले सारण जिला कांग्रेस ने निकाला मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर मुजफ्फरपुर के कुढ़नी में 9 वर्षीय दलित बच्ची के साथ हुए दुष्कर्म और मौत के विरोध में सारण जिला कांग्रेस नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय का नगर पालिका चौक पर पुतला फूंका। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकताओं ने झंडा के साथ सर्किट हाउस से सड़क मार्च निकाला। कांग्रेस कार्यकताओं का काफिला म्युनिसिपल चौक पर पहुंचने सभा में तब्दील हो गई। वक्ताओं ने कहा कि कुढ़नी के पीड़िता के साथ तुरंत न्याय मिलना चाहिए। नीतीश सरकार में हत्या, बलात्कार, डकैती का एक नया मॉडल स्थापित हो रहा है ।जो रोज नए-नए कीर्तिमान गढ़ रही है। रेप पीड़िता की इलाज के दौरान पीएमसीएच में मौत को लेकर कई सवाल खड़े किए गए। इस व्यवस्था के लिए स्वास्थ्य मंत्री पर बदहाली का आरोप लगाया। सभा समाप्ति के बाद कांग्रेस कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री का पुतला फुका। पुतला दहन कार्यक्रम में मुख्य रूप से सारण जिला अध्यक्ष बच्चू प्रसाद वीरू, राज्य पर्यवेक्षक सुनील कुमार सिंह, प्रोफेसर सुनील कुमार, राजीव विहंगम, डॉ. शंकर चौधरी, नगर अध्यक्ष फिरोज इकबाल, हैदर अली, मानिक यादव, रफीउल्लाह कुरैशी, संदीप रौशन, फैसल अनवर, यासीन आजाद, अनिल सिंह, दीपक शर्मा, किशन सिंह, विमल तिवारी,बृजेंद्र कुमार सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, परमेश्वर शर्मा, अनिल कुमार सिंह पूर्व जिला अध्यक्ष तरुण तिवारी, कमलेश कुमार पाठक, मैकेनिक प्रसाद, कन्हैया गिरी, ललन प्रसाद सिंह, कमलेश कुमार सिंह, राहुल यादव, कन्हैया मिश्रा, अनिल कुमार सिंह, शौकत अली, अमित नयन मीडिया प्रभारी तथा सुरेश राम आदि उपस्थित थे।

## मां और शिशु की सुरक्षा के लिए गर्भावस्था में एचआईवी और सिफलिस जांच है बेहद जरूरी: सिविल सर्जन

### नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है यह निःशुल्क सुविधा कोई भी महिला डर या झिझक न रखें

प्रात : किरण संवाददाता



छपरा। गर्भवती महिलाओं की सेहत और उनके गर्भस्थ शिशु की सुरक्षा के लिए समय पर एचआईवी (HIV) और सिफलिस जांच कराना बेहद आवश्यक है। यह अपील सारण के सिविल सर्जन डॉ. सागर दुलाल सिन्हा ने की है। उन्होंने कहा कि ये दोनों संक्रमण शुरूआती अवस्था में बिना लक्षण के भी हो सकते हैं और अगर समय रहते इनका पता नहीं चला तो संक्रमण मां से शिशु में स्थानांतरित होकर गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं या नवजात की मृत्यु तक का कारण बन सकता है। कोई भी महिला डर या झिझक न रखेंः डॉ. सिन्हा ने कहा, गर्भवती महिलाओं को एचआईवी और सिफलिस की जांच अवश्य करानी चाहिए ताकि यदि संक्रमण हो तो समय रहते इलाज शुरू हो सके और संतान सुरक्षित रह सके। यह जांच राज्य सरकार द्वारा सभी सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केंद्रों और उपकेंद्रों पर निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि कोई भी महिला डर या झिझक न रखें, और नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर ये जांच अवश्य करवाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आशा कार्यकताओं, एएनएम और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों के माध्यम से गांव-गांव में इस संबंध में जागरूकता फैलाई जा रही है। एचआईवी संक्रमण के प्रमुख कारणःअसुरक्षित यौन संबंध संक्रमित सुई या सिरिंज का प्रयोग संक्रमित रक्त या रक्त उत्पाद चढ़ाना संक्रमित मां से गर्भावस्था, प्रसव या स्तनपान के दौरान शिशु में संक्रमण का फैलना विवाह से पहले जांच है जरूरी सिविल सर्जन ने यह भी कहा कि विवाह से पूर्व युवक और युवती दोनों को एचआईवी की जांच जरूर करवा लेनी चाहिए। यदि दोनों की रिपोर्ट नेगेटिव आती है तो विवाह सुरक्षित है। लेकिन यदि किसी एक की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है, तो सुरक्षा और भावी संतान की दृष्टि से विवाह नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर किसी युवती की शादी किसी एचआईवी संक्रमित युवक से हो जाती है और उसे इसकी जानकारी न हो, तो वह गर्भधारण के दौरान संक्रमित हो सकती है और उसका शिशु भी जन्म के समय संक्रमित हो सकता है। मातृत्व से पहले जिम्मेदारी जरूरी सिविल सर्जन ने अंत में दोहराया कि एचआईवी और सिफलिस की जांच मातृत्व की जिम्मेदारी का पहला कदम है। इससे न केवल मां का जीवन सुरक्षित रहता है, बल्कि भावी पीढ़ी को भी संक्रमण से बचाया जा सकता है।

## बाइक में घुसा जंगली सांप बाल बाल बचे विधायक के चाचा



बगहा। वाल्मीकिनगर विधानसभा विधायक के आवास परिसर में खड़े बाइक के अंदर जंगली सांप घुस गया ।बात उस समय पता चली जब विधायक धीरेंद्र प्रताप उर्फ रिंकूँ सिंह के चाचा ( चर्चित नाम काका) हर्षनारायन शाही बाइक पर बैठ कर इग्नेशन में चाभी डाल रहे थे। ठीक इसी वक्त जंगली सांप फन लहराते हुए हेडलाइट के सामने खड़े होकर आक्रामक हो फुफकाने लगा। चाचा ( काका ) ने बाइक से कूदकर उसके बाइट से खुद को बचाया। काका ने बताया कि सांप की प्रजाति क्या थी यह पता नहीं चल पाया ।लेकिन सांप जंगली था और करीब 5 से 7 फिट लम्बा था। रेस्क्यू टीम ने सूचना पर पहुंचकर सांप को काबू में कर वीटीआर जंगल मे छोड़ दिया।

## 3 जून विश्व साइकिल दिवस विशेष

- 96 वें साल में भी बिगहां गांव के सूर्यदेव प्रसाद की दौड़ती है फरार्टेदार साइकिल

प्रात : किरण संवाददाता



रसूलपुर/एकमा। मांझी- एकमा प्रखंड की सीमा पर है मांझी थाना का गांव बिगहां जहां 96 वर्षीय सूर्यदेव प्रसाद की साइकिल से जाते देख लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते है ।कोई भी साईकिल हो फरार्टेदार चलाते हैं ।वे कहते हैं कि साइकिल चलाते हैं इसलिए मुझे किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता है ।जब चाहें तब आसपास में निकल पड़ते है ।यह स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए लाभदायक है ।सूर्यदेव प्रसाद के चार बेटे ,चार बेटिया सहित पूरे परिवार में करीब 70 सदस्य हैं जो सूर्यांशी परिवार कहलाते हैं ।ये सभी बड़े बड़े पदों पर कार्य करते हैं ।कोई हाईकोर्ट में वकील ,कोई इंजीनियर, कोई मेडिकल व्यावसायी आदि आदि.. ।कायस्थ और लैंड लार्ड परिवार से आने वाले सूर्यदेव प्रसाद का सहज ग्रामीण जीवन देख सभी अचंभित रहते हैं ।गांव में अरविंद सोसायटी आश्रम चलाते हैं ।रेल में वरिष्ठ रेलकर्मी पद से सेवानिवृत्त सूर्यदेव प्रसाद भारत भ्रमण भी करते रहते हैं लेकिन हमेशा गांव पर ही रहना पसंद करते हैं ।हर साल 12 मार्च को सूर्यांशी पत्रिका परिवार द्वारा निकाला जाता है ।ग्रामीण और दवा विक्रेता संजय यादव कहते हैं कि सूर्यदेव जी की जीवन शैली पूरे क्षेत्र को आकर्षित करती है जब वे खादी का धोती कुर्ता और गांधी टोपी पहन गांव से बाहर निकलते हैं ।इनके परिवार के बेटे बेटियां शहरों में भले अपने लग्जरी गाड़ियों से घुमते हैं पर गांव आते ही वकालत व इंजीनियरिंग भूल जाते हैं और कुदाल उठा कर खेतों में चल देते हैं और सादा जीवन उच्च विचार का संदेश देते हैं।

## तेज आंधी-पानी में थाना के सामने गिरा विशाल पेड़, आवागमन बाधित



मशरक /अचानक आयी तेज आंधी-पानी के कारण मशरक थाना गेट के सामने एक विशालकाय पेड़ मुख्य मार्ग एसएच 90 पर गिर जाने से अफरा तफरी का माहौल हो गया। वही इस मार्ग पर घंटो आवागमन बाधित रहा। पेड़ को सड़क से हटाने तक लोग रूट बदलकर यातायात करने को बाध्य हुए। हालांकि पेड़ गिरने से किसी तरह का कोई नुकसान नही हुआ। वही सोमवार को दोपहर बाद आयी तेज आधी - पानी से जगह जगह आम की फलदार डाली टुट कर गिर गयी। जिससे आप के बागवानी वाले किसानो को काफी नुकसान हुआ। आधी पानी से थोड़ी देर के लिए गर्मी से राहत तो मिली पर बिजली के गुल होने से लोग परेशान हुए।

# हसन बाजार बलात्कार कांड, लोगों में आक्रोश

## स्पीडी ट्रायल एवं दोषियों को फाँसी देने की माँग

### बीजेपी सांसद ने तेतरडीह का दौरा किया और पीड़ित से मिले
### एसपी और डीएम से की दोषियों की धरपकड़ और फांसी की मांग



प्रातः किरण संवाददाता

आरा। भारतीय जनता पार्टी के नेता एवं राज्यसभा सांसद डॉ. भीम सिंह ने आज अपने सहयोगियों के साथ भोजपुर जिले के हसन बाजार थाना अंतर्गत ग्राम तेतरडीह का दौरा किया और रेप कांड की पीड़िता मीनू (बदला हुआ नाम) के परिवार से मिले और इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार से सवेदना व्यक्त की साथ ही कुछ आर्थिक सहायता भी प्रदान की। डॉ. भीम सिंह ने घटनास्थल से ही भोजपुर के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से बात की तथा अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं स्पीडी ट्रायल चलाकर उन्हें फाँसी की सजा सुनिश्चित करने की मांग की। विदित हो कि 22 मई 2025 को हसन बाजार स्थित खुशी पुस्तकालय में पढ़ाई करने गई मीनू (बदला हुआ नाम) के साथ अभियुक्तों ने बलात्कार किया और इतनी यातना दी कि घटनास्थल पर ही पीड़िता की मृत्यु हो गई। यह भी मालूम हो कि पीड़िता नाबालिग थी और उसकी उम्र मात्र 17 वर्ष थी। वह अत्यंत पिछड़ी जाति (कुम्हार) से आती थी। डॉ. भीम सिंह ने प्रशासन/ राज्य सरकार से मांग की कि पीड़ित परिवार को 25 लाख का मुआवजा राशि दी जाए तथा परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए। डॉ भीम सिंह ने कहा कि पीड़िता अत्यंत निर्धन परिवार से थी और अपने परिवार के भरण-पोषण करने के लायक बनने की प्रक्रिया में थी ऐसी स्थिति में उसके निधन से परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। डॉ. भीम सिंह के नेतृत्व में इस दौरे में डॉ. अजय कुमार प्रजापति, सुभाष प्रसाद चंद्रवंशी, चंचल प्रजापति, हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, पप्पू कुमार चंद्रवंशी, मोतीलाल चंद्रवंशी (अधिवक्ता), माया शंकर चंद्रवंशी, संजीत चंद्रवंशी, अंकित चंद्रवंशी, हसन बाजार मंडल भाजपा अध्यक्ष सोनू पांडे, रवि नंदन पंडित, राहुल पंडित, जितेंद्र पंडित, मृत्युंजय पंडित आदि शामिल रहे.

# गंभीर व असहाय मरीज के लिए वरदान साबित हुए डॉ. सुजीत एवं रंजीत सिंह


प्रातः किरण संवाददाता

रक्सौल। एक अनाथ और लाचार मरीज के लिए हुए शहर के लक्ष्मीपुर स्थित एसआरपी मेमोरियल हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. सुजीत कुमार और रंजीत सिंह वरदान साबित हुए। इसलिए कहा जाता है, भगवान एक साथ सब दरवाजे बंद नहीं करते, कोई ना कोई दरवाजा खोल ही देते हैं। ऐसे में पिछले डेढ़ माह पहले रक्सौल स्टेशन पर बुरे हालात में पड़े एक 26 वर्षीय युवक दिलीप उर्फ मुस्तकीम को समाजसेवी सह स्वच्छ रक्सौल संस्था के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने उठाकर पहले सरकारी हॉस्पिटल ले गए, जहां उसे बेहतर ईलाज के लिए अन्यत्र हॉस्पिटल भेजा गया, फिर उसे डंकन अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे रेफर कर दिया गया, फिर रंजीत सिंह उसे एसआरपी हॉस्पिटल लेकर पहुंचे, जहां उसकी नाजुकता को देखते हुए सबसे पहले आईसीयू में भर्ती किया गया और ईलाज शुरू किया गए और उस समय उसके अभिभावक के रूप में श्री सिंह ही थे, हॉस्पिटल ने भी बिना कोई शुल्क जमा कराए ईलाज शुरू किया तो पता चला कि उसका अतरी फट गया है, फिर उसे तत्काल बाहर निकाला गया और ऑपरेशन किया गया। डॉ. सुजीत कुमार ने बताया कि मरीज की हालत काफी नाजुक थी और मेरा पहला कर्तव्य था कि उसका बेहतर ईलाज हो सके, उसका सफल ऑपरेशन किया गया और लगभग डेढ़ माह तक हॉस्पिटल में ही अपने खर्चे, खाना-पानी पर रखा गया और आज श्री सिंह द्वारा उसे ले जाया गया है। उन्होंने बताया कि चूंकि ऑपरेशन में काफी खर्चा था, इसलिए हॉस्पिटल के ट्रस्ट से 50 प्रतिशत का योगदान और 50 प्रतिशत श्री सिंह के द्वारा समाज से लेकर दिया गया।

इसलिए श्री सिंह बधाई और धन्यवाद के पात्र हैं और मरीज भी काफी ठीक है। वही श्री सिंह ने कहा कि डॉ. सुजीत भगवान से कम नहीं है, जहां बड़े-बड़े और छोटे-छोटे हॉस्पिटल बिना पैसे के मरीज को भर्ती तक नहीं करती, वही डॉ. साहेब के द्वारा न कि केवल पहले ही ईलाज शुरू किया गया, बल्कि उसका आधा खर्चा भी वहन किया गया। मै और मेरी टीम इनकी शुक्रगुजार है। मौके पर डॉ. एस. के. मिश्रा एवं डॉ. अब्दुल्लाह सहित अन्य मौजूद थे।

# महायज्ञ के दूसरे दिन विद्वान पंडितों के मुख से वैदिक मंत्रोचार के साथ हुआ पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश

प्रातः किरण संवाददाता



अगिआंव. प्रखंड के अगिआंव स्थित कैनाल पथ पर आयोजित श्री सूर्य नारायण प्राणप्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के दूसरे दिन विद्वान पंडितों के मुख से वैदिक मंत्रोचार के साथ पंचांग पूजन और मंडप प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हुआ. दूसरे दिन भी बाबा के भक्तों की भीड़ कम नहीं हुई. महायज्ञ में काशी से चलकर आए यज्ञाचार्य जगद्गुरु स्वामी श्री पुरुषोत्तमाचार्य जी महाराज के मुख द्वारा वैदिक मंत्रोचारण किया गया. इसके बाद मंडप प्रवेश में सभी भक्त हवन कुंड स्थल पर विराजमान हुए. बता दे की यह महायज्ञ का आयोजन आगामी 7 जून की शाम में हवन के साथ पूणार्हुति एवं भंडारा के बाद ब्राह्मण संत की बिदाई की जाएगी. कथा वाचक श्यामसुंदर जी महाराज के द्वारा रोजा शाम छह बजे कथा का वचन किया जाता है जिसमें अनुशासन, गृह जीवन, संतान सुख आदि पर कथा सुनने हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ जमा होती है. श्री श्यामसुंदर जी महाराज कहते है कि यज्ञ में जो सज्जन शामिल होते है और कथा नहीं सुनते है तो उनका भक्ति बेकार है. यज्ञ में कथा जरूर सुने, जो व्यक्ति यज्ञ में शामिल होकर सच्चे हृदय से सुनते है तो कथा सुनने से शारीरिक, मानसिक, पारिवारिक, व्यापारिक सहित अन्य कष्टों का निवारण होता है. वहीं कमिटी के माध्यम से भक्तों की हर तरह सुविधा जैसे लाइटिंग, पेय जल, महिला पुरुष प्रसाधन केंद्र, रेस्ट रूम, गेस्ट रूम, सीसीटीवी कैमरा से मॉनिटरिंग, पूछ ताछ के लिए मदद काउंटर आदि प्रदान की गई है.

# ऐतिहासिक होगा नव संकल्प जन सभा :राजू तिवारी

प्रातः किरण संवाददाता

लोजपा रामविलास का वीर कुंवर सिंह स्टेडियम रमना मैदान में होने वाले आगामी 8 जून को नव संकल्प जन सभा की तैयारी की समीक्षा बैठक आरा के रेड क्रॉस भवन के सभागार में हुई।बैठक में जिले के सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष मेन विंग के सभी प्रखंड अध्यक्षों के साथ पार्टी के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान की अध्यक्षता में बैठक हुई। कार्यक्रम की तैयारी की समीक्षा बैठक में पहुंचे प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी जी एवं जिला प्रभारी श्री पंकज पासवान को कार्यकताओं ने शॉल एवं पुष्प गुच्छ दे कर सम्मानित किया।श्री राजू तिवारी ने तैयारी की समीक्षा के क्रम में बताया कि 8 जून को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री चिराग पासवान जी समय 1 बजे दिन में वीर कुंवर सिंह स्टेडियम रमना मैदान आरा में नव संकल्प जन सभा को संबोधित करेंगे। जिसमें आरा के अलावे पटना पश्चिमी ,बक्सर,कैमूर,रोहतास,औरंगाबाद तथा अरवल जिला आदि जगहों से लाखों कार्यकर्ता भाग लेंगे।श्री राजू तिवारी ने सभी प्रखंड अध्यक्षों को निर्देशित किया कि श्री चिराग पासवान जी के विजन को जन जन तक पहुंचाना तथा सभी प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अपने अपने प्रखंड अध्यक्षों के साथ बैठक कर सभी पंचायत अध्यक्षों एवं हमारे नेता चिराग जी को चाहने वालों को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आग्रह करना है। हमारे नेता को चाहने वाले हर क्षेत्र में लाखों लोग है।

आरा की नव संकल्प जन सभा ऐतिहासिक होगी।आरा में विगत वर्ष कई कार्यक्रम जैसे आशीर्वाद यात्रा से लेकर पद यात्रा तक हुई, लोगों का सभी जिलों से अलग पहचान है।सभी कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा है और नव संकल्प जन सभा भी ऐतिहासिक होगा।मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि हम सभी एनडीए गठबंधन के साथी एक है जिला से पंचायत तक पांचों दल के अध्यक्ष एक साथ बैठ रहे है।

आगे उन्होंने कहा कि 2025 का मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ही होंगे उन्हीं के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जायेगा, ऐसे हर दल के कार्यकर्ता की अपनी चाहत रहती है कि हमारे नेता मुख्यमंत्री बने लेकिन हम सभी एनडीए गठबंधन के साथी है और गठबंधन धर्म चट्टानी एकता के साथ निभाते है और 2025 में मुख्यमंत्री की कोई वैकेंसी नहीं है।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी पंकज पासवान ने सभी अध्यक्षों को कहा कि जल्द ही प्रखंड प्रभारियों की नियुक्ति कर प्रचार प्रसार करे तथा कार्यक्रम में सभी भोजपुर वासियों को आमंत्रित करे।

# जरूरतमंदों के बीच मनाएं अपनी खुशियां:गुड्डू सिंह



प्रात: किरण संवाददाता

उदवंतनगर। युवा समाजसेवी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने आज अपनी शादी की वर्षगंठ पर चैराई मुसहर टोला की महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया। इस अवसर पर नोखा विधानसभा के हथिनी निवासी श्री गुड्डू सिंह ने कहा कि जीवन के ऐसे शुभ अवसरों पर गरीबों की दुआएं काफी कम आती हैं। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े होटल में अपना जन्म दिन और वर्षगांठ मनाकर अपनों की बीच ही सिमटे रहने से बेहतर है कि जरूरतमंदों के बीच अपनी खुशियों बांटने का प्रयास हो। इससे संतुष्टि भी मिलती है और जरूरतमंदों को लाभ भी होता है। इस अवसर पर डॉ भीम सिंह भवेश, संजीत कुमार सिंह उर्फ पिंटु, प्रेम सिंह, अंजनी मिश्र, कुंदन कुमार सिंह, सुरेश राम एवं सुमित पाण्डेय आदि थे।

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात महिला की मौत

आरा। दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन के पूरब साइड ट्रेन की चपेट में आने से एक अज्ञात 38 वर्षीया महिला की मौत हो गई। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना आरा रेल पुलिस को दी गई। सूचना पाकर रेल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका अज्ञात महिला की मौत ट्रेन की चपेट में आने के कारण होना प्रतीत होता है।

# 15 प्रतिशत का बकाया एरियर और कोषागार का वेतन भुगतान को लेकर संघीय पदाधिकारियों ने डीपीओ स्थापना से की मुलाकात:मंटु



बिहार राज्य प्रारंभिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु के नेतृत्व में शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल आज डीपीओ स्थापना रमेश कुमार पाल से मुलाकात कर शिक्षकों की 15 प्रतिशत का बकाया राशि एवं कोषागार शिक्षकों का वेतन भुगतान कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु ने बताया कि नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति मामले में मार्गदर्शन मांगने, टीआर थ्री में बहाल शिक्षकों का प्रान जेनरेट कर वेतन की प्रक्रिया शुरू करने,सक्षमता 2 पास किए विशिष्ट शिक्षकों का तत्काल वेतन भुगतान करने , ईपीएफ को अविलंब अपटुडेट करने,कोषागार एवं गैर कोषागार का एरियर भुगतान करने, कोषागार शिक्षकों का मार्च माह से बकाया वेतन भुगतान करने सहित दर्जनों मांगों को लेकर विचार विमर्श किया गया। डीपीओ स्थापना रमेश कुमार पाल ने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि कोषागार शिक्षकों का मार्च से मई माह का वेतन कोषागार में भेज दिया गया है।ईपीएफ को अपटुडेट किया जा रहा है। 15 प्रतिशत का बकाया शिक्षकों का एरियर कल तक कोषागार में भेज दिया जाएगा। कोषागार शिक्षकों का आवंटन मौजूद हो गया है। सभी तरह का एरियर भुगतान जल्द ही कर दिया जाएगा।टी आर थ्री के शिक्षकों के प्रान जेनरेट की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्रतिनिधि मंडल में संघ के जिलाध्यक्ष पंकज कुमार सिंह मंटु, उपाध्यक्ष परमेश्वर पासवान, जिला कोषाध्यक्ष धर्मेन्द्र प्रसाद, जगदीशपुर महासचिव चन्द्रदेव कुमार सिंह एवं हरेन्द्र कुमार सिंह प्रमुख थे।

# टाटा साल्ट का नया कैंपेन उपभोक्ताओं से रिश्ते को बनाएगा और गहरा

प्रात: किरण संवाददाता




पटना। उपभोक्ताओं से मिले प्यार से प्रेरित होकर देश में आयोडीन युक्त नमक टाटा साल्ट ने नमक हो टाटा का, टाटा नमक के दूसरे संस्करण को आईपीएल फाइनल में लांच किया है।

ये कैंपेन लोगों के प्यार व जुड़ाव को और गहरा बनाता है। बच्चों के मानसिक विकास में आयोडीन की अहमियत समझाता ब्रांड का नया अभियान नए कैंपेन में दिल को छू लेने वाली 8 शानदार ब्रांड फिल्में हैं, जो पुरानी यादों को ताजा करते हुए एक महत्वपूर्ण संदेश देती हैं। अपनी यादगार और सुरीली धुन के साथ यह अभियान गर्व से टाटा साल्ट को देश का नमक के रूप में प्रस्तुत करता है।

इस कैंपेन के बारे में दीपिका भान, प्रेसिडेंट- पैकेज्ड फूड्स, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स कहती हैं कि यह पिछले साल के हमारे कैंपेन का एक स्वाभाविक और खूबसूरत विस्तार है। यह नया संस्करण उपभोक्ताओं से हमारे रिश्ते को और गहरा बनाएगा और उनकी खुशी और भरोसे के लिए ब्रांड की प्रतिबद्धता दोहराएगा।अनुराग अग्निहोत्री, चीफ क्रिएटिव ऑफिसर (मुंबई और कोलकाता), ओगिल्वी ने कहा कि टाटा नमक यह बताना चाहता था कि आयोडीन से बच्चों का दिमाग तेज बनता है। लेकिन इतनी अहम बात लोगों तक कैसे पहुंचे? इसलिए हमने 80 के दशक की यादों को फिर से ज़िंदा किया- वह दौर जब हर बात एक जिंगल से यादगार बन जाती थी।

# अजय सिंह का गद्दा वितरण कार्य सुचारु रूप से जारी

प्रात: किरण संवाददाता




अजय सिंह की अनुपस्थिति में भी गद्दा वितरण का कार्य बिना किसी व्यवधान के संपन्न हुआ। यह गद्दा वितरण विशेष रूप से पुलिस अथवा होमगार्ड की शारीरिक परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए किया गया था। हाई जंप के अभ्यास में यह गद्दे विशेष रूप से सहायक सिद्ध होंगे। यह वितरण अजय सिंह के विजन खेलेगा बिहार तो खिलेगा बिहार अंतर्गत किया जा रहा है।

युवाओं ने बताया कि उन्होंने पूर्व में गद्दों की मांग की थी, जिसके लिए उन्हें तारीख पहले से ही सूचित कर दी गई थी। तय तारीख पर, अजय सिंह की अनुपस्थिति में भी उनके प्रतिनिधियों ने समय पर गद्दे उपलब्ध कराए। इस मौके पर श्रीपालपुर गांव के खेसरहिया पंचायत के युवाओं ने तथा मटुकपुर पंचायत के 30 से 40 युवाओं की टीम ने गद्दे स्वीकार किए।

गद्दा वितरण कार्यक्रम में अजय सिंह के भाई जे.के. सिंह, नेकनाम टोला के राम प्रताप सिंह, तथा सामाजिक कार्यकर्ता टिंकू सिंह उपस्थित रहे।

# मुसहर टोली में मनाया होटल व्यवसायी की पौत्री का जन्मदिन

आरा। होटल पार्क व्यू के मालिक जनार्दन के सपुत्र रोहित सिंह ने अपनी सुपुत्री वेदिका का जन्म दिन चैराई मुसहर टोला में मनाया। इस अवसर पर वहां के बच्चों को विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट भोजन के साथ आइसक्रीम खिलाया। उनकी पत्नी सुप्रिया सिंह ने बच्चों को खेल-खेल में पढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यहां के बच्चों के बीच प्रतिभा की कमी नहीं है, सिर्फ प्रेरित कर संवारने की जरूरत है। उन्होंने आश्वस्त किया कि यहां नियमित रूप से आकर बच्चों को शिक्षा एवं कला से जोड़ने का प्रयास करूंगी। रोहित सिंह ने कहा कि अगले माह स्कूल जाने वाले सभी बच्चों को ड्रेस उपलब्ध कराएंगे। इस दरमयान श्री सिंह की बहन एवं बीबीसी की वरीय पत्रकार सारिका सिंह ने ने बच्चों ऑन लाईन प्रोत्साहित किया।

# लोजपा रा का नव - संकल्प महासभा ऐतिहासिक होगी:संजय पासवान

प्रात: किरण संवाददाता

अरवल। आगामी 08 जून को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम ( रमना मैदान ) में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित नव - संकल्प महासभा को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय के आनंद विहार होटल में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण तैयारी समीक्षा बैठक की गई । तैयारी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । तैयारी समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी के द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी । उन्होंने कहा कि नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगों को शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है । नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सात जिला एवं तैंतीस विधानसभा को जोड़ा गया है । जिसमें अरवल जिला पर विशेष फोकस किया गया , बिहार में संगठन के दृष्टिकोण से अरवल जिला को मजबूत संगठन माना जाता है । आगे प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने कहा कि समीक्षा बैठक में अरवल जिला के पार्टी के कार्यकताओं में उमंग और उत्साह से निश्चित तौर पर लगता है कि अरवल जिला एवं अरवल विधानसभा नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभायेगा ।

## बापू सभागार पटना में हक की खातिर भोजपुर से पहुंचेंगे सूढ़ी जाति के हजारों लोग

# भोजपुर के फतेहपुर, पिरो ,सिकरहटा, पावना , खुटहा , मोपती, सहार, ननौर के लोगों ने पटना चलो का लिया संकल्प

अभय आर्या



आरा। भोजपुर जिला सूढ़ी समाज के जिला अध्यक्ष आलोक अंजन उर्फ छोटे के नेतृत्व में जिले के सचिव कृष्ण मुरारी गुप्ता जिले के उपाध्यक्ष सोनू गुप्ता पावना निवासी पप्पू गुप्ता विकास गुप्ता ने सूढ़ी समाज के भिन्न-भिन्न गांव में दौरा किया। जिस जिस गांव में समाज के लोगों के साथ दौरा हुआ उसे गांव के सूढ़ी समाज के लोगों में उत्साह देखने को मिला। सभी लोगों ने अपनी-अपनी व्यवस्था से 8 जून को बापू सभागार पहुंचने का दृढ़ संकल्प लिया और अपने आसपास के गांव में किसी-किसी गांव में एक घर है दो घर है अपने समाज के लोग उन लोगों को भी ले जाने का वचन दिया। फतेहपुर, पिरो ,सिकर हटा, पावना , खुटहा ,मापती, सहार ननौर इत्यादि गांवों में जनसंपर्क अभियान के तहत लोगों को 8 जून को बापू सभागार में पटना में पहुंचने जागरूक किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है सूढ़ी समाज को अति पिछड़ा में शामिल करना और राजनीतिक भागीदारी सुरक्षा कानून लागू करना इसका बोर्ड का गठन करना है। राजनीतिक उत्थान सामाजिक उत्थान इत्यादि विभिन्न मांगों को लेकर 8 जून को पटना के बापू सभागार में एकजुट का परिचय देगा भोजपुर जिले के हजारों की संख्या सूढ़ी समाज के लोग बापू सभागार भरने का काम करेंगे।

# करंट लगने से एक की दर्दनाक मौत

रामडीहरा (तिलौथू) थाना क्षेत्र के रामडीहरा निवासी करीब 48 वर्षीय यशवंत सिंह उर्फ अजय सिंह की मृत्यु खेत में करेंट की चपेट में आने से हो गई। घटना शनिवार सुबह लगभग 9 बजे की है जब वे अपने खेत में कार्य हेतु गए थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उनके खेत में जंगली नीलगायों ने लगे हुए बिजली के तार को तोड़ दिया था। टूटे तार से करंट फैल रहा, जो अजय सिंह के मूंग के खेत में गिरा हुआ था। जैसे ही अजय सिंह खेत में पहुंचे, वे करेंट की चपेट में आ गए। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन में उन्हें नजदीकी अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना उनके भतीजे संग्राम सिंह के द्वारा दी गई। जो वर्तमान में गोपालगंज में पुलिस अवर निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। स्व.अजय सिंह अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गए हैं, जो दोनों ही स्नातक की पढ़ाई कर रहे हैं। उनकी असामयिक मृत्यु से पूरे गांव में शोक की लहर है। स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों की उपस्थिति में उनका अंतिम संस्कार पूरे सम्मान के साथ किया गया। इस हृदयविदारक घटना ने न केवल एक परिवार को शोक में डुबो दिया, बल्कि खेतों में जंगली जानवरों और खुले बिजली तारों की समस्या को लेकर प्रशासन की उदासीनता पर भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों ने इस विषय पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। ताकि भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## राजद प्रखंड अध्यक्ष बने राकेश, कार्यकर्ताओं में खुशी

तिलौथू (रोहतास) तिलौथू प्रखंड राजद के निर्वाचन पदाधिकारी विमल कुमार सिंह के अध्यक्षता एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी मो. एहसान राजा के संचालन में प्रखंड के मदारीपुर के पंचायत सरकार भवन में अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर हुई बैठक। जिसमें राकेश कुमार द्वारा पत्र दाखिल किया गया। सिकंदर सिंह पंचायत अध्यक्ष केरपा एवं राजीव रंजन शर्मा पंचायत अध्यक्ष सरैया प्रस्तावक बने। वहां उपस्थित सभी राजद कार्यकर्ताओं से नामांकन पत्र दाखिल करने निर्देश जारी किया गया। जिसमें अन्य किसी ने भी नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। जबकि राकेश कुमार को प्रखंड अध्यक्ष बनाने को लेकर सभी ने सहमति जताई। बैठक में प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी विमल कुमार सिंह एवं सहायक निर्वाचन पदाधिकारी एहसान राजा द्वारा राकेश कुमार को तिलौथू प्रखंड राजद का प्रखंड अध्यक्ष घोषित किया गया।

जरूरतमंदों के बीच मनाएं अपनी खुशियां-गुड्डू सिंह

उदवंतनगर। युवा समाजसेवी अमित कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने आज अपनी शादी की वर्षगंठ पर चैराई मुसहर टोला की महिलाओं के बीच साड़ी वितरण किया। इस अवसर पर नोखा विधानसभा के हथिनी निवासी श्री गुड्डू सिंह ने कहा कि जीवन के ऐसे शुभ अवसरों पर गरीबों की दुआएं काफी कम आती हैं। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े होटल में अपना जन्म दिन और वर्षगांठ मनाकर अपनों की बीच ही सिमटे रहने से बेहतर है कि जरूरतमंदों के बीच अपनी खुशियों बांटने का प्रयास हो। इससे संतुष्टि भी मिलती है और जरूरतमंदों को लाभ भी होता है। इस अवसर पर डॉ भीम सिंह भवेश, संजीत कुमार सिंह उर्फ पिंटु, प्रेम सिंह, अंजनी मिश्र, कुंदन कुमार सिंह, सुरेश राम एवं सुमित पाण्डेय आदि थे।

## फखरुद्दीन आलम बने विधान परिषद सदस्य के अनुमंडल प्रतिनिधि, मिल रही बधाईयां

मोतिहारी। राष्ट्रीय जनता दल के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव फखरुद्दीन आलम को विधान परिषद सदस्य मो फारुख ने अपना अनुमंडल प्रतिनिधि बनाया है। उनके द्वारा इस आशय का पत्र जारी कर यह जानकारी दी गई है। जारी पत्र में सदस्य मो. फारुख ने कहा है कि रक्सौल अनुमंडल में उनके प्रतिनिधि के तौर पर कार्य करेंगे। किसी भी तरह की प्रशासनिक बैठक में उनके प्रतिनिधि के रूप में फखरुद्दीन आलम ही भाग लेंगे। उनके प्रतिनिधि बनाए जाने पर विधायक मनोज यादव, विधायक डॉ शमीम अहमद, विधायक शशि सिंह, पूर्व विधायक फैसल रहमान, जिला अध्यक्ष नूर आलम खान, प्रधान महासचिव प्रेम यादव जिला प्रवक्ता जिला प्रतिनिधि शाहिद अख्तर, जिला उपाध्यक्ष सह विधानसभा प्रभारी सैफुल आजम, रक्सौल पूर्व प्रत्याशी सुरेश यादव, युवा राजद जिला अध्यक्ष म असलम, युवा राजद पूर्व जिला अध्यक्ष हामिद राजा, युवा राजद पूर्व जिला अध्यक्ष ई एहतेशाम अहमद, सुनील कुशवाहा, कपिलदेव राय, प्रमोद राय, मदन गुप्ता, सौरंजन यादव, मुबारक अंसारी, सरपंच महताब आलम, अरमान आलम, नितेश गुप्ता, संजय यादव, दिनेश राम, संदीप यादव, झूलन पटेल, नौशाद अंसारी, मुमताज आलम, मुन्ना यादव, मनोहर यादव आदि ने हर्ष जताया है।

## आरा में अज्ञात बुजुर्ग का शव बरामद

आरा। कोईलवर-चांदी मार्ग पर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के धनडीहा गांव स्थित पीर बाबा मजार के समीप सड़क किनारे से सोमवार की सुबह एक अज्ञात 65 वर्षीय बुजुर्ग का शव बरामद हुआ है। शव के मिलने से लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जिसके बाद स्थानीय ग्रामीण द्वारा इसकी सूचना कोईलवर थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। इसके पश्चात पुलिस शव की पहचान करने एवं मामले की छानबीन में जुट गई है। इधर पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतक अज्ञात बुजुर्ग की मौत लू-लगने के कारण होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। वहीं खबर लेकर जाने तक शव शिनाख्त नहीं हो पाई है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति जख्मी

आरा। आरा-सिन्हा मार्ग पर जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगावां गांव के समीप सोमवार की सुबह हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपत्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिसके बाद परिजन द्वारा उन्हें इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार करने के बाद में बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मियों में कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गलचौर गांव निवासी सुनील साह एवं 45 वषीर्या उनकी पत्नी रामवती देवी शामिल है। इधर जख्मियों के परिजन बताया कि सोमवार की सुबह सुनील साह अपनी पत्नी रामावती देवी के साथ बाइक से आरा रहे थे। उसी दौरान बभनगावां गांव के समीप उनके बाइक के सामने अचानक गया आ गई। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित होकर पलट गई और दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

## पूर्व के विवाद को लेकर युवक की पिटाई, जख्मी

आरा। जिले के कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मंझौली गांव में सोमवार की शाम पूर्व के विवाद को लेकर एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद उसका इलाज आरा सदर अस्पताल में कराया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी दूधनाथ यादव का 35 वर्षीय पुत्र राम नारायण यादव है। इधर जख्मी युवक के पिता दूधनाथ यादव ने बताया कि पूर्व में उनके पट्टीदार हरेंद्र यादव एवं रविंद्र यादव से संपत्ति बंटवारे को लेकर झगड़ा हुआ था। हालांकि उस समय बात खत्म हो गई थी और बंटवारा भी हो चुका है। सोमवार की शाम जब अपने बेटे के साथ बाजार से वापस लौट रहे थे। लौटने क्रम में जैसे ही वह अपने घर के पास पहुंचे। तभी उनके पट्टीदार हरेंद्र यादव एवं रविंद्र यादव ने मिलकर उनके बेटे की जमकर पिटाई कर दी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हालांकि पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही हैं

## हत्या के प्रयास मामले में बाप-बेटा गिरफ्तार

आरा। नवादा थाना पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास मामले में बाप-बेटा को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनकी गिरफ्तारी चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव स्थित उनके घर से रविवार की रात की। गिरफ्तार आरोपितों में चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी राधामोहन सिंह एवं उनका पुत्र विकास सिंह उर्फ पहाड़ी है। बता दे कि इसी वर्ष 23 मई को चरपोखरी थाना क्षेत्र के बरनी गांव निवासी काशीनाथ सिंह के पुत्र विनीत कुमार सिंह नवादा थाना क्षेत्र के गोढना रोड अपने रिश्तेदार के घर बारात में आए थे। वापस लौट के क्रम में जगजीवन कॉलेज के पास ओवरटेक करने के विवाद को लेकर मारपीट उन्हें जख्मी कर दिया गया था। जिसके बाद विनीत कुमार सिंह द्वारा अपने चाचा राधामोहन सिंह व चचेरे भाई विकास सिंह उर्फ पहाड़ी सहित तीन नामजद एवं दस-पन्द्रह अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिक दर्ज कराई थी। उसी समय से दोनों बाप-बेटे फरार चल रहे थे।

# जगजीवन महाविद्यालय के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक दिवसीय संगोष्ठी का किया गया आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता




गया जी। समता मूलक समाज का निर्माण करने एवं भाईचारे के साथ रहने के उद्देश्य से इस महाविद्यालय की स्थापना की गई होगी। युवा और शिक्षा राष्ट्र के मूलाधार हैं। युवा तभी राष्ट्र के लिए उपयोगी होगा, जब उसका निर्माण शिक्षा के आधार पर हुआ हो। मस्तिष्क में जानकारी के बोझ को शिक्षा नहीं कहते हैं, बल्कि शिक्षा के मूल में संस्कार होना चाहिए। सुख शांति और सफलता की प्राप्ति का मूल मार्ग शिक्षा से होकर जाता है। यह बातें महाबोधि मठ के महंत स्वामी विवेकानंद गिरी ने जगजीवन महाविद्यालय के 67वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एकदिवसीय संगोष्ठी के दौरान कही। 2 जून 1959 को बालेश्वर बाबू के द्वारा जगजीवन महाविद्यालय की स्थापना की गई थी। आज यह महाविद्यालय जहां अवस्थित है, उसकी पूरी जमीन बालेश्वर बाबू के द्वारा दान में दी गई थी।महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो.डॉ. सत्येंद्र प्रजापति, स्वामी विवेकानंद गिरी, डॉ. वी.के.पी. वर्मा, बालेश्वर बाबू के पौत्र बबलू कुमार, आइक्यूएसी समन्वयक प्रो. डॉ. श्यामदेव पासवान, शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. मो. अय्यूब, कुलानुशासक डॉ अनुरानी, जंतु विज्ञान के अध्यक्ष डॉ. आचार्य शंकर, नोडल पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार, शिक्षक संघ की सचिव डॉ. संगीता कुमारी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया है। स्थापना दिवस के पावन अवसर पर युवा और शिक्षा, वर्तमान परिदृश्य विषय पर महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति की अध्यक्षता में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। प्रो. डॉ. श्यामदेव पासवान ने स्वागत वक्तव्य में अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए कहा कि मैं इसी महाविद्यालय का छात्र रहा हूं। वह जमाना पढ़ने लिखने का था। आज अपने माता-पिता, गुरुजनों के आशीर्वाद से एक नया दायित्व मुझे मिलने जा रहा है। आपको जानकारी होगी कि मेरा चयन प्रधानाचार्य के पद पर हुआ है। उन्होंने आगे कहा कि युवा देश के भविष्य हैं। शिक्षा उस भविष्य के निर्माण का आधार है। सेवानिवृत्त प्रो. डॉ. दीनानाथ ने महाविद्यालय के ऐसे शिक्षकों को याद किया जिन्होंने पूरी निष्ठा के साथ महाविद्यालय को आगे बढ़ाने में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी। युवा और शिक्षा के संबंध में उन्होंने कहा कि जब तक समाज में युवाओं का सकारात्मक योगदान नहीं होगा, तब तक यह माना जाता रहेगा कि वह अभी शिक्षित नहीं हुए हैं। शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. मो. अयूब ने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य भेदभाव को मिटाना है। समाज में भाईचारे की भावना को आगे बढ़ाना है। प्रेम, सद्भाव के बीज बोना है। शिक्षा से ही भेदभाव की दीवारें टूटेंगी। मंच संचालन कर रहे हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ. प्रदीप कुमार ने कहा कि शिक्षा का बुनियादी सरोकार भयरहित समाज का निर्माण करना है। युवाओं में अनुकरण करने की प्रवृत्ति को बढ़ावा न देकर प्रश्नाकुलता पैदा करना ही शिक्षा का उद्देश्य है। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. सत्येंद्र प्रजापति ने कहा कि आज मुझे बेहद हर्ष हो रहा है कि मेरे नेतृत्व में 67वां स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इस महाविद्यालय ने कई ऐसे शिक्षक दिए हैं, कई ऐसे यशस्वी प्रधानाचार्य दिए हैं, कई ऐसे यशस्वी छात्र पैदा किए हैं जिनकी बदौलत महाविद्यालय इस ऊंचाई पर पहुंचा है कि उसे नैक से एक्रीडिटेशन मिला है। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि मगध यूनिवर्सिटी विश्वविद्यालय में जगजीवन महाविद्यालय एक मात्र ऐसा महाविद्यालय है जिसे नैक में सबसे अधिक सीजीपीए पॉइंट प्राप्त है। आगे उन्होंने कहा कि हमारा महाविद्यालय पानी की समस्या से जूझ रहा है। महाविद्यालय का एक हिस्सा साल भर पानी में डूबा रहता है। और बारिश के मौसम में तो महाविद्यालय के आधे हिस्से तक पानी अपना पांव पसार देता है। इसका समाधान निकट भविष्य में नहीं किया गया तो इस महाविद्यालय से शिक्षा अर्जित कर रहे विद्यार्थियों को काफी नुकसान होगा। इस अवसर पर अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. डॉ रतिकांत दास, गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनीष कुमार सिंह, रसायन विज्ञान की सहायक प्राध्यापक डॉ रश्मि कुमारी, मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. राजीव कुमार, अर्थशास्त्र की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रियंका सिन्हा, गणित के सहायक प्राध्यापक डॉ. धर्मेंद्र कुमार आदि उपस्थित थे।

## निर्वाणा क्लिनिक द्वारा देव मेडिकल हॉल, मानपुर में नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन



प्रातः किरण संवाददाता

गया जी।निर्वाणा क्लिनिक द्वारा 1 जून 2026 को देव मेडिकल हॉल, मानपुर जगजीवन कॉलेज के पास में एक नि:शुल्क मानसिक स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया है।इस आयोजन का उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाना और समय पर सहायता उपलब्ध कराना था। स्थानीय लोगों ने इस पहल का गर्मजोशी से स्वागत किया और बड़ी संख्या में भाग लिया है इस शिविर का नेतृत्व डॉ. कृतिका अग्रवाल वरिष्ठ मनोचिकित्सक, निर्वाणा क्लिनिक ने किया, जिनका सहयोग डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण द्वारा किया गया है। शिविर में अवसाद, चिंता, नशा, नींद संबंधी समस्याएं और अन्य मानसिक विकारों की प्रारंभिक स्क्रीनिंग एवं नि:शुल्क परामर्श दिया गया है इस मौके पर करीब 50 से अधिक मरीजों ने शिविर में भाग लिया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से अपने मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित सवाल साझा किए हैं। सभी प्रतिभागियों को व्यक्तिगत परामर्श, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति सही जानकारी और जरूरत पड़ने पर आगे की देखभाल के निर्देश भी दिए गए हैं।डॉ. कृतिका अग्रवाल ने कहा: मानसिक स्वास्थ्य को लेकर आज भी कई मिथक और डर लोगों को चुप करा देते हैं। हमारा उद्देश्य यही है कि समाज में हर व्यक्ति को यह विश्वास दिलाया जाए कि मदद उपलब्ध है और मदद लेना एक मजबूत कदम है, न कि कमजोरी।

डॉ. चौधरी लक्ष्मी नारायण ने कहाःह्लइस शिविर के माध्यम से हमने देखा कि लोग अब मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को समझने लगे हैं और यह बदलाव उत्साहजनक है।

# धनराज शर्मा को प्रदेश मंत्री बनने से बिहार के कार्यकर्ताओं में नयी उर्जा एवं जीत दर्ज किया जाएगा : डॉ मनीष पंकज

प्रातः किरण संवाददाता

गया।भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धनराज शर्मा को बिहार प्रदेश भाजपा का प्रदेश मंत्री बनाए जाने पर भाजपा किसान मोर्चा नूतन नगर कार्यालय में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया है। इस अवसर पर किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं भगवान विष्णु के चरण चिन्ह प्रदान कर शर्मा को सम्मानित किया है। स्वागत करते हुए कहा डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि धनराज शर्मा जैसे कर्मठ, ईमानदार और विचारशील नेता का प्रदेश मंत्री पद पर आसीन होना सम्पूर्ण भाजपा कार्यकताओं के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि शर्मा का राजनीतिक जीवन जनसेवा और संगठन निर्माण को समर्पित रहा है।

उन्होंने सदैव पार्टी के सिद्धांतों का पालन करते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक भाजपा की विचारधारा पहुंचाने का कार्य किया है।डॉ. मिश्रा ने आगे कहा कि किसान मोर्चा को पूर्ण विश्वास है कि धनराज शर्मा के नेतृत्व में बिहार भाजपा और अधिक सशक्त, संगठित एवं जनोन्मुखी बनेगी। उनके अनुभव और दूरदर्शिता से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। यह स्वागत समारोह केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि हमारी भावनात्मक एकता और पार्टी के प्रति समर्पण का प्रतीक है।

डॉ. मिश्रा ने समस्त कार्यकताओं से आह्वान किया कि शर्मा के मार्गदर्शन में पार्टी को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें और संगठन को नए शिखरों तक पहुँचाए आज स्वागत करने वाले में धीरज,पूर्व महामंत्री गोपाल प्रसाद यादव,पूर्व जिला मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर,जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे,पूर्व मंडल महामंत्री कमल बारीक,बबलू गुप्ता,मंटू कुमार,महेश यादव,कुंदन सिंह,सुनील रविदास,राजू कुमार ,अभिषेक कुमार, हीरा यादव सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# 2025-225 और फिर से नीतीश को लेकर गुरारू के घटेरा ग्राम में बैठक हुई आयोजित

प्रातः किरण संवाददाता




गया ।अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ जनता दल यू के जिला अध्यक्ष विनोद कुमार ने बताया कि गुरारू प्रखंड के घटेरा ग्राम पंचायत में अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के बैनर तले 2025-225 और फिर से नीतीश को लेकर बैठक हुई है। कुमार ने कहा कि पार्टी के नारा को जन जन तक पहुचाना मुख्य कार्यक्रम है। नीतीश सरकार के कल्याणकारी व विकासात्मक योजनाओं की जानकारी दी गई है।

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी गई है। इस योजना के तहत पहली बार माँ बनने बाली महिला को दो किस्तों में 5000 और दूसरी शिशु कन्या जन्म होने पर एक मुफ्त 6000 दी जाती है। स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से गरीब परिवार के बच्चों को तकनीकी एवं उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहूलियत मिल रही है।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राकेश कुमार आडवाणी ने किया है। इस बैठक को संबोधित करने वालों में पुष्पेंदु पुष्प, बजेंद्र कुमार, संजय चंद्रवंशी, बद्री प्रसाद, अमरजीत कुमार, रेणु देवी, बिंदु देवी, अजय कुमार, अखिलेश कुशवाहा, गुडन कुमार, अंजू देवी, सूर्यदेव प्रसाद, राजन कुमार व अन्य है।

## आध्यात्मिक साहित्य के प्रणेता, गायत्री परिवार के संस्था के पुण्यतिथि पर सामयिक संवाद

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद की महत्वपूर्ण साहित्यिक संस्था जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में भारत के महान संत मनीषी,युगद्रष्टा,आध्यात्मिक साहित्यकार श्री राम शर्मा आचार्य की 35वीं पुण्यतिथि पर सामायिक संवाद का कार्यक्रम आयोजित किया गया।जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र,महामंत्री धनंजय जयपुरी के आह्वान पर संवाद करते हुए उपाध्यक्ष सुरेश विद्यार्थी ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक श्री राम शर्मा आचार्य ने अपना सारा जीवन समाज के भलाई के लिए समर्पित कर दिया था। सांस्कृतिक एवं चारित्रिक उत्थान के लिए लोगों में जन जागरण का अभियान चलाया था।आधुनिक एवं प्राचीन विज्ञान के धार्मिक समन्वय स्वरूप को एकीकृत कर पूरे विश्व में आध्यात्मिक नवचेतना जगाने के लिए लोगों को प्रेरित किया ताकि वर्तमान समय की चुनौती पूर्ण समस्याओं से सामना किया जा सके।वे एक मनोवैज्ञानिक साहित्यकार, समाज सुधारक,मनीषी के रूप में साहित्यिक रचना को मूर्त रूप प्रदान किया था।चारों वेद ,108 उपनिषद 6 दर्शन,20 स्मृतियां एवं 18 पुराणों को सरल भाषा में परिष्कृत रूप में टीका लिखा और उसे आसान बनाकर पाठकों के बीच पढ़ने के लिए प्रस्तुत किया।इन्होंने लगभग 3200 ग्रंथों की रचना की।भारतीय दर्शन साहित्य में जितने भी कठिन ग्रंथ हैं सबको सरल भाषा में प्रस्तुत करने का कार्य किया था।अखंड ज्योति पत्रिका प्रतिवर्ष निकालकर साहित्यिक परिवेश में क्रांति लाई थी। उनके साहित्य के कारण ही हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा का दर्जा दिलाने के लिए आधारशिला रखी गई।

## लोजपा रा के राष्ट्रीय सचिव सह झारखण्ड प्रभारी ने अतरी विधानसभा में क्षेत्र भ्रमण कर शोकाकुल परिवार वालों से मिले

गया ।लोक जनशक्ति पार्टी(रामविलास) के अतरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी राष्ट्रीय सचिव शह झारखण्ड प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह अतरी विधानसभा मे क्षेत्र भ्रमण के दौरान खिजरसराय प्रखंड के केनी ग्राम मृतक राजू कुमार को आकस्मिक निधन हो गया था उनके परिवार से मिलते हुऐ एवं बथानी प्रखंड मे स्वर्गीय रामविलास पासवान के मूर्ति पर मला अर्पण करते हुऐ एवं मांझा ऊली ग्राम में पंकज यादव के भाई दीपक कुमार यादव के तिलक मे शामिल हुए और जनता का समस्या भी सुने हैं । इसके साथ मे अरविन्द सिंह पूर्व मुखिया, प्रखंड अध्यक्ष बथानी राजेश यादव निर्भय कुमार, सोहन ,आदि लोग शामिल हुए हैं।

## प्लास्टिक के एकल उपयोग पर प्रतिबंध का दृढ़ता से पालन करने को ले जागरूकता अभियान चलाया गया

गया ।भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के ह्लविश्व में प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करनेह्व के अभियान के तहत आज को फतेहपुर प्रखंड स्थित ग्राम केतरा के ह्लक्रिएटिव पब्लिक स्कूलह्व के विद्यार्थियों एवं आस पास के ग्रामीणों के बीच प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्परिणामों की जानकारी एवं प्लास्टिक के एकल उपयोग पर प्रतिबंध का दृढ़ता से पालन करने को लेके जागरूकता अभियान चलाया गया है। इस मौके पर गुरपा वन प्रक्षेत्र के रेंज ऑफिसर रजनीश कुमार अपने अधीनस्थ वनकर्मियों के साथ मौजूद रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्लास्टिक प्रदूषण आज के समय में एक गंभीर वैश्विक समस्या बन चुका है, जो न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुँचा रहा है बल्कि मानव जीवन, वन्यजीवों और समुद्री जीवों के लिए भी घातक सिद्ध हो रहा है। प्लास्टिक एक ऐसा कृत्रिम पदार्थ है जो प्राकृतिक रूप से बहुत धीमी गति से विघटित होता है। इसका अत्यधिक और अनियंत्रित उपयोग, विशेष रूप से एकल-प्रयोग प्लास्टिक, जैसे कि थैलियाँ, बोतलें, स्ट्रॉ, और पैकेजिंग सामग्री, हमारे चारों ओर कचरे के रूप में इकट्ठा हो जाता है। यह कचरा मिट्टी की उर्वरता को घटाता है और जल स्त्रोतों को प्रदूषित करता है। समुद्री जीव जैसे कि कछुए, मछलियाँ और पक्षी अक्सर प्लास्टिक को भोजन समझकर खा लेते हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है। इसके अलावा, जब प्लास्टिक छोटे-छोटे टुकड़ों माइक्रोप्लास्टिक में टूट जाता है।

# बीस साल का सश्रम कारावास

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में स्पेशल पोक्सो जज लक्ष्मीकांत मिश्रा ने नवीनगर थाना कांड संख्या -47/24,जी. आर -21/24 में सजा के बिन्दु पर पर सुनवाई करते हुए एक मात्र काराधिन अभियुक्त को सजा सुनाई है, स्पेशल पीपी शिवलाल मेहता ने बताया कि अभियुक्त योगेन्द्र पासवान अनुकुपा कुटुंबा को भादंवि धारा -323 में एक साल की सजा और एक हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है, भादंवि धारा -342 में एक साल की सजा और एक हजार रुपए जुमार्ना लगाया गया है, भादंवि धारा 363 में पांच साल की सजा और बीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है तथा भादंवि धारा 376(3) एवं पोक्सो एक्ट की धारा ( 4)2 में बीस साल की सजा और तीस हजार रुपए जुमार्ना लगाया है, अभियुक्त को 29/05/25 इस वाद में दोषी करार दिया गया था, अभियोजन पक्ष से 09 गवाही हुई थी, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि नाबालिग लड़की अपने स्कूल के वार्षिक उत्सव में गई थी प्राइज के लिए क्रार्यक्रम बाद तक स्कूल में रूकी हुई थी जब प्राइज में लेट होने लगी तो अकेले घर जाने लगी तब अज्ञात व्यक्ति ने रास्ते में जबरदस्ती बाईक पर बैठा कर टंडवा के रास्ते हरिहरगंज ले जाकर जबरदस्ती किया, पीड़िता जब रोने लगी तो अज्ञात व्यक्ति ने फोन लगाकर कर उसके मां से बात कराया, इस मोबाइल नंबर को पीड़िता के परिजन ने पुलिस को देकर अज्ञात व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज कराई थी पुलिस के ताबड़तोड़ छापेमारी से दहशत में आकर अभियुक्त ने पीड़िता को शिवपुर मोड़ पर छोड़कर भाग गया, पुलिस ने पीड़िता के निशानदेही पर हरिहर गंज के ज्वेलरी शॉप में सीसीटीवी फुटेज देखा जिसमें ज्वेलरी शॉप के मालिक ने अभियुक्त का पहचान उजागर किया, अभियुक्त इस घटना के बाद एक उत्पाद वाद में जेल चला गया था, अभियुक्त 10/05/24 को इस केस में हिरासत में लिया गया था अभियुक्त का टी. आई .पी .परेड कर पीड़िता द्वारा पहचान कराई गई थी, अभियोजन द्वारा इस वाद में मेडिकल रिपोर्ट,एफ एस एल रिपोर्ट, डीएनए टेस्ट, और वैज्ञानिक तरीके से जांच कराई गई थी अभियुक्त पर आरोप गठन 13/09/24 को हुई थी आरोप गठन के बाद, तेजी से वाद के सुनवाई पूरी कर सजा सुनाई गई है।

## महारानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर परिचर्चा व श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

गया ।महारानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी जयंती समारोह के अवसर पर पंडित सिजुआर भवन ,गया जी में महारानी अहिल्याबाई के व्यक्तित्व और कृतित्व पर परिचर्चा सहित श्रद्धांजलि स्वरूप सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया है।

# पृथ्वीराज जन्मोत्सव के मौके पर विचार गोष्ठी एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। जिला मुख्यालय औरंगाबाद के पृथ्वीराज चौक,ब्लॉक मोड़ के समीप अवस्थित पृथ्वीराज चौहान स्मृति स्थल के प्रांगण में पृथ्वीराज चौहान चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में वीर शिरोमणि सनातन संस्कृति के रक्षक पृथ्वीराज चौहान जी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।जन्मोत्सव के मौके पर विचार गोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया सर्वप्रथम स्मृति स्थल परिसर में अवस्थित पृथ्वीराज चौहान एवं चंद्रवरदाई जी की प्रतिमा पर आगत अतिथियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित किया गया।पृथ्वीराज चौहान ट्रस्ट के अध्यक्ष राघवेंद्र प्रताप नारायण सिंह की अध्यक्षता में आयोजित प्रथम सत्र के कार्यक्रम का संचालन संस्था के उपाध्यक्ष डॉ संजीव रंजन द्वारा किया गया। वरीय अधिवक्ता अवध किशोर प्रसाद, शिक्षक अरुण कुमार सिंह, समाजसेवी भानु जी अधिवक्ता अनिल कुमार सिंह,जवाहरलाल नेहरू कॉलेज के पूर्व प्राचार्य के प्रोफेसर विजय कुमार सिंह एवं ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में सामाजिक न्याय की आवश्यकता हर किसी को है इसके बिना समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मैट्रिक परीक्षा में बेहतर अंक हासिल करने वाले विद्यार्थियों को अंग वस्त्र पुष्प हार एवं पृथ्वीराज चौहान सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में विवेकानंद वीआईपी स्कूल के आदर्श कुमार जो बड़ेम बारा तेतरिया के निवासी हैं। डीएवी पब्लिक स्कूल औरंगाबाद के प्रत्यूष रंजन,सरस्वती शिशु मंदिर के अंकित राज,डीएवी पब्लिक स्कूल के संस्कृति कुमारी, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के भव्या कुमारी, डी ए वी पब्लिक स्कूल के अनमोल रत्न, सरस्वती शिशु मंदिर के हर्ष राज शामिल हैं। इनके साथ उनके माता-पिता को भी पुष्प हार, अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया और कामना की गई कि वे जीवन में निरंतर आगे बढ़ते रहें और जीवन में उत्तरोत्तर प्रगति करें राष्ट्रीय स्तर पर कामयाबी हासिल करें ।धन्यवाद ज्ञापन कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश सिंह द्वारा किया गया।मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रवेश सिंह,उपाध्यक्ष प्रोफेसर ज्ञानेश्वर प्रताप सिंह,मनोज कुमार सिंह एवं भीम कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष विकास कुमार सिंह,सह कोषाध्यक्ष चंदन सिंह चौहान वरीय सदस्य सत्येंद्र नारायण सिंह,राम भजन सिंह,रंजीत कुमार सिंह,रविंद्र कुमार सिंह,कमलेश सिंह जिला हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डॉ सिद्धेश्वर प्रसाद सिंह,उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्रा, महामंत्री धनंजय जयपुरी,विनय मामूली बुद्धि,अनुज बेचैन नागेंद्र प्रसाद केसरी,जनार्दन मिश्र जलज डॉ शिवपूजन सिंह,महाराणा प्रताप सेवा संस्थान के सचिव राजीव प्रताप सिंह,चंद्रकांत सिंह, रामकिशोर सिंह,ग्लोबल एकेडमी के अनिल सिंह,सुरेश विद्यार्थी सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधवा के हत्यारे मां बेटा को सश्रम उम्रकैद

प्रातः किरण संवाददाता

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में जिला जज सात न्यायधीश निशित दयाल ने गोह थाना कांड संख्या -178/22,सत्रवाद संख्या -454/22 में सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए अभियुक्त मां बेटा को सश्रम उम्रकैद की सजा सुनाई है, एपीपी सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि अभियुक्त कौशल कुमार, चन्द्रमणी देवी, सोहलपुरा गोह को भादंवि धारा 302 में सश्रम उम्रकैद, पचास हजार रुपए जुमार्ना, जुमार्ना न देने पर एक साल साधारण कारावास, और भादंवि धारा -201 में सश्रम पांच साल की सजा और पांच हजार रुपए जुमार्ना लगाया है (

जुमार्ना न देने पर छः महीने अतिरिक्त साधारण कारावास होगी, दोनों सजाएं साथ साथ चलेगी, दोनों अभियुक्तों ने कारा में दो वर्ष एगारह माह दस दिन बिताए हैं, अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि मृतका विधवा चरकावां रफीगंज की थी उससे कौशल कुमार का नाजायज संबंध था जिसके कारण विधवा औरत गर्भवती हो गई थी जब वह कौशल कुमार पर शादी की दबाव बना रही थी तो कौशल और उसकी मां ने मिलकर उसके दो बच्चे की गैरमौजूदगी में गडासी से सर धड़ से अलग कर दो अलग-अलग स्थान छुपा दिया था(

घटना तिथि 21/06/22 को चोकीदार ने मुजहाडा बघार पर एक औरत का सिर काट शव बरामद किया, दोनों बच्चे अपने मां को खोज रहे थे चोकीदार ने बच्चों को शव और साड़ी दिखलाई तो बच्चों ने अपने मां के शव होने की पुष्टि किया बच्चों के बयान पर दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था और उनके निशानदेही पर शव के सिर भी बरामद किया गया था,प्रदर्श में सिर और धड़ का फोटो,एफ एस एल रिपोर्ट, पोस्टमार्टम रिपोर्ट, मृत्यु समिक्षा प्रतिवेदन और जप्त गंडासी था, अनुसंधानकर्ता शमीम अहमद ने घटना के सम्बंध में विस्तार से गवाही दी थी, अभियुक्तों को 24/05/25 को दोषी ठहराया गया था।

न्यायधीश ने अपने आदेश में कहा है कि बिहार पीड़ित क्षतिपूर्ति योजना 2014 के प्रावधानों के अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद बच्चों के लिए क्षतिपूर्ति विनिश्चय करें।

# अति पिछड़ा में शामिल होने की करेंगे मांग 8 जून को पटना में होगा महासम्मेलन

## प्रदेश से जुटेंगे सूढ़ी समाज के लोग, एकजुटता का लेंगे संकल्प

अभय आर्या



अरवल। कलेर प्रखंड के मेहंदिया स्थित ऊं बागेश्वर लाइब्रेरी में अखिल भारतीय सूढी.वैश्व संगठन बिहार के तत्वावधान में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।इस बैठक की अध्यक्षता मनीष कुमार ने की। उन्होंने बताया कि यह बैठक 8 जून को पटना के गांधी मैदान स्थित बापू सभागार में होने वाले महासम्मेलन की तैयारी को लेकर बुलाई गई थी।बैठक में समाज के लोगों से अपील की गई कि वे महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें और सरकार तक अपनी आवाज मजबूती से पहुंचाएं। मनीष कुमार ने कहा कि सूढी.वैश्व समाज वर्षों से अति पिछड़ा वर्ग में शामिल किए जाने की मांग करता आ रहा है, लेकिन सरकार की लगातार उपेक्षा से समाज में गहरा असंतोष व्याप्त है।उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि समाज एकजुट होकर अपनी सामाजिक और राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन करे। पटना में आयोजित महासम्मेलन इसी दिशा में एक बड़ा कदम होगा। यदि सरकार ने मांगों की अनदेखी की तो आगामी विधानसभा चुनाव में समाज अपनी राजनीतिक शक्ति का उपयोग करने से पीछे नहीं हटेगा। इस बैठक में कन्हाई प्रसाद गुप्ता ,मुन्ना कुमार, राजेश कुमार, संजीत कुमार, दिनेश कुमार, वीरेंद्र कुमार के अलावे दर्जनों की संख्या में सूढी.वैश्व संगठन के लोग मौजूद थे

## विश्वविद्यालय की दुधारू गायें और शिक्षा व्यवस्था का मूक अपहरण: सूरज सिंह

गया।भारत में विश्वविद्यालयों को लंबे समय तक ज्ञान, विवेक और सामाजिक चेतना के मंदिर के रूप में देखा गया है। लेकिन बीते कुछ वर्षों में, इन मंदिरों का कायांतरण धीरे-धीरे एक ऐसे शोषण-आधारित उद्योग में हो गया है, जहाँ शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान देना नहीं, बल्कि फीस और शुल्क वसूलना हो गया है।अब विश्वविद्यालय छात्रों के लिए शैक्षणिक केंद्र कम और आर्थिक दोहन के केंद्र अधिक बनते जा रहे हैं।और इस आर्थिक दोहन का आधार बन चुके हैं।

# गयाजी नगर में नल जल योजना की बदहाली: आम जनता की प्यास और प्रशासन की उदासीनता

## राज्य सरकार, बुडको और जिला प्रशासन मिलकर इस बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता दें: राजेंद्र प्रसाद ,अधिवक्ता

प्रातः किरण संवाददाता



गया।बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना प्रदेश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने का सपना लेकर शुरू की गई थी। इस योजना को हर घर नल का जल के रूप में प्रचारित किया गया और इसे मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है। लेकिन गया शहर की जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।गया के शहरी क्षेत्र में आज भी कई ऐसे मोहल्ले हैं जहाँ लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। रामशिला, तेल बिगहा, गवालबीघा, और पीपर पाती जैसे इलाके जो शहर के बीचों-बीच स्थित हैं, वहां या तो पाइपलाइन बिछी ही नहीं है, या जहां बिछी है वहाँ नल 10झ15 मिनट से अधिक नहीं चलते। खासकर महादलित बस्तियाँ, जहाँ गरीब वंचित तबका निवास करता है, वहां स्थिति और भी बदतर है।गया शहर धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। यहाँ देश-विदेश से लाखों पर्यटक और श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं, विशेषकर बौद्ध धर्म के अनुयायी। ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का न होना न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए पीड़ा का कारण है, बल्कि शहर की छवि को भी धूमिल करता है।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस गंभीर स्थिति को उठाते हुए बुडको बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और जिला प्रशासन से मांग की है कि वे तुरंत हस्तक्षेप कर इस जल संकट का स्थायी समाधान करें। उन्होंने बताया कि बुडको पर निर्भर तमाम गरीब और दलित परिवारों के लिए यह योजना मात्र कागजों पर ही चल रही है।पूर्व में भी जिला प्रशासन द्वारा बुडको को चेतावनी दी गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं देखा गया। कहीं पाइपलाइन बिछाई गई है लेकिन जलापूर्ति नियमित नहीं है, तो कहीं अब तक नल तक पहुँचाने की व्यवस्था नहीं की गई। यह स्पष्ट रूप से प्रशासनिक लापरवाही और निगरानी की कमी को दशार्ता है। सभी मोहल्लों का भौतिक निरीक्षण किया जाए।जिन इलाकों में नल जल योजना अधूरी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण किया जाए। जल आपूर्ति की नियमितता सुनिश्चित हो, विशेषकर गर्मी के मौसम में।बुडको की जवाबदेही तय की जाए और विफलता पर दंडात्मक कार्रवाई हो।इस योजना का असली मकसद तब ही पूरा होगा जब हर गरीब, दलित और सामान्य परिवार को प्रतिदिन साफ पानी मिलेगा – न कि सिर्फ योजना की घोषणाओं और उद्घाटन के पोस्टरों तक सीमित रहे। गया की पवित्र भूमि और उसकी जनता अब और उपेक्षा सहन नहीं कर सकती। समय आ गया है कि राज्य सरकार, बुडको और जिला प्रशासन मिलकर इस बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता दें। मांग करने वालों में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता पूरी मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सिंह आत्मा नंद पांडे डॉक्टर अजय यादव कौशल कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल प्रसाद यादव राजेश कुमार चौधरी आदिथे।

## दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साईकिल का वितरण किया गया

अरवल।जिला पदाधिकारी अरवल कुमार गौरव द्वारा समाज कल्याण विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण निदेशालय, बिहार सरकार की महत्वपूर्ण योजना अंतर्गत 14 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राई साईकिल का वितरण किया गया।

इस योजना के अंतर्गत वैसे दिव्यांगजन जिनकी चलंत दिव्यांगता 60 प्रतिशत या उससे अधिक है एवं जिनकी शिक्षा अथवा रोजगार स्थल उनके घर से 03 किलोमीटर की दूरी पर है, उनको इसके तहत ट्राई साईकिल प्रदान किया जाता है। दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल वितरण का उद्देश्य उनको सामाजिक एवं आर्थिक तौर पर सशक्त करना है।

जिसमें वे ट्राई साईकिल की मदद से अपने शिक्षा अथवा रोजगार स्थल पर आसानी से पहुँच सकें और अपने अन्य कार्यों को भी सुलभता पूर्वक कर सकें तथा अपने को सशक्त करते हुए एक मजबूत समाज के निर्माण में भागीदारी दे सकें। इस दौरान सभी दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल के साथ सुरक्षा के मानको को देखते हुए हेलमेट भी प्रदान किया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

शेरघाटी। पुलिस ने थाना क्षेत्र के रानीचक गाँव से पुलिस ने फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी के पहचान संजय दास के रूप में किया गया है। इसके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था, उन्होंने बताया कि इसके खिलाफ शेरघाटी थाना समेत कई जगहों पर मुकदमा दर्ज है।

### मारपीट मामले में मुकदमा हुआ दर्ज

शेरघाटी। थाने के पुलिस ने थाना क्षेत्र के कठार गांव में हुए मारपीट मामले में अनिल सिंह ने अपने ही गांव के रहने वाले सूर्यकांत सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है, थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि आपसी विवाद को लेकर यह मारपीट मामले में दिए गए आवेदन के आलोक में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### समाजसेवी, ममतामयी माँ सीता देवी की श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

हाजीपुर। राजपूत नगर रोड नंबर -2 के संतोष कुमार सिंह की माँ स्मृति शेष सीता देवी जो एक धर्म प्राण महिला ही नहीं अपितु सच्चे अर्थों में वे एक सामाजिक व्यक्तित्व की मालिका थीं ' उनका दिल उदार और व्यक्तित्व में सादगी भरा था ये बाते अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रवीन्द्र कुमार रतन ने श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्पांजलि और. श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा ' उन्होंने उनके इकलौते पुत्र स्नेह प्रिय संतोष को ढाढस देते हुए कहा कि माता पिता नही हैं तो क्या उनके सपनों को साकार करे उसमें जह्म जरूरत हो हम लोग आपके साथ है जिसका कोई नहीं होता उसका साथ भगवान देते हैं आपके साथ तो. आपके बहने खड़ी हैं सभा में ओमप्रकाश साह,रवि कुमार के अलावे सभी इष्ट मित्र,सगे संबंधी सबने श्रद्धांजलि सभा में अपनी विनम्र श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की ' संतोष ने सबको पूर्ण प्रसाद खिलाकर ही विदा किया

### जय आजाद युवा विचार मंच द्वारा अब तक 6 हजार यूनिट से अधिक हुआ रक्तदान

सहरसा। आजाद युवा विचार मंच के द्वारा सामाजिक दायित्वों के पूर्ति एवं मानवीय मूल्यों के रक्षार्थ हमेशा अग्रणीय भुमिका निभाया जाता रहा है। जिस कड़ी में अभी तक 6000 से अधिक यूनिट सहरसा सहित विभिन्न जगहों पर निः शुल्क रक्तदान, 30 से अधिक जरुरतमंदों के इलाज में आर्थिक रूप से सहायता, आगलगी, बाढ जैसे आपदाओं में राहत कार्य, गरीब बच्चों के लिए शैक्षणिक कार्य, 8 कन्यादान का सफल कार्यक्रम सहित अनेक सामाजिक कार्य आपसबो के सहयोग एवं समर्थन से मंच के द्वारा धूमधाम से संपन्न करवाया गया है, कन्यादान के कड़ी में जगत पिता महादेव एवं जगन्नमाता जगदंबा कि असीम अनुकम्पा से मंच के द्वारा पुणः शुक्रवार दिनांक 6 जून को आयुष्मती शालू कुमारी, पिता श्री मिथलेश ठाकुर एवं आयुष्मान मनमन झा पिता मदन मोहन झा का शुभ वैवाहिक कार्यक्रम बाबा बाणेश्वर स्थान देबना बनगांव में करवाया जा रहा है।आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम में आपके आशीर्वचनों एवं सहयोग कि अपेक्षा आजाद युवा विचार मंच को है।

### वरिष्ट नागरिक राष्ट्र के अतीत से जुड़ने और भविष्य में विकास के बीच मार्गदर्शक ( सेतु) का काम करते हैं: रवीन्द्र कुमार रतन

हाजीपुर। वरिष्ठ नागरिक हमारे राष्ट्र के अतीत से जुड़ने और भविष्य में विकास के बीच सेतु बनकर मार्गदर्शक का काम करते हैं 'ये बाते वरिष्ठनागरिक सेवा संघ की मासिक बैठक को संबोधित करते हुए संघ के साहित्य सचिव,वरिष्ठ साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन ने कही ' उन्होंने कहा कि अपने अनुभवों और जीवन की अनुभूतियों से वरिष्ठ नागरिक सेवा संघ समाज तथा राष्ट्र के सवार्गीण विकास के हर क्षेत्रमें लोगों को प्रेरित प्रोत्साहित व सम्मानित करने के प्रति प्रयत्नशील रहता है ' सभा की अध्यक्षता ,स्थाई अध्यक्ष की अस्वस्थता के कारण वरिष्ठ सदस्य श्री पुरुषोत्तम प्रसाद किशोर ने किया जबकि संचालन वरिष्ठ साहित्यकार रवीन्द्र कुमार रतन ने किया ' संयुक्त सचिव श्री गोविन्द कांत वर्मा ने गत बैठक की कार्यवाही को पढ़ा और सर्व सम्मति से पास किया ' सचिव श्री नागेन्द्र राय ने हाजीपुर के वरिष्ठ नागरिकों को विशेष सुविधा दिलाने के लिए के लिए एक पांच आदमी की समिति बनाने को कहा जो ,अस्पतालों,रैल विभागों से सम्पर्क कर न्याय दिलाएगा ' श्री ओम प्रकाश ने नल , जल नहीं दे रहा है, पार्क में आदमी की संख्या के अनुसार सामाग्री नहीं लगे है पर प्रकाश डाला ' अध्यक्षीय भाषण में मे श्री पुरुषोत्तम प्रसाद किशोर ने नए जिलाधिकारी से मिलकर बताने को कहा कि वे हमारे पदेन मुख्य संरक्षक हैं ' सदस्यों की संख्या बढ़ाने पर जोड़ दिया

# अतुल्य मणि, सत्यम और शंकर ने गोल्ड मेडल के लिए लगाया पुस और पंच

## मुंगेर में आयोजित 36वें स्टेट ताइक्वांडो चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

● सहरसा को मिला 3 गोल्ड सहित 12 मेडल

● गोल्ड मेडलिस्ट उत्तराखंड के हरिद्वार में आयोजित राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में लेंगे भाग



प्रात किरण संवाददाता

सहरसा। सहरसा के लिए खुशखबरी है। सहरसा के तीन बच्चों ने बीते 30 मई, 31 मई और 1 जून को मुंगेर में आयोजित 36 वें ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीत कर जिले का नाम रौशन किया है। वही उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिले के सभी 12 बच्चों ने मेडल पर कब्जा जमाया है। जिसमें 3 गोल्ड, 4 सिल्वर और 5 ब्राउज मेडल शामिल है। बता दें कि बीते 30 मई, 31 मई और 1 जून को मुंगेर के इंडोर स्टेडियम में मुंगेर ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा 36वें ताइक्वांडो स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया था। जिसमें 24 जिलों से लगभग 600 प्रतिभागी खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिसमें सहरसा जिले से भी 12 खिलाड़ी भाग लिया था। सबसे खुशी की बात यह रही कि जिले से खेलने गए सभी 12 खिलाड़ियों ने कुल 12 मेडल जीत कर सहरसा का नाम रौशन किया और इतिहास रच डाला। जिसमें गोल्ड मेडल के लिए जूनियर वर्ग में अतुल्य मणि, सत्यम राज और शंकर कुमार ने बाजी मारी थी। वही सहरसा के अनु कुमारी, प्रभु शरण राजपूत, आयुष कुमार और मयंक कुमार को सिल्वर मेडल मिला। वही हर्ष राज, चिराग कुमार, हर्ष कुमार, मोहनीश सिंह और प्रतिभा कुमारी को ब्राउज मेडल प्राप्त हुआ। सहरसा ताइक्वांडो एसोसिएशन के मुख्य कोच सह सचिव और नेशनल रेफरी सह ब्लैक बेल्ट द्वितीय डन कल्पतरु उर्फ टिंकू सिंह ने बताया कि सभी गोल्ड मेडल जीते हुए खिलाड़ी ने काफी अच्छा प्रदर्शन किया था। अब सभी गोल्ड मेडलिस्ट अगले महीने के अंतिम सप्ताह में उत्तराखंड के हरिद्वार में राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में भाग लेंगे।जहां जिले का नाम रौशन करेंगे। 36वें ताइक्वांडो चैंपियनशिप के सफल आयोजन का श्रेय मुंगेर जिला के सचिव निखिल।कुमार को जाता है। जहां मुख्य रूप से चीफ रेफरी की भूमिका में ब्लैक बेल्ट पांचवी डन सह बिहार स्टेट ताइक्वांडो के सचिव मनोज सिंह थे। अन्य रेफरी में कटिहार के शिवशंकर और ललन के थे। मेडल जीते हुए सभी मेडलिस्ट को ताइक्वांडो संघ सहरसा के तरफ से मीडिया प्रभारी चंदन भारती, संघ के अध्यक्ष और पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, उपाध्यक्ष डॉ आलोक वरिष्ठ, संघ के पदाधिकारी विजय झा सहित अन्य द्वारा बधाई और हार्दिक शुभकामनाएं दी गई है। साथ ही आगामी नेशनल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन के लिए भी शुभकामनाएं दी है।

## पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का संचालन कल सुबह से प्रारंभ, पुराना टर्मिनल भवन आज मध्यरात्रि से बंद



प्रात किरण संवाददाता

पटना। राजधानी पटना में स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का संचालन कल सुबह से प्रारंभ किया जा रहा है। इसके साथ ही, पुराना टर्मिनल भवन आज मध्यरात्रि से बंद कर दिया जाएगा। नए टर्मिनल भवन के सुचारु संचालन को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आज हवाई अड्डे की व्यवस्थाओं का निरीक्षण एवं समीक्षा बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव (कैबिनेट) डॉ. एस. सिद्धार्थ के नेतृत्व में की गई।इस अवसर पर पटना प्रमंडल आयुक्त, जिला पदाधिकारी, पटना एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पटना भी उपस्थित रहे। डॉ. एस. सिद्धार्थ ने सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि नए टर्मिनल भवन के संचालन में किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे सभी की यात्रा अनुभव और बेहतर हो सके।

# न बाजा न बाराती प्रेमी प्रेमिका ने थाने में रचाई शादी

### थाना परिसर में बने मंदिर में नवदंपति ने लिए सात फेरे



प्रात : किरण संवाददाता

कुर्था ( अरवल ) न बाजा न बाराती नव दम्पति ने कुर्था थाने में रचाई शादी वहीं थाने में उपस्थित अधिकारियों व पुलिसकर्मियों के समक्ष भगवान को साक्षी मानकर दोनों नव दंपति ने साथ जीने मरने की कसमें खाई जानकारी के अनुसार करपी थाना के शिवनगर गांव निवासी प्रमोद शर्मा के पुत्र सतीश कुमार जिनका प्रेम प्रसंग विगत कई सालों से औरंगाबाद जिले के पौथु थाना अंतर्गत सीबा गाव निवासी रामानुज शर्मा की पुत्री रिनशु कुमारी से चल रही थी हालांकि सोमवार को दोनों नब दंपति का प्रेम परबान चढ़ गया और थाने में ही दोनों ने शादी रचा ली इस बाबत प्रेमी जोड़े ने बताया कि हम दोनों के बीच विगत कई सालों से प्रेम प्रसंग चल रहा था हालांकि बिगत मार्च महीना में हम लोग बिना परिवार के जानकारी दिए हुए कोर्ट मैरिज भी कर लिया था जिसके बाद दोनों पक्ष के लोग सोमवार को कुर्था थाने पहुंच गए इसके बाद कुर्था थाने में पदस्थापित अपर थानाध्यक्ष शमशेर आलम पीएसआई स्मिता उपाध्याय समेत कई पुलिस अधिकारियों ने दोनों प्रेमी जोड़े को थाने कैंपस में बने भगवान शिव की मंदिर में ले जाकर पूरे विधि विधान के साथ दोनों की शादी कराई और साथ जीने मरने की काम खिलाई। इस मौके पर थाने में पदस्थापित पुलिसकर्मी व अधिकारी के द्वारा दोनों नबदंपति को आशीर्वाद प्रदान किया।

# लोजपा रा का नव - संकल्प महासभ ऐतिहासिक होगी :संजय पासवान

प्रात : किरण संवाददाता

अरवल। आगामी 08 जून को आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम ( रमना मैदान ) में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के द्वारा आयोजित नव - संकल्प महासभा को सफल बनाने के लिए जिला मुख्यालय के आनंद विहार होटल में लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं के साथ एक महत्वपूर्ण तैयारी समीक्षा बैठक की गई । तैयारी समीक्षा बैठक की अध्यक्षता लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने किया । तैयारी समीक्षा बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने संबोधित करते हुए कहा कि आरा के वीर कुंवर सिंह स्टेडियम में पार्टी के द्वारा आयोजित नव संकल्प महासभा कार्यक्रम ऐतिहासिक होगी । उन्होंने कहा कि नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में लगभग एक लाख लोगों को शामिल होने का लक्ष्य रखा गया है । नव संकल्प महासभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए सात जिला एवं तैंतीस विधानसभा को जोड़ा गया है । जिसमें अरवल जिला पर विशेष फोकस किया गया , बिहार में संगठन के दृष्टिकोण से अरवल जिला को मजबूत संगठन माना जाता है । आगे प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान ने कहा कि समीक्षा बैठक में अरवल जिला के पार्टी के कार्यकताओं में उमंग और उत्साह से निश्चित तौर पर लगता है कि अरवल जिला एवं अरवल विधानसभा नव संकल्प महासभा कार्यक्रम में अग्रणी भूमिका निभायेगा । नव संकल्प महासभा कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केन्द्रीय खाध प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान संबोधित करेंगे । तैयारी समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रचार - प्रसार प्रमुख संजय कुमार सिंह ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान के बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन बिहार के विकास का रोड मैप है । बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में लोग लोक जनशक्ति पार्टी से जुड़ रहे हैं । तैयारी समीक्षा बैठक के क्रम में प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान को जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने अंगवस्त्र और माला पहनाकर सम्मानित किया । समीक्षा तैयारी बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष विष्णु पासवान , प्रदेश महासचिव सुनील यादव , अरवल विधानसभा के कार्यक्रम प्रभारी अनुप ठाकुर , कुर्था विधानसभा कार्यक्रम के प्रभारी मनीष कुमार सिंह , लोजपा रामविलास के नेता संजय सिंह , अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष जसीम अहमद , अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र चंद्रवंशी , महिला प्रकोष्ठ के प्रवक्ता दिव्या भारती , जिला प्रचार - प्रसार प्रमुख रमेश कुमार । अनुसूचित जाति / जनजाति प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष शिव कुमार पासवान ,लेबर सेल के जिलाध्यक्ष दिलकेश्वर पासवान , संसदीय बोर्ड के जिलाध्यक्ष सिंटू कुमार , छात्र प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश आजाद , जिला उपाध्यक्ष नरेश पासवान , जिला प्रवक्ता रविन्द्र कनौजिया , युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव पप्पू राज , जिला उपाध्यक्ष राजेन्द्र यादव जिला महासचिव संजीव कुमार , जिला सचिव नीतीश कुमार , जिला सचिव अमित कुमार , अरवल प्रखंड सुनील कुमार , वंशी प्रखंड अध्यक्ष महावीर पासवान , कुर्था प्रखंड अध्यक्ष जय प्रकाश पासवान , करपी प्रखंड अध्यक्ष सुबोध कुमार यादव , कलेर प्रखंड अध्यक्ष एजाज अहमद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए ।

## बाल्मीकिनगर पूर्व सांसद स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद महतो की 78 वीं जयंती मनाई गई



प्रात : किरण संवाददाता

बेतिया।नरकटियागंज के गोपाला ब्रह्म स्थान परिसर में आज सोमवार 2 जून को बाल्मीकिनगर पूर्व सांसद स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद महतो की 78 जयंती मनाई गई इस अवसर बाल्मीकिनगर सांसद सुनील कुमार ने कहा कि हमारे पिताजी स्वर्गीय बैजनाथ प्रसाद महतो पश्चिम चंपारण की राजनीति में कद्दावर नेता के रूप में जाना जाता है उन्होंने हमेशा पिछड़ों दलितों अल्पसंख्यकों और शोषित वंचितों की लड़ाई लड़ी है वो बिहार सरकार में पूर्व मंत्री भी रह चुके हैं स्वर्गीय पिता जी दो बार सांसद और तीन बार विधायक रहकर जो जनता की सेवा किए थे उनको भुला जा नहीं सकता है जनता आज भी उनको याद करती है वो हमेशा दलित पिछड़ों गरीबों को सर उठा के जीने कि सामंती विचारधारा के लोगों का अपनों के सम्मान के लिए लड़ने की प्रेरणा देते रहे है संसाद सुनील कुमार ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा पिता जी की कमी हमेशा याद आती हैं पश्चिमी चंपारण के लोग हमेशा पिता जी को याद करते रहेंगे इस अवसर पर आयोजित ग्राम रक्षा दल शहीदी जत्था के लोगों को सम्मान समारोह आयोजन किया गया मौके पर बद्रीनारायण पांडेय जिला सचिव प्रभुनाथ कुशवाह एवं ग्राम रक्षा दल मनान अंसारी शाहनवाज रिजवान पिंटू तिवारी विनय ठाकुर प्रेम नारायण ओझा अनिल कुमार रुपेश कुमार लाल बाबू कुशवाहा धर्मेश कुमार आदि सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पारितोषिक वितरण के साथ दो दिवसीय जिला साइकलिंग चैंपियनशिप संपन्न

प्रात किरण संवाददाता




सहरसा। सहरसा पुलिस लाइन में जिला साइकलिंग संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय साइकिलिंग चैंपियनशिप का समापन हो गया। बालक ओपन आयु वर्ग में अमित सेन प्रथम एवं द्वितीय स्थान दिलखुश कुमार तथा तृतीय स्थान मंजेश कुमार ने प्राप्त किया। वहीं बालक यू -16 में तृतीय स्थान ओमप्रकाश कुमार द्वितीय स्थान अमित आनंद एवं प्रथम स्थान देवेश कुमार शर्मा ने प्राप्त किया। बालिका ओपन आयु वर्ग में तृतीय स्थान प्रीति कुमारी, द्वितीय स्थान रुक्मणी कुमारी एवं प्रथम स्थान न्यूजहत बानो ने प्राप्त किया। इन तीनों ही प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को जिला साइकलिंग संघ अध्यक्ष डॉ जयंत आशीष, मुख्य अतिथि समाजसेवी प्रवीण मिश्रा, सब इंस्पेक्टर स्वेत कमल, शिवेंद्र नारायण सिंह, जिला हॉकी संघ सचिव सुनील कुमार झा, जिला बैडमिंटन संघ सचिव रणवीर सिंह राजा, भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय कीड़ा परिषद के संयुक्त सचिव डॉक्टर जैनेंद्र, समाजसेवी सिद्धार्थ कुमार सिद्धु, क्रीड़ा भारती के जिला अध्यक्ष विजय गुप्ता, प्रधानाध्यापक रंजन कुमार सिंह एवं दिलीप राय, अभय मुरारी, रूपेश झा आदि ने प्रथम स्थान आने वाले खिलाड़ी को 2000 की नगद राशि ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। द्वितीय स्थान पाने वाले खिलाड़ी को 1000 नगद मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। साथ में तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 500 नगद ट्रॉफी मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। पारितोषिक वितरण समारोह का मंच संचालन कर रहे जिला साइकलिंग संघ के संरक्षक रोशन सिंह धोनी ने कहा कि हम जिला पुलिस प्रशासन के कृतज्ञ है कि उन्होंने हम लोगों को पुलिस लाइन में इस तरह की व्यवस्था और साइकिल रेस करने की अनुमति दी। इस अवसर पर जिला साइकलिंग संघ के सचिव श्री दर्शन कुमार गुड्डू ने कहा कि यह 9 खिलाड़ी आगामी 5 जून से समस्तीपुर में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सहरसा के तरफ से शिरकत करेंगे। साथ ही अगर डीआईजी साहब, एसपी साहब एवं सार्जेंट मेजर साहब अनुमति देंगे तो हम लोग पुलिस लाइन में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का भी आयोजन करेंगे। इस अवसर पर जिला साइकलिंग संघ के अध्यक्ष डॉ जयंत आशीष ने सभी लोगों के सहयोग के लिए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद एवं साधुवाद दिया एवं आशा जताया कि आगामी दिनों में साइकिल खेल के रूप में एक पैशन के रूप में सहरसा में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर शुभम कुमार उर्फ चुनचुन के ऑर्डिनेशन में तथा सैयद समी अहमद के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में तकनीकी पदाधिकारी के रूप में जिला साइकिल संघ के उपाध्यक्ष विवेकानंद सिंह, नीतीश, जिला योग संघ सचिव अमन कुमार सिंह, फुटबॉल के राष्ट्रीय कोच नीतीश मिश्रा, साइकिल संघ कोषाध्यक्ष बिपलब रंजन, क्रीड़ा भारती के जिला मंत्री अंशु मिश्रा, दीपक कुमार, चंदन पुड्डु,विजय झा ने तकनीकी पदाधिकारी के रूप में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विप्लव रंजन, कुणाल चौधरी, राहुल सिंह, कुंदन यादव, सत्यम यादव का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### बिक्रम नगर पंचायत चुनाव : पाँचवे दिन अध्यक्ष सरिता देवी समेत आठ अभ्यर्थियों ने किया नामांकन

बिक्रम : गोपाल विद्यार्थी । आगामी 28 जून को बिक्रम नगर पंचायत के लिए होनेवाले चुनाव को लेकर पालीगंज भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय में नामांकन भरने की प्रक्रिया चल रही है। सोमवार को नामांकन पत्र भरने के 5 वें दिन विभिन्न पदों के लिए 8 प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी के पर्चे दाखिल किए। नामांकन पत्र भरनेवालो में मुख्य पार्षद पद के लिए निवर्तमान मुख्य पार्षद सरिता देवी, उप मुख्य पार्षद पद के लिए रौशन बानो , वार्ड पार्षद पद के लिए वार्ड संख्या एक से आशा देवी, वार्ड संख्या तीन से सेजिदा खातून , वार्ड संख्या पांच से गायत्री देवी ,वार्ड संख्या आठ से विकास कुमार , वार्ड संख्या बारह से सुनीता देवी और वार्ड संख्या चौदह से प्रभा देवी शामिल हैं। निवार्ची पदाधिकारी जनक कुमार के समक्ष प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पत्र भरे। मुख्य पार्षद के लिए सरिता देवी का नामांकन के बाद उनके समर्थकों ने जोरदार स्वागत किया व शुभकामनायें दीं

## दिघवारा से सूढ़ी समाज दो सौ वाहनों से करेंगे पटना में महाजुटान : मोहन शंकर




प्रात किरण /अभय आर्या

छपरा/ दिघवारा। जिला संयोजक मोहन शंकर प्रसाद द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि अवधेश भगत, प्रमंडली संयोजक सारण उपस्थित हुए । प्रेस वार्ता में बताया गया कि अगामी 08 जून 2025 रविवार को सूढ़ी ( वैश्य) अधिकार सम्मेलन बापू सभागार गांधी मैदान पटना में होने जा रहा है। इस महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में सूढ़ी समाज को पटना चलने का अवहान किया गया और इस महा सम्मेलन में सारण जिले से लगभग दो सौ वाहन से चलने का विचार विमर्श किया गया है। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्ध लोग अपस्थित हुए मुख्य रूप से रामपूर्ति, महाराज शरण, सूर्य नारायण प्रसाद, दिनेश प्रसाद, बृज किशोर प्रसाद, जदयू नेता विजय कुमार इत्यादि लोग अपस्थित रहें।

# 03 जोड़ी समर स्पेशल ट्रेनों का परिचालन शुरू

हाजीपुर। ग्रीष्मकालीन अवकाश के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है । इसी कड़ी में और 03 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के परिचालन का निर्णय लिया गया है तथा 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि में विस्तार किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है -1.गाड़ी संख्या 09457/09458 साबरमती-पटना-साबरमती स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज-टुण्डला-जयपुर-अजमेर के रास्ते): गाड़ी संख्या 09457 साबरमती-पटना स्पेशल 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 (बुधवार) को साबरमती से 18.10 बजे खुलकर गुरूवार को 21.55 बजे डीडीयू, 23.08 बजे बक्सर, 23.56 बजे आरा सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए शुक्रवार को 00.35 बजे दानापुर तथा 01.30 बजे पटना जं. पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 09458 पटना-साबरमती स्पेशल 04, 11, 18 एवं 25 जून, 2025 (शुक्रवार) को पटना जं. से 04.30 बजे खुलकर 04.45 बजे दानापुर, 05.20 बजे आरा, 06.20 बजे बक्सर एवं 08.40 बजे डीडीयू, अगले दिन शनिवार को 03.10 बजे जयपुर, 05.15 बजे अजमेर रूकते हुए 14.30 बजे साबरमती पहुंचेगी । 2.गाड़ी संख्या 03043/03044 हावड़ा-रक्सौल-हावड़ा स्पेशल (सीतामढ़ी-दरभंगा-समस्तीपुर-बरौनी-झाझा के रास्ते): गाड़ी संख्या 03043 हावड़ा-रक्सौल स्पेशल 07, 14, 21 एवं 28 जून, 2025 (शनिवार) को हावड़ा से 23.00 बजे खुलकर अगले दिन 09.30 बजे बरौनी, 11.30 बजे समस्तीपुर, 12.50 बजे दरभंगा एवं 14.35 बजे सीतामढ़ी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 16.15 बजे रक्सौल पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी सं 03044 रक्सौल-हावड़ा स्पेशल 08, 15, 22 एवं 29 जून, 2025 (रविवार) को रक्सौल से 17.30 बजे खुलकर 19.15 बजे सीतामढ़ी, 20.20 बजे दरभंगा, 22.00 बजे समस्तीपुर, 23.45 बजे बरौनी सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए सोमवार को 10.45 बजे हावड़ा पहुंचेगी । 3.गाड़ी संख्या 03435/03436 मालदा टाउन-आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल ( भागलपुर-किउल- नवादा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 03435 मालदा टाउन-आनंद विहार स्पेशल 02, 09, 16, 23 एवं 30 जून, 2025 (सोमवार) को मालदा टाउन से 09.30 बजे खुलकर 15.15 बजे किउल, 16.25 बजे नवादा, 18.15 बजे गया एवं 21.40 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए अगले दिन 13.40 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में गाड़ी संख्या 03436 आनंद विहार-मालदा टाउन स्पेशल 03, 10, 17, 24 जून एवं 01 जूलाई, 2025 (मंगलवार) को आनंद विहार से 15.45 बजे खुलकर अगले दिन 08.15 बजे डीडीयू, 11.40 बजे गया, 12.58 बजे नवादा, 15.00 बजे किउल, 16.50 बजे भागलपुर सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते हुए 21.05 बजे मालदा टाउन पहुंचेगी । इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर चलायी जा रही 02 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन अवधि में विस्तार किया जा रहा है - 1.गाड़ी सं. 09623/09624 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल (अजमेर-जयपुर-टुण्डला- प्रयागराज-डीडीयू-पाटलिपुत्र हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 09623 उदयपुर सिटी-फारबिसगंज स्पेशल उदयपुर सिटी से 03 जून से 24 जून, 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को परिचालित की जायेगी । गाड़ी सं. 09624 फारबिसगंज-उदयपुर सिटी स्पेशल फारबिसगंज से 05 जून से 26 जून, 2025 तक प्रत्येक गुरूवार को परिचालित की जायेगी । 2 गाड़ी सं. 04606/04605 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी-श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा स्पेशल (हाजीपुर-बरौनी-कटिहार के रास्ते) - गाड़ी सं. 04606 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा-गुवाहाटी स्पेशल श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा से 06 जून से 11 जुलाई, 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को परिचालित की जायेगी ।

### जमीन दाखिल खारिज से लेकर राशन कार्ड बनाने तक रिश्वत लेते हैं अधिकारी:मनोज यादव




अरवल विकास मंच के अध्यक्ष एवं रेल आंदोलन के मुख्य संयोजक सूत्रधार मनोज सिंह यादव के नेतृत्व में विकास मंच के जिला कार्यालय में अरवल जिले में दलित अति पिछड़ा पिछड़ा वर्ग पर हो रहे अत्याचार जैसे दूना छपरा में वशिष्ठ दास की मृत्यु पर संशय बरकरार व्याप्त भ्रष्टाचार विधान पार्षद और विधायक के कोटे में से बनने वाले विकास के कार्य में बड़े पैमाने पर कमीशन खोरी एवं धांधली एवं राशन में भारी कटौती जमीन के दखल खारिज परिवार के बंटवारा परिमार्जन करने में अवैध वसूली पर बैठक करते अरवल विकास मंच के अध्यक्ष एवं रेलवे आंदोलन के मुख्य संयोजक मनोज सिंह यादव देवचंद सिंह धनंजय कुमार रजनीश कुमार मंटू कुमार राम प्रवेश यादव एवं अरवल विकास मंच के सभी पदाधिकारी गण

# गयाजी नगर में नल जल योजना की बदहाली: आम जनता की प्यास और प्रशासन की उदासीनता

● राज्य सरकार, बुडको और जिला प्रशासन मिलकर इस बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता दें : राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता

प्रात किरण संवाददाता


गया। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी ह्लनल जल योजनाह्व प्रदेश के प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुँचाने का सपना लेकर शुरू की गई थी। इस योजना को ह्लहर घर नल का जलह्व के रूप में प्रचारित किया गया और इसे मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट माना जाता है। लेकिन गया शहर की जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल उलट है।गया के शहरी क्षेत्र में आज भी कई ऐसे मोहल्ले हैं जहाँ लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं। रामशिला, तेल बिगहा, गवालबीघा, और पीपर पाती जैसे इलाके जो शहर के बीचों-बीच स्थित हैं, वहां या तो पाइपलाइन बिछी ही नहीं है, या जहां बिछी है वहाँ नल 10झ्र15 मिनट से अधिक नहीं चलते। खासकर महादलित बस्तियाँ, जहाँ गरीब वंचित तबका निवास करता है, वहां स्थिति और भी बदतर है।गया शहर धार्मिक, सांस्कृतिक और पर्यटन की दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय पहचान रखता है। यहाँ देश-विदेश से लाखों पर्यटक और श्रद्धालु प्रतिवर्ष आते हैं, विशेषकर बौद्ध धर्म के अनुयायी। ऐसे में पानी जैसी बुनियादी सुविधा का न होना न केवल स्थानीय नागरिकों के लिए पीड़ा का कारण है, बल्कि शहर की छवि को भी धूमिल करता है। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के सह प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने इस गंभीर स्थिति को उठाते हुए बुडको बिहार अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और जिला प्रशासन से मांग की है कि वे तुरंत हस्तक्षेप कर इस जल संकट का स्थायी समाधान करें। उन्होंने बताया कि बुडको पर निर्भर तमाम गरीब और दलित परिवारों के लिए यह योजना मात्र कागजों पर ही चल रही है।पूर्व में भी जिला प्रशासन द्वारा बुडको को चेतावनी दी गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार नहीं देखा गया। कहीं पाइपलाइन बिछाई गई है लेकिन जलापूर्ति नियमित नहीं है, तो कहीं अब तक नल तक पहुँचाने की व्यवस्था नहीं की गई। यह स्पष्ट रूप से प्रशासनिक लापरवाही और निगरानी की कमी को दशार्ता है। सभी मोहल्लों का भौतिक निरीक्षण किया जाए। जिन इलाकों में नल जल योजना अधूरी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य पूर्ण किया जाए। जल आपूर्ति की नियमितता सुनिश्चित हो, विशेषकर गर्मी के मौसम में। बुडको की जवाबदेही तय की जाए और विफलता पर दंडात्मक कार्रवाई हो। इस योजना का असली मकसद तब ही पूरा होगा जब हर गरीब, दलित और सामान्य परिवार को प्रतिदिन साफ पानी मिलेगा — न कि सिर्फ योजना की घोषणाओं और उद्घाटन के पोस्टरों तक सीमित रहे। गया की पवित्र भूमि और उसकी जनता अब और उपेक्षा सहन नहीं कर सकती। समय आ गया है कि राज्य सरकार, बुडको और जिला प्रशासन मिलकर इस बुनियादी जरूरत को प्राथमिकता दें। मांग करने वालों में पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता पूरी मीडिया प्रभारी संतोष ठाकुर भाजपा जिला कोषाध्यक्ष दीपक पांडे जिला मीडिया प्रभारी रंजीत कुमार सिंह आत्मा नंद पांडे डॉक्टर अजय यादव कौशल कुमार भाजपा के वरिष्ठ नेता गोपाल प्रसाद यादव राजेश कुमार चौधरी ,संतोष सिंह ,महेश यादव मंटू कुमार बबलू गुप्ता।



# आईपीएल श्रेयस तीन टीमों को फाइनल में ले जाने वाले पहले कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं।

पंजाब किंग्स की टीम आईपीएल 2025 के फाइनल में पहुंच गई है। उसने रविवार को आईपीएल क्वालिफायर-दो के मुकाबले में मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हरा दिया। पंजाब की जीत के साथ यह तय हो गया कि आईपीएल 2025 की चैंपियन कोई नई टीम बनेगी। आरसीबी और पंजाब दोनों ने ही इससे पहले कभी खिताब अपने नाम नहीं किया है। श्रेयस अय्यर ने शानदार कप्तानी पारी खेलते हुए अपनी टीम को पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस पर जीत दिलाई। श्रेयस ने 41 गेंद में पांच चौके और आठ छक्के की मदद से 87 रन की नाबाद पारी खेली। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच भी चुना गया।



### आईपीएल नॉकआउट में सबसे सफल रन चेज

| लक्ष्य | टीम | खिलाफ | साल |
|---|---|---|---|
| 204 | PBKS | MI | 2025 |
| 200 | KKR | PBKS | 2014 |
| 191 | KKR | CSK | 2012 |
| 189 | GT | RR | 2022 |
| 179 | CSK | SRH | 2018 |

**श्रेयस का आईपीएल में जलवा-** पिछले छह साल में श्रेयस तीन अलग-अलग टीमों के साथ तीन अलग फाइनल में पहुंचे हैं। वह तीन अलग-अलग टीमों के साथ आईपीएल फाइनल में पहुंचने वाले पहले कप्तान हैं। श्रेयस इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स के साथ साल 2020 में और कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ 2024 में आईपीएल फाइनल में पहुंच चुके हैं। उनकी कप्तानी में केकेआर ने पिछले साल खिताब भी जीता था। अब वह इस साल पंजाब की टीम के साथ चैंपियन बनना चाहेंगे। श्रेयस को पंजाब ने मेगा ऑक्शन में 26.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

क्वालिफायर-1 में भी श्रेयस की पंजाब टीम और आरसीबी के बीच मुकाबला हुआ था। तब आरसीबी ने आसान जीत दर्ज की थी। पंजाब को आरसीबी ने 101 रन पर समेट दिया था। अब फिर से फाइनल में दोनों टीमें टकराएंगी। यह लीग के इतिहास में 12वीं बार है जब क्वालिफायर-एक और फाइनल में एक सी टीमें टकराएंगी।

**क्वालिफायर-दो में मुंबई हारी-** श्रेयस अय्यर की तूफानी पारी की मदद से पंजाब किंग्स ने दूसरे क्वालिफायर में रविवार को मुंबई इंडियंस को पांच विकेट से हराया। अब तीन जून को फाइनल में पंजाब का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा और दोनों टीमों ने 18 साल में एक बार भी खिताब नहीं जीता है। पिछले साल अपनी कप्तानी में कोलकाता नाइट राइडर्स को खिताब दिलाने वाले श्रेयस ने दबाव के क्षणों में परिपक्व पारी खेलते हुए 11 साल में पहली बार पंजाब को फाइनल में पहुंचाया। मुंबई के खतरनाक गेंदबाजी आक्रमण के सामने जीत के लिये 204 रन का लक्ष्य आसान नहीं था, लेकिन श्रेयस ने आक्रामक बल्लेबाजी की नई परिभाषा गढ़ी। पंजाब किंग्स ने पांच विकेट पर 207 रन बनाए और मैच जीत लिया। श्रेयस ने 19वें ओवर की आखिरी गेंद पर छक्का जड़कर टीम को जीत तक पहुंचाया। इससे पहले बारिश के कारण मैच सवा दो घंटे विलंब से शुरू हुआ था।

### कब-कब आईपीएल में क्वालिफायर-1 और फाइनल में एक सी टीमें टकराईं

| साल | टीमें (क्वालीफायर-1 और फ़ाइनल) | खिताब विजेता |
|---|---|---|
| 2011 | सीएसके बनाम आरसीबी- | सीएसके |
| 2013 | सीएसके बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2014 | केकेआर बनाम पीबीकेएस- | केकेआर |
| 2015 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2017 | आरपीएस बनाम मुंबई- | मुंबई |
| 2018 | सीएसके बनाम एसआरएच- | सीएसके |
| 2019 | मुंबई बनाम सीएसके- | मुंबई |
| 2020 | मुंबई बनाम डीसी- | मुंबई |
| 2022 | जीटी बनाम आरआर- | जीटी |
| 2023 | सीएसके बनाम जीटी | सीएसके |
| 2024 | केकेआर बनाम एसआरएच- | केकेआर |
| 2025 | आरसीबी बनाम पीबीकेएस | |

## टेस्ट के बाद वनडे और टी20 को भी हेनरिक क्लासेन ने कहा अलविदा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज हेनरिक क्लासेन ने सोमवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला लेकर सभी को चौंका दिया। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने सोशल मीडिया पर अपने निर्णय की घोषणा की। उन्होंने बताया कि वह अपने परिवार पर ध्यान देना चाहते हैं। बता दें कि, क्लासेन ने पिछले साल टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। अब उन्होंने वनडे और टी20 को भी अलविदा कह दिया है।



**सोशल मीडिया पर लिखी दिल की बात-** दाएं हाथ के बल्लेबाज ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा- यह मेरे लिए दुखद दिन है क्योंकि मैं घोषणा करता हूं कि मैंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से दूर रहने का फैसला किया है। मुझे यह तय करने में बहुत समय लगा कि मेरे और मेरे परिवार के भविष्य के लिए क्या सबसे अच्छा है। यह वाकई बहुत कठिन फैसला था लेकिन मैं इस फैसले से पूरी तरह से संतुष्ट हूं।

**क्लासेन का अंतरराष्ट्रीय करियर-** हेनरिक क्लासेन ने तीनों प्रारूपों में दक्षिण अफ्रीका का नेतृत्व किया। उन्होंने चार टेस्ट, 60 वनडे और 58 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले। इनमें उन्होंने क्रमशः 104, 2141 और 1000 रन बनाए। क्लासेन को आखिरी बार चैंपियंस ट्रॉफी में खेलते देखा गया था। इस दौरान उन्होंने सिर्फ दो मुकाबले खेले और 67 रन बनाए।

## जेम्स एंडरसन की 11 साल बाद धमाकेदार वापसी, टी20 क्रिकेट में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**चेस्टर-ले-स्ट्रीट (एजेंसी)।** इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने 11 साल बाद टी20 क्रिकेट में वापसी की। उन्होंने डरहम में लंकाशायर के लिए डरहम के खिलाफ टी20 ब्लास्ट मैच के दौरान इस प्रारूप में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। 42 वर्षीय इंग्लिश तेज गेंदबाज ने पिछले साल 704 टेस्ट विकेट और 991 से अधिक अंतरराष्ट्रीय विकेट लेकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।





अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ने पिछले कुछ वर्षों में उनके काउंटी में प्रदर्शन को सीमित कर दिया है। उन्होंने पिछले साल काउंटी चैम्पियनशिप में प्रदर्शन किया जिसमें उन्होंने 7/35 का प्रदर्शन किया। 2015 में आखिरी बार वनडे और 2009 में टी20आई खेलने वाले एंडरसन पिछले साल अपने रिटायरमेंट तक टेस्ट पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे और उसके बाद उन्होंने इंग्लैंड की पुरुष टीम के गेंदबाजी सलाहकार का काम संभाला।

एंडरसन का कौशल-सेट हमेशा की तरह तीखा है क्योंकि उन्होंने 4.25 की इकॉनमी रेट से चार ओवर में 17 रन देकर 3 विकेट अपने नाम किए, जो इस प्रारूप में उनके सर्वश्रेष्ठ आंकड़े हैं। उन्होंने ग्राहम क्लार्क (10), कप्तान एलेक्स लीज (16) और कॉलिन एकरमैन (18) को आउट करके डरहम को 7.1 ओवर में 3/46 पर ला खड़ा किया। जेम्स नीशम ने 25 गेंदों में पांच चौकों और एक छक्के की मदद से 40* रन बनाकर उन्हें 20 ओवर में 150/6 तक पहुंचाया। लक्ष्य का पीछा चार विकेट रहते किया गया। एंडरसन ने इससे पहले अगस्त 2014 में वारविकशायर के खिलाफ टी20 ब्लास्ट फाइनल में खेला था, लेकिन चार ओवर में 52 रन देकर कोई विकेट नहीं ले पाए थे और उनकी टीम चार रन से हार गई थी। उन्होंने कुल 45 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 30.34 की औसत से 44 विकेट लिए हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद एंडरसन ने पिछले अगस्त में फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा था कि वह कुछ फ्रैंचाइजी क्रिकेट खेलने के लिए तैयार हैं।

## बीसीसीआई की नकल कर रहा पीसीबी!

### क्रिकेट में अपनी छवि सुधारने के लिए पाकिस्तान ने घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य किया





**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने सोमवार को सभी केंद्रीय अनुबंधित और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के लिए राष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं से मुक्त होने पर सत्र के दौरान कम से कम एक घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य कर दिया है। पीसीबी बीसीसीआई के नक्शेकदम पर चल रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि बीसीसीआई सचिव रहते हुए जय शाह ने पिछले साल भारत के सीनियर क्रिकेटरों के लिए घरेलू टूर्नामेंट खेलना अनिवार्य कर दिया था। तब बीसीसीआई ने कहा था कि यही राष्ट्रीय टीम में चयन का आधार होगा। अब पीसीबी ने भी बीसीसीआई की नकल करते हुए उसी नक्शेकदम पर चलना शुरू कर दिया है। अब जय शाह आईसीसी अध्यक्ष हैं।

पीसीबी का मानना है कि खिलाड़ियों की गुणवत्ता में सुधार का एकमात्र तरीका घरेलू ढांचे को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना है। बैठक की अध्यक्षता करने वाले पीसीबी के अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा कि इससे घरेलू खिलाड़ियों और युवाओं को अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ खेलने और उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा, इससे घरेलू खिलाड़ियों को लंबे समय में फायदा होगा और वे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी तरह के मौके के लिए तैयार रहेंगे।

### माइक हेसन भी बैठक में शामिल हुए

बैठक में पाकिस्तान के नए सीमित ओवर के कोच माइक हेसन, टी20 टीम के कप्तान सलमान अली आगा, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मामलों के प्रमुख उस्मान वाहला और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के निदेशक आकिब जावेद शामिल हुए। पीसीबी ने 2025-26 के लिए नए केंद्रीय अनुबंध जारी करने और 30 जुलाई की समय सीमा को पूरा करने का भी फैसला किया। पीसीबी इसमें पिछले दो वर्षों में चूक गया था।

### चैंपियंस कप को रद्द किया गया

पीसीबी ने पिछले साल चैंपियंस कप के नाम से नई प्रथम श्रेणी, वनडे और टी20 प्रतियोगिताएं शुरू कीं और यहां तक कि सभी पांच टीमों के लिए भारी वेतन पर पांच मेंटर भी नियुक्त किए, लेकिन आने वाले घरेलू सत्र के लिए चैंपियंस कप को रद्द करने का फैसला किया। उस्मान वाहला ने अगले छह महीनों के लिए दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज और वेस्टइंडीज और बांग्लादेश के दौरे सहित अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं की भी पुष्टि की।

मेजबान श्रीलंका के अनुरोध के बाद

## एसीसी ने महिला एमर्जिंग एशिया कप स्थगित किया

**दुबई (एजेंसी)।** एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) ने मेजबान देश श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंताओं के कारण छह जून से शुरू होने वाले महिला एमर्जिंग टीम एशिया कप टूर्नामेंट को सोमवार को स्थगित करने की घोषणा की। टूर्नामेंट को स्थगित करने का फैसला श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष शम्मी सिल्वा से प्राप्त पत्र पर विचार-विमर्श के बाद लिया गया जिन्होंने एसीसी प्रमुख मोहसिन रजा नकवी को इस टूर्नामेंट को स्थगित करने की मांग करते हुए पत्र लिखा था।



एसीसी ने एक बयान में कहा कि सिल्वा ने श्रीलंका में मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों और इस क्षेत्र में चिकनगुनिया फैलने के कारण स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का हवाला दिया। नकवी पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने कहा कि महाद्वीपीय संस्था महिला क्रिकेट और क्षेत्र में उभरती प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के महत्व को समझती है।

उन्होंने कहा, एसीसी युवा महिला क्रिकेटरों को कौशल को बढ़ाने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के मौके प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम एशिया में महिला क्रिकेट के भविष्य को आकार देने में इस टूर्नामेंट के रणनीतिक महत्व को समझते हैं और जल्द से जल्द इस टूर्नामेंट को फिर से आयोजित करने के लिए लगन से काम करेंगे।

नकवी ने कहा कि एसीसी समय आने पर टूर्नामेंट की नयी तारीखों की घोषणा करेगा। एसीसी के करीबी एक विश्वसनीय सूत्र ने यह भी कहा कि पाकिस्तान और भारत के बीच हाल में सीमा पर तनाव के कारण सितंबर में पुरुषों के एशिया कप टी20 टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर गंभीर संदेह है। सूत्र ने कहा, मुझे नहीं लगता कि एशिया कप होगा क्योंकि मौजूदा स्थिति को देखते हुए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के लिए इस टूर्नामेंट की मेजबानी करने के साथ पाकिस्तान टीम को आमंत्रित करने के लिए अपनी सरकार से मंजूरी लेना मुश्किल होगा।

## ग्लेन मैक्सवेल ने वनडे क्रिकेट से लिया संन्यास अब पूरा ध्यान टी20 विश्व कप पर

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप पर ध्यान केंद्रित करने के लिए सोमवार को वनडे से संन्यास ले लिया। उन्होंने कहा कि वह 'स्वार्थी कारणों से नहीं खेलना चाहते' क्योंकि उनका शरीर संघर्ष कर रहा है।

36 वर्षीय विस्फोटक बल्लेबाज और अक्सर कमतर आंके जाने वाले ऑफ स्पिन गेंदबाज ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 149 वनडे मैच खेले हैं जिसमें कई लोगों द्वारा सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे पारी मानी जाती है। मैक्सवेल 2023 विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ खेले थे, जब उनकी टीम 7-91 के स्कोर पर लड़खड़ा रही थी। उच्च दबाव की स्थिति में और भीषण गर्मी में गंभीर ऐंठन से जूझते हुए उन्होंने हार के मुंह से जीत छीनने के लिए सिर्फ 128 गेंदों पर 201 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने अहमदाबाद में पसंदीदा भारत को हराकर विश्व कप जीता।




उन्होंने फाइनल वर्ड पॉडकास्ट से कहा, मुझे लगा कि मैं टीम को थोड़ा निराश कर रहा हूं क्योंकि शरीर परिस्थितियों पर प्रतिक्रिया कर रहा है। मैंने (चयनकर्ताओं के अध्यक्ष) जॉर्ज बेली के साथ अच्छी बातचीत की और उनसे पूछा कि आगे के बारे में उनके क्या विचार हैं। हमने 2027 विश्व कप के बारे में बात की और मैंने उनसे कहा मुझे नहीं लगता कि मैं ऐसा कर पाऊंगा, अब समय आ गया है कि मेरी स्थिति में लोगों के लिए योजना बनाई जाए ताकि वे इस स्थिति को अपना बना सकें।

मैक्सवेल हाल ही में पंजाब किंग्स के साथ आईपीएल में खेले थे, जो उंगली में चोट के कारण बीच में ही वापस लौट गए थे। विस्फोटक बल्लेबाज ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि अगर मुझे लगता है कि मैं अभी भी खेलने के लिए पर्याप्त अच्छा हूं तो मैं अपनी स्थिति नहीं छोड़ूंगा। मैं सिर्फ कुछ सीरीज तक ही टिके रहना नहीं चाहता था और स्वार्थी कारणों से खेलना नहीं चाहता था।

मैक्सवेल का 126 का स्ट्राइक रेट वनडे क्रिकेट में दूसरा सबसे अधिक है, जो वेस्टइंडीज के दिग्गज बल्लेबाज आंद्रे रसेल से पीछे है। उन्होंने 77 विकेट के साथ चार शतक और 23 अर्धशतक लगाए हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, मैक्सवेल ने भारत और श्रीलंका में 2026 आईसीसी पुरुष ञ्20 विश्व कप, बिग बैश लीग और अपनी अन्य वैश्विक प्रतिबद्धताओं के लिए अपनी तैयारी को प्राथमिकता देने का फैसला किया है।

मैक्सवेल ने अपने शानदार एकदिवसीय करियर में कई बेहतरीन मैच खेले हैं, जिसमें दो एकदिवसीय विश्व कप जीत भी शामिल हैं।

# आईपीएल-श्रेयस-रजत से जुड़ा अजब संयोग

## सात महीने में दूसरी बार खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे दोनों कप्तान

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है।

आईपीएल 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच गया है। पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच मंगलवार को इस सत्र का खिताबी मुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में भले ही कोई भी टीम जीते लेकिन आईपीएल प्रशंसकों को नई विजेता टीम मिलना तय है। खिताबी मैच से पहले हम आपको एक अजब संयोग के विषय में बताएंगे जिसके विषय में जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

**सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में हुई थी श्रेयस-पाटीदार की टक्कर-** पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु आईपीएल की दो ऐसी टीमें हैं जिन्होंने अब तक एक भी आईपीएल खिताब नहीं जीता है। दोनों टीमों को अपने पहले खिताब का इंतजार है। पंजाब की कमान श्रेयस अय्यर संभाल रहे हैं जबकि आरसीबी का नेतृत्व रजत पाटीदार कर रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि दोनों कप्तानों का आमना-सामना सात महीने के भीतर एक बार फिर किसी टूर्नामेंट के फाइनल में हो रहा है। इससे पहले दोनों कप्तानों की सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 के फाइनल में भिड़ंत हुई थी।



**तीन जून को मिलेगा नया चैंपियन-** अब दोनों कप्तानों का आईपीएल 2025 के फाइनल में आमना-सामना होगा। आरसीबी ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। वहीं, पंजाब किंग्स ने एलिमिनेटर की विजेता मुंबई इंडियंस को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पंजाब और आरसीबी ने अब तक कभी आईपीएल की ट्रॉफी नहीं जीती है, ऐसे में यह तय है कि अब टूर्नामेंट को एक नया चैंपियन मिलेगा। 18वें सत्र का खिताबी मुकाबला तीन जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम पर खेला जाएगा।

### श्रेयस ने मुंबई को दिलाई थी जीत

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2024 का खिताबी मुकाबला पिछले साल दिसंबर में खेला गया था। 15 दिसंबर को खेले गए मैच में श्रेयस अय्यर की अगुआई में मुंबई ने रजत पाटीदार के नेतृत्व वाली मध्य प्रदेश को पांच विकेट से मात देकर खिताब अपने नाम किया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने मुंबई को दूसरी बार यह खिताब जिताया था। इससे पहले टीम ने अजिंक्य रहाणे के नेतृत्व में 2022/23 में खिताब अपने नाम किया था।

बंगलूरू के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में मुंबई ने टॉस जीतकर मध्य प्रदेश को बल्लेबाजी का न्योता दिया था। रजत पाटीदार की अर्धशतकीय पारी की बदौलत टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 174 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की 48 रनों की जबरदस्त पारी की बदौलत 17.5 ओवर में पांच विकेट पर 180 रन बनाए और मैच अपने नाम किया था। एमपी के लिए त्रिपुरेश सिंह ने दो विकेट लिए जबकि शिवम शुक्ला, वेंकटेश अय्यर और कुमार कार्तिकेय ने एक-एक विकेट हासिल किए थे।

## संक्षिप्त समाचार

### गणपति घाट की नई सड़क के ओवर ब्रिज से 50 फीट नीचे गिरा ट्राला, ड्राइवर और कंडक्टर की मौत



**धार ।** राऊ -खलघाट फोरलेन के गणपति घाट की नई सड़क पर देर रात को एक सड़क हादसा हो गया। नई सड़क के ओवर ब्रिज के मोड़ पर ट्राला अनियंत्रित होकर करीब 50 फीट नीचे जा गिरा। हादसे में ट्राले में सवार ड्राइवर और कंडक्टर की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। दोनों को एंबुलेंस की मदद से धामनोद अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलने पर घटना स्थल पर काकड़ादा पुलिस पहुंची। जानकारी अनुसार इंदौर की ओर से आकर धामनोद की तरफ जा रहा ट्राला क्रमांक एमपी 09 एचजी 0954 गणपति घाट के नई सड़क के ग्राम बाकानेर में ब्रिज के मोड़ पर अनियंत्रित होकर करीब 50 फिट ब्रिज के निचे जा गिरा। हादसें में ट्राले में सवार ड्राइवर और कंडक्टर की दबने से मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी लगते ही काकड़दा चौकी प्रभारी मिथुन चौहान अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। ड्राइवर और कंडक्टर को 108 एम्बुलेंस कि मदद से उपचार के लिए धामनोद अस्पताल भेजा गया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। ट्राला गेहूं से भरा हुआ था। हादसें में ट्राला बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हे।

### बुरहानपुर के माजिद हुसैन ने एमपी में किया टॉप, देश में तीसरा स्थान

**बुरहानपुर ।** जेईई एडवांस्ड 2025 का रिजल्ट सोमवार सुबह जारी हो गया है। जिसमें मैक्रो विजन एकेडमी बुरहानपुर के माजिद मुजाहिद हुसैन ने मध्य प्रदेश में टॉप किया है। उन्होंने एआईआर (ऑल इंडिया रैंक) 3 हासिल की है। उनसे पहले दोनों कैंडिडेट कोटा (राजस्थान) से हैं। जिसमें पहले स्थान पर राजित गुप्ता और दूसरे स्थान पर सक्षम जिंदल हैं। इस सफलता पर माजिद मुजाहिद हुसैन के पिता ने बताया कि यह बच्चे की कड़ी मेहनत का नतीजा है। हमें अपने बेटे पर गर्व है। आज उसका स्कूल में सम्मान हो रहा है। बच्चे के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में आना एक अलग ही अनुभव है। वहीं, माजिद ने कहा कि सफल होना है, तो खुद पर भरोसा जरूरी है। ऐसा होने पर आप ज्यादा बेहतर प्रदर्शन कर पाते हैं। साथ ही, मानसिक तनाव से दूर रहते हैं। इससे पहले माजिद ने जेईई मेंस मैं भी ऑल इंडिया रैंक हासिल की थी।

### वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन के लिए नई वेबसाइट शुरू करेगी केंद्र सरकार, राज्य सरकारों से चर्चा भी जल्द

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वक्फ संशोधन कानून पर मचे बवाल के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इस पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। इस बीच केंद्र सरकार इस कानून के क्रियान्वयन को लेकर तैयारियों में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक केंद्र की भाजपा सरकार इस सप्ताह वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण के लिए एक नई वेबसाइट शुरू करने जा रही है। सूत्रों के मुताबिक केंद्र सरकार वक्फ के संचालन के नियमों को लेकर जल्दी ही राज्यों के साथ विचार-विमर्श करने की योजना भी बना रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक नई वेबसाइट पर देश भर की वक्फ संपत्तियों का पूरा ब्योरा होगा, जिसमें उनके मुतवल्लियों की संपत्ति भी शामिल होगी। वहीं केंद्र सरकार वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के लिए नियम बनाने के लिए राज्य सरकारों से भी चर्चा करेगी। बता दें कि कानून के तहत राज्य स्तरीय वक्फ बोर्ड राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में होंगे और उनमें राज्य सरकारों का प्रतिनिधित्व भी होगा। राज्यों से सलाह और सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद केंद्र सरकार वक्फ संपत्तियों और वक्फ बोर्ड के लिए नियमों को अधिसूचित कर सकती है। इससे पहले केंद्र सरकार ने बीते अप्रैल माह में वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 को अधिसूचित किया था, जिसके बाद 5 अप्रैल को इसे राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मंजूरी मिली थी। हालांकि इसके बाद कुछ मुस्लिम संगठनों और कुछ सांसदों ने इस कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# गुरुग्राम में भी एक ट्रैक पर दौड़ेंगी नमो भारत-मेट्रो

## दिल्ली से राजस्थान का सफर होगा आसान

**गुरुग्राम, एजेंसी।**
दिल्ली के सराय रोहिल्ला से गुरुग्राम होते हुए राजस्थान के नीमराना तक नमो भारत ट्रेन को मेरठ की तर्ज पर चलाया जाएगा। भविष्य में नमो भारत ट्रेन के ट्रैक पर मेट्रो भी चलाई जाएगी। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस रूट की संशोधित डीपीआर को मंजूरी देने के बाद बैठक में यह आदेश दिए कि नमो भारत के ट्रैक इस तरह तैयार किए जानें जिन पर भविष्य में मेट्रो भी चलाई जा सके। मई के पहले सप्ताह में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बैठक हुई थी। इसमें हरियाणा सरकार के कई विभागों के अधिकारियों के अलावा एनसीआरटीसी के अधिकारी मौजूद थे। इसमें मुख्यमंत्री के आदेश को हरियाणा मास रैपिड ट्रांसपोर्ट कार्पोरेशन (एचएमआरटीसी) ने एक पत्र के माध्यम से जारी किया है। मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा है कि मेरठ में निर्मित नमो भारत ट्रेन के ट्रैक की तर्ज पर दिल्ली से हरियाणा होते हुए राजस्थान तक का ट्रैक तैयार किया जाए। भविष्य में यदि इस रूट पर मेट्रो चलाने की योजना है तो दूसरा ट्रैक तैयार नहीं करना पड़े। इस ट्रैक पर मेट्रो को भी चलाया जा सके। स्टेशन का डिजाइन भी कुछ इस तर्ज पर तैयार किया जाए।

पत्र के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा है कि नमो भारत ट्रेन के तहत डिपो को राजस्थान में तैयार किया जाना चाहिए। इसके लिए 70 हेक्टेयर जमीन राजस्थान सरकार से ली जानी चाहिए, क्योंकि भविष्य में नमो भारत ट्रेन को जयपुर या अलवर तक ले जाने की योजना



बन सकती है। इसलिए इसको ध्यान में रखना चाहिए। पत्र के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार, एनसीआरटीसी को डिपो तैयार करने के लिए 40 हेक्टेयर जमीन देने पर विचार करेगी। इसमें शर्त यह रहेगी कि जमीन हरियाणा सरकार के नाम पर रहेगी। बेसमेंट और ग्राउंड फ्लोर पर एनसीआरटीसी की तरफ से डिपो चलाया जाए। इसके ऊपर व्यावसायिक गतिविधियां हरियाणा सरकार की तरफ से की जाएंगी।

पत्र के अनुसार, हरियाणा सरकार ने गुरुग्राम-फरीदाबाद और नोएडा को जोड़ने के लिए एनसीआरटीसी की तरफ से तैयार रूट को मंजूरी दी है। इसमें सिफारिश की गई है कि योजना के तहत नमो भारत ट्रेन का डिपो उत्तरप्रदेश में तैयार किया जाए।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने आरआरटीएस कॉरिडोर पर मेट्रो चलाने के प्रस्ताव के बारे में पूछे जाने पर कहा कि मेरठ आरआरटीएस सिस्टम में उन इलाकों में मेट्रो चलाई जा रही हैं, जहां आबादी घनी है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है कि आरआरटीएस कॉरिडोर में मेट्रो चलाई जा रही है, क्योंकि इसके लिए अलग कॉरिडोर की जरूरत नहीं है। मेट्रो स्टेशन कम दूरी पर है। घनी आबादी वाले कॉरिडोर में एक ही कॉरिडोर पर मेट्रो चलाना संभव है।

## न एसी में रहेंगे, ना कार से चलेंगे; भीषण गर्मी में मध्य प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ने फिर लिए 2 नए प्रण

**ग्वालियर, एजेंसी।**
मध्य प्रदेश की ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर हर बार अपने अलग अंदाज और अजीबो गरीब संकल्पों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। इस बार भीषण गर्मी के बीच उन्होंने फिर से दो ऐसे संकल्प लिए हैं जो खूब चर्चा में हैं। मंत्री तोमर ने संकल्प लिया है कि वह पूरे जून के महीने एसी में नहीं सोएंगे और दूसरा अपनी लग्जरी गाड़ी छोड़ दोपहिया वाहन पर घूमेंगे। इसी कड़ी में वह रविवार रात अपने घर के बाहर टेंट लगाकर पंखे में सोए। इससे पहले उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ भजन भी किया।

दरअसल, ऊर्जा मंत्री का कहना है कि एक एसी चलने से कई यूनिट बिजली जलती है और कार्बन डाईऑक्साइड बाहर निकलता है, जो हमारी प्रकृति और पर्यावरण के लिए अच्छा नहीं है। इसलिए वह घर के सामने खुले पार्क में पंखा लगाकर सोए। इसके साथ ही मंत्री जी ने दूसरा संकल्प यह लिया है कि वह अब एक महीनेभर टू-व्हीलर पर ही चलेंगे और लोगों से जनसंपर्क करेंगे।

**पहले ये संकल्प रहे चर्चा में:** आपको बता दें कि, इससे पहले मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर कई ऐसे संकल्प ले



चुके हैं जिन्होंने खूब सुर्खियां बटोरी और विपक्ष ने खूब उन्हें नौटंकीबाज भी बोला। इससे पहले उन्होंने शहर की सड़कों की खराब हालत को देखते हुए चप्पल पहननी छोड़ दी थी। हालांकि, सिंधिया ने खुद अपने हाथों से चप्पल पहनाकर यह प्रण तुड़वाया था। उसके बाद उन्होंने ऐलान किया कि लोग कार, बाइक से सब्जी मंडी जाते हैं, बेवजह पेट्रोल खर्च होता है इसलिए मैं खुद साइकिल से सब्जी मंडी जाऊंगा। उन्होंने एक संकल्प यह भी लिया था कि वह बिना प्रेस किए हुए कपड़े पहनेंगे, इससे बिजली की बचत होगी। इसके बाद अभी उन्होंने यह संकल्प लिया है कि जून के महीने में एसी वाले कमरे में नहीं सोएंगे। वहीं जून के महीने में बाइक से चलने का भी संकल्प लिया है। इसके अलावा उन्होंने यह भी संकल्प लिया है कि मटकी का पानी पीएंगे। हालांकि, इसमें कुछ शर्तें भी है। उन्होंने कहा है कि अगर किसी बड़े नेता मिलने जाना है या कोई बाहर कार्यक्रम है तो वह गाड़ी का उपयोग कर सकते हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युमन सिंह तोमर द्वारा ऐसे संकल्प लेने के पीछे की वजह और इनसे जनता को क्या फायदा होगा? इस बारे में जब उनसे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि धीरे-धीरे लोग इन चीजों को समझ रहे हैं कि बिजली कैसे बचाई जा सकती है।

## सुकमा में दो हार्डकोर समेत 16 माओवादियों ने किया सरेंडर, 6 पर था 25 लाख का इनाम

**सुकमा, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा चलाई गई आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर सुकमा में पीएलजीए बटालियन के 2 हार्डकोर माओवादियों समेत 16 माओवादियों ने सरेंडर किया है। इनमें एक महिला और पुरुष माओवादी पर 8-8 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इसके साथ ही 6 नक्सलियों पर कुल 25 लाख रुपये का इनाम घोषित था।

सरेंडर करने वाले माओवादी छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हुई बड़ी वारदातों में शामिल रहे हैं। आत्म समर्पण नीति और नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर इन्होंने सरेंडर किया है। एसपी किरण चव्हाण, एएसपी उमेश गुप्ता और सीआरपीएफ व पुलिस अधिकारियों के सामने इन्होंने हथियार डाल दिए।

कोंडागांवः बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले के भोंगापाल में छठवीं शताब्दी के बौद्ध चैत्य गृह में आयोजित महोत्सव में



रविवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व विधानसभा अध्यक्ष डा. रमन सिंह सम्मिलित हुए। बुद्ध जयंती पर भगवान गौतम बुद्ध की पूजा-अर्चना कर प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि माओवाद के खात्मे के बाद बस्तर में शांति का स्थान भोंगापाल बनेगा। यहां बुद्ध शांति पार्क विकसित कर यहां प्राकृतिक चिकित्सा, अत्याधात्मिक साधना के साथ शोध कार्य प्रारंभ किए जाएंगे।

बोधगया से पधारे बौद्ध साधुवृन्द भंते अश्वजीत महाथेरा, भंते ज्ञानवंश थेरो, भंते शीलवंश थेरो, भंते प्रमोद एवं भंते डीन वियतनाम द्वारा बुद्धम शरणं गच्छामी मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा-अर्चना करवाया गया।

विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम ने कहा कि भोंगापाल को विकसित करने का प्रयास सरकार की ओर से शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कमिश्नर बस्तर डोमन सिंह, आइजी सुंदरराज पी., कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना, एसपी वाय अक्षय कुमार व बौद्ध धर्म के अनुयायी भी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ शराब घोटाले के मुख्य आरोपी बिजनेसमैन विजय भाटिया गिरफ्तार

**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कथित शराब घोटाले के मुख्य आरोपी बिजनेसमैन विजय भाटिया को गिरफ्तार कर लिया गया। रविवार को उन्हें रायपुर में कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें हिरासत में भेज दिया गया। भाटिया पर भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7 और 12 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

छत्तीसगढ़ पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा (एसीबी/ईओडब्ल्यू) ने कथित शराब घोटाले के सिलसिले में नई दिल्ली में कारोबारी विजय भाटिया को गिरफ्तार किया। रविवार को उन्हें रायपुर में न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें एसीबी/ईओडब्ल्यू की एक दिन की हिरासत में भेज दिया गया। एसीबी/ईओडब्ल्यू के बयान के अनुसार घोटाले के मुख्य आरोपी भाटिया ने छत्तीसगढ़ में विदेशी शराब निर्माण कंपनियों और आपूर्तिकर्ताओं से बड़े पैमाने पर कमीशन लेकर कथित रूप से उन्हें अवैध लाभ पहुंचाया, जिससे सरकार को राजस्व की भारी हानि हुई।

## इंग्लिश चैनल पार कर एक दिन में 1,100 से ज्यादा प्रवासी ब्रिटेन पहुंचे, साल का अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा

**लंदन, एजेंसी।**
ब्रिटिश सरकार ने रविवार को एक आकड़ा जारी कर बताया कि बीते शनिवार को लगभग 1,194 प्रवासी छोटी नावों के जरिए फ्रांस से इंग्लिश चैनल पार कर ब्रिटेन पहुंचे। यह संख्या इस साल एक दिन में आने वाले प्रवासियों की सबसे ज्यादा है। ब्रिटिश सरकार के अनुसार जब मैसम शांत था तब इन सभी प्रवासियों ने कुल18 नावों की मदद से यात्रा की।

बता दें कि इस साल अब तक 14,811 लोग इस रास्ते से यूके पहुंच चुके हैं, जो पिछले साल इसी समय की तुलना में 42 प्रतिशत ज्यादा है। एक तरफ से देखा जाए तो प्रवासियों की बढ़ोतरी प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर की लेबर सरकार पर दबाव बढ़ा रही है, जो लगभग एक साल पहले सत्ता में आई थी। सरकार ने पिछली कंजरवेटिव सरकार की रवांडा योजना को खत्म कर दिया है, जिसके तहत अवैध रूप से



आए प्रवासियों को रवांडा भेजने का प्रस्ताव था। ब्रिटेन में प्रवासियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रधानमंत्री स्टारमर ने कहा है कि सरकार प्रवासी तस्करी करने वाले गैंग्स और उनके धंधे को खत्म कर इस समस्या पर काबू पाएगी। इसके लिए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इंटेलिजेंस साझा करने, उत्तरी फ्रांस में सख्त निगरानी और नई कड़ी इमिग्रेशन नीतियों को लागू किया है।

शनिवार को फ्रांस के ग्रावलीन इलाके में पुलिस को समुद्र तट पर प्रवासियों को नावों में चढ़ते हुए देखा गया। फ्रांसीसी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने 184 लोगों को बचाया। वहीं ब्रिटेन के रक्षा मंत्री जॉन हीली ने एक न्यूज चैनल से कहा कि कल जो दृश्य थे, वो वाकई चौंकाने वाले थे। उन्होंने कहा कि फ्रांसीसी पुलिस उथले पानी में नावों को रोकने में असमर्थ है, जो एक बड़ी समस्या है। उन्होंने ये भी कहा कि यूके सरकार फ्रांस पर दबाव बना रही है कि वे नए नियम लागू करें ताकि तस्करों को वहीं रोका जा सके। हालांकि दोनों देशों की कोशिशों के बावजूद इंग्लिश चैनल दुनिया के सबसे व्यस्त समुद्री रास्तों में से एक बना हुआ है और यह अब भी संघर्ष या गरीबी से भागे लोगों के लिए एक प्रमुख तस्करी मार्ग है। प्रवासी अक्सर यूके को भाषा, परिवार या शरण लेने और काम की बेहतर संभावनाओं के कारण पसंद करते है। वहीं होम ऑफिस के अनुसार, 2024 में अब तक 36,816 लोग छोटी नावों से यूके पहुंचे हैं, जो 2023 (29,437) की तुलना में 25 प्रतिशत ज्यादा है।

## कनाडा में जंगल की आग का कहर, 25,000 से अधिक लोग सुरक्षित जगहों पर भेजे गए; सूखा मौसम बना चुनौती

**फ्लिन फ्लोन , एजेंसी।** कनाडा के तीन प्रांत मैनिटोबा, अल्बर्टा और सस्केचेवान में जंगल की भीषण आग ने तबाही मचा दी है। फलस्वरूप रविवार तक 25,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा जा चुका है। वहीं मैनिटोबा ने आपातकाल की घोषणा कर दी है और वहां से 17,000 से अधिक लोगों को निकाला गया है। अल्बर्टा से 1,300 और सस्केचेवान से करीब 8,000 लोगों को सुरक्षित किया गया है। दूसरी ओर धुएं की वजह से कनाडा और अमेरिका के कुछ हिस्सों में वायु गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है। अमेरिका के नॉर्थ डकोटा, मोंटाना, मिनेसोटा और साउथ डकोटा में हवा खतरनाक स्तर तक पहुंच गई है।

जंगलों से फैली आग ने अब अपना भयंकर रूप ले लिया है। इसको लेकर सस्केचेवान के मुख्यमंत्री स्कॉट मोए ने कहा कि लगातार गर्म और सूखा मौसम आग को और फैलने का मौका दे रहा है। उन्होंने कहा कि अगले चार से सात दिन बेहद अहम हैं, जब तक बारिश न हो जाए।

मैनिटोबा के फ्लिन फ्लॉन कस्बे से 5,000 से ज्यादा लोग निकाले गए हैं। पास के क्रैनबेरी पोर्टेज में बिजली चली गई और 600 लोगों को अनिवार्य रूप से निकालना पड़ा। देखा जाए तो आग पास के सस्केचेवान क्षेत्र से शुरू हुई थी और जल्द ही मैनिटोबा तक फैल गई। वहीं धुएं के कारण वाटर बंबर्स (जल फेंकने वाले विमान) उड़ नहीं पा रहे हैं और एक ड्रोन के कारण बचाव अभियान भी बाधित हुआ है। हालांकि अमेरिका ने 150 दमकलकर्मी और एक एयर टैंकर कनाडा भेजने का वादा किया है।

## दुनिया पर कब्जे को चीन ने खेला बड़ा दाव, पाकिस्तान समेत 33 देश हुए शामिल

**बीजिंग एजेंसी।** चीन ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के समानांतर एक नया अंतरराष्ट्रीय मंच स्थापित कर दुनिया को चौंका दिया है। इस मंच का नाम है आईओएमइडीजिसका उद्देश्य वैश्विक विवादों को बातचीत और मध्यस्थता के माध्यम से सुलझाना बताया जा रहा है। इस नई पहल के पीछे चीन की वैश्विक सत्ता संतुलन को बदलने और वैश्विक शासन में अपनी भूमिका को मजबूत करने की रणनीति मानी जा रही है।

हांगकांग में आयोजित आईओएमइडी स्थापना सम्मेलन में एशिया, अफ्रीका, यूरोप और लैटिन अमेरिका के 85 देशों और लगभग 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के करीब 400 वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। सम्मेलन के दौरान 33 देशों ने औपचारिक रूप से समझौते पर हस्ताक्षर कर संस्थापक सदस्य का दर्जा हासिल किया। इनमें पाकिस्तान, इंडोनेशिया, लाओस, कंबोडिया और बेलारूस जैसे देश शामिल हैं। चीनी विदेश मंत्री वांग यी जो कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य भी हैं, ने कहा कि आईओएमइडी का गठन अंतरराष्ट्रीय कानून के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

## फिलिस्तीन को आजाद करो, नारे लगाते हुए भीड़ पर फेंका बम; अमेरिका में बड़ा हमला

**कोलोराडो, एजेंसी।**
अमेरिका के कोलोराडो में एक शख्स ने यहूदी कार्यक्रम के दौरान हमला कर दिया। मोलोटोव कॉकटेल (ज्वलनशील पदार्थ से भरी बोतल) से हुए इस अटैक में करीब 6 लोग जल गए हैं। खबर है कि हमलावर इस दौरान फ्री पेलेस्टीन जैसे नारे लगा रहा था। फिलहाल, पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। एफबीआई यानी फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन ने इसे आतंकी घटना करार दिया है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कोलोराडो के बोल्डर में इजरयाली बंधकों की याद में एक समूह इकट्ठा हुआ था। उस दौरान एक शख्स ने भीड़ पर मोलोटोव कॉकटेल्स फेंक दिए। साथ ही फ्लेमथ्रोअर से भी हमला किया। हमलावर की पहचान मोहम्मद साबरी सुलेमान के तौर पर हुई है। खबर है कि हमलावर भीड़



पर हमला करने के दौरान फिलिस्तीन को आजाद करो के नारे लगा रहा था।

बोल्डर पुलिस प्रमुख स्टीफन रेडफर्न ने बताया है कि एक शख्स के हथियार लिए घूमने और लोगों को जलाने की जानकारी मिलने के बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। हमले में घायल हुए 6 लोगों में सभी की उम्र 67 से 88 के बीच है। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कहा जा रहा है कि एक मरीज की हालत गंभीर है। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। माना जा रहा है कि इस घटना को उसने अकेले ही अंजाम दिया है और मौके पर कोई और संदिग्ध नजर नहीं आया। खास बात है कि इस हमले में वह खुद भी घायल हो गया है और अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह साफ नहीं हो सका है कि उसे कितनी चोटें आई हैं। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर ने लिखा, शुरुआती जानकारी के आधार पर इस आतंकवादी घटना की जांच विचारधारा से प्रेरित हिंसा की घटना के तौर पर की जा रही है। तथ्य सामने आने पर हम इन घटनाओं पर स्पष्ट रूप से बात करेंगे। पुलिस ने एक संदिग्ध व्यक्ति को मौके से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय मोहम्मद साबरी सोलिमान के रूप में हुई है। सीएनएन ने बताया कि सोलिमान ने पहले अमेरिका में शरण के लिए आवेदन किया था। 2005 में सोलिमान को अमेरिका में घुसने के लिए वीजा देने से मना कर दिया गया था। हालांकि, वह अमेरिका कब और कैसे आया, यह अभी तक साफ नहीं है। अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई ने शुरुआती जानकारी के आधार पर इसे आतंकी हमला बताया है। एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉन्जिनो ने कहा, ये हमला शुरुआती जानकारी के आधार पर वैचारिक नफरत से प्रेरित आतंकवादी घटना लगती है। जब सबूत साफ होंगे, तो हम पूरी जानकारी देंगे। बोल्डर के पुलिस प्रमुख स्टीव रेडफर्न ने कहा कि हमला शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे लोगों पर हुआ और पीड़ितों की चोटें दिखाती हैं कि उन्हें जलाने की कोशिश की।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद
(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/ 49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129